CMYK

अधिकतम :38°C
न्यूनतम :24°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 22 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 276 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 4 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी के कर्मचारियों-पेंशनरों को राहत, डीए 2 प्रतिशत बढ़ा पेज 2



हार्दिक पंड्या पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना खेल टाइम्स



इबोला का डर: नजर रखें और सतर्क रहें सम्पादकीय



पाकिस्तान के जरिये अमेरिका का नया युद्ध विराम प्रस्ताव पेज 12

# कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट ब्लॉक

शाह आज़म राना

**नई दिल्ली।** छह दिन पहले बनी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के इंस्टाग्राम पर गुरुवार शाम 5 बजे तक 1.5 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। यह देश की किसी भी पॉलिटिकल पार्टी से ज्यादा है।

इंस्टाग्राम पर कांग्रेस के 1.33 करोड़, भाजपा के 87 लाख, 'आप' के 19 लाख और सीपीआई (एम) के 2.35 लाख फॉलोअर्स हैं। सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी इस पार्टी के एक्स पर भी 1.93 लाख




■ CJP ने नया अकाउंट बनाया
■ इंस्टाग्राम पर 6 दिन में 1.5 करोड़ फॉलोअर्स

से ज्यादा फॉलोअर्स हो चुके थे। हालांकि, एक्स अकाउंट गुरुवार करीब 12 बजे ब्लॉक हो गया। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि जैसी आशंका थी, वैसा ही हुआ। सीजेपी का एक्स अकाउंट भारत में बैन कर दिया गया है। एक्स के मुताबिक उसने भारत में स्थानीय नियमों, कोर्ट के आदेश या कानूनी शिकायत के आधार पर कार्रवाई की है। इसके बाद संगठन ने नया अकाउंट बना लिया। 15 मई को सीजेआई सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी। इसके एक दिन बाद सीजेपी पार्टी बनाई गई थी।

# पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमजा मारा गया

**इस्लामाबाद।** पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी है। यह घटना मुजफ्फराबाद में हुई, जहां उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गईं।

गोलियों से छलनी आतंकी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वह 2017 में यह कहकर पाकिस्तान गया था कि वह उच्च शिक्षा के लिए जा रहा है, लेकिन बाद में वह आतंकी संगठन अल-बद्र में शामिल हो गया और जल्दी ही कमांडर बन गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुजफ्फराबाद के एआईएसएएस कॉलेज के बाहर हमजा की कार सड़क पर जाम में फंसी हुई थी, तभी हमलावरों ने उस पर कई गोलियां चलाईं,



■ पीओके के मुजफ्फराबाद में अज्ञात हमलावरों ने गोलिया बरसाई
■ गोलियों से छलनी आतंकी ने मौके पर ही दम तोड़ा

जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर बाइक से आए थे और उन्होंने बुर्का पहन रखा था। अल-बद्र में शामिल होने के बाद वह कश्मीर लौटा। उस पर दक्षिण कश्मीर में युवाओं को कट्टरपंथ की ओर ले जाने और उन्हें आतंकी संगठनों में शामिल करने का आरोप था। उसका नेटवर्क मुख्य रूप से दक्षिण कश्मीर में सक्रिय था। हमजा बुरहान को केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में आतंकवादी घोषित किया था। रिपोर्ट्स की मानें, तो पाकिस्तान में हमजा अपनी पहचान छिपाने के लिए एक स्कूल में प्रिंसिपल के तौर पर काम कर रहा था। अपने लोगों के बीच वह डाक्टर के नाम से प्रसिद्ध था। हमजा ने कश्मीर में रहने के दौरान उसने पुलवामा से शोपियां तक अपना नेटवर्क फैलाया। उसकी मौत को पाकिस्तान स्थित आतंकी नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वह उन प्रमुख लोगों में से था, जो जम्मू-कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तान- आधारित आतंकी संगठनों के लिए काम करते थे। हमजा मारे गए आतंकियों अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी सहयोगी था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुरहान का असली नाम अर्जुमंद गुलजार डार है। हमजा बुरहान पुलवामा के रत्नीपोरा का रहने वाला था। 2017 में पाकिस्तान जाकर हमजा आतंकवादी संगठन अल बद्र में शामिल हो गया। अल बद्र को भारत में एक आतंकी संगठन के तौर पर लिस्ट किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कैलाश मानसरोवर के लिए एक हजार यात्रियों का चयन

**नई दिल्ली।** पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए इस वर्ष एक हजार यात्रियों का चयन किया गया है। यह यात्रा जून में शुरू होकर अगस्त में संपन्न होगी। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 के यात्रियों के चयन के लिए कम्प्यूटरीकृत ड्रा किया। इस ड्रा में निष्पक्ष और कंप्यूटर-आधारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से एक हजार यात्रियों का चयन किया गया। चुने हुए यात्री लिपुलेख और नाथू ला दर्रे से होते हुए 20 बैचों में यात्रा करेंगे, जिनमें से प्रत्येक बैच में 50 यात्री होंगे। दोनों मार्ग अब मोटर चालन के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हो गए हैं और इनमें बहुत कम ट्रैकिंग मार्ग शामिल है।

### ई-सिगरेट तस्करी पर कार्रवाई, 120 करोड़ रुपये का माल जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की एजेंसी राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में ई-सिगरेट की तस्करी करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 120 करोड़ रुपये मूल्य की 3,00,000 ई-सिगरेट अथवा वेप्स जब्त की है। वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार डीआरआई ने प्रतिबंधित निकोटीन उत्पादों के अवैध आयात के विरुद्ध पिछले कुछ दिनों में इन राज्यों के कुछ बंदरगाहों, हवाई अड्डों और आईसीडी (सूचना नियंत्रण केंद्र) में चलाए गए अपने अभियान में व्यापक स्तर पर ई-सिगरेट (वेप) तस्करी के एक गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है।

### अभिषेक के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से हाईकोर्ट का इन्कार

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इन्कार कर दिया। यह मामला पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ टिप्पणी करने से जुड़ा है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने याचिका को खारिज करते हुए श्री बनर्जी की कथित तौर पर की गई टिप्पणियों की गैर-जिम्मेदाराना प्रकृति पर सवाल उठाए।

# उप्र, मप्र व हरियाणा में मिस्र व सऊदी अरब जितनी गर्मी

## नौतपा से 4 दिन पहले ही 48 डिग्री पहुंचा पारा, यूपी में गर्मी से 8 छात्राएं बेहोश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है, लेकिन उससे पहले ही तापमान 48 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। यह आंकड़ा उत्तर प्रदेश के बांदा में रिकॉर्ड हुआ। तापमान के लिहाज से 20 मई को बांदा दुनिया का तीसरा सबसे गर्म शहर रहा। बांदा से ज्यादा तापमान केवल मिस्र के असवान में 49.4 डिग्री सेल्सियस और सऊदी अरब के अराफात में 48.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

दुनियाभर में सबसे ज्यादा तापमान वाले टॉप-5 शहरों में खजुराहो 47.4 डिग्री सेल्सियस के साथ चौथे नंबर पर रहा। इधर, बलरामपुर में भीषण गर्मी के कारण कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पढ़ाई के दौरान 8 छात्राएं बेहोश हो गईं। सभी को उल्टी, सिरदर्द और बेहोशी जैसी शिकायतें -शेष पृष्ठ दो पर



बांदा से ज्यादा तापमान मिस्र के असवान में 49.4 डिग्री और सऊदी के अराफात में 48.4 डिग्री सेल्सियस रहा

### दिल्ली में मई की सबसे गर्म रात, टूटा 15 साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मई महीने की अब तक की सबसे गर्म रात दर्ज की गई, जब न्यूनतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।यह पिछले लगभग 15 वर्षों में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। इससे पहले 26 मई 2012 को न्यूनतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार सफदरजंग और लोधी रोड सहित कई स्टेशनों पर रात में गर्म मौसम की स्थिति रही। गर्म रात तब घोषित की जाती है, जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहता है और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस अधिक होता है।

# बंगाल के सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना हुआ अनिवार्य

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** सरकार ने राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश 19 मई को जारी किया गया।

जानकारी गुरुवार को सामने आई। सरकार के आदेश के मुताबिक, यह नियम सरकारी माडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त और बिना सहायता प्राप्त मदरसों पर तुरंत लागू होगा। नए आदेश के बाद अब क्लास शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना सभा (असेंबली) में वंदे मातरम गाना जरूरी होगा। इससे पहले मदरसों में सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान जन गण मन और कवि गुलाम मुस्तफा की अनंत असीम प्रेममय तुमी (बांग्ला गीत) गाया जाता था। अब सभी मदरसों को इस आदेश को लागू करने के बाद इसकी रिपोर्ट भी विभाग को सौंपनी होगी। 12 दिनों में बंगाल सरकार के 12 बड़े फैसले लिए हैं, जिनमें बीएसएफ को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन सौंपना- भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा मजबूत करने और बाड़ (फेंसिंग) लगाने के लिए बीएसएफ को 600 एकड़ जमीन 45 दिनों के भीतर दी जाएगी, जिससे सीमा से जुड़ा पुराना विवाद खत्म होगा। बंगाल में सीसीए की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, सीसीए के तहत आने वाले 7 समुदायों और 31 दिसम्बर 2024 तक भारत आए लोगों को नागरिकता कानून का लाभ मिलेगा। पुलिस उन्हें हिरासत में नहीं ले सकेगी।

■ राज्य में सीसीए लागू, BSF को फेंसिंग के लिए जमीन दी, 12 दिन में सरकार के 12 बड़े फैसले

### आरजी कर केस: कलकत्ता हाईकोर्ट का सीबीआई को दोबारा जांच का आदेश

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजीकर रेप-मर्डर केस को दबाने के आरोपों की जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने सीबीआई की 3 सदस्यीय एसआईटी बनाने का आदेश दिया। जिसकी अगुवाई सीबीआई के पूर्वी क्षेत्र के जॉइंट डायरेक्टर करेंगे। एसआईटी को 25 जून तक रिपोर्ट देनी होगी। हाईकोर्ट ने सीबीआई को उस रात के पूरे घटनाक्रम की दोबारा जांच करने को कहा है। साथ ही कोर्ट ने सीबीआई को जरूरत पड़ने पर किसी से भी पूछताछ करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने यह आदेश पीड़ित के माता पिता की तरफ से लगाई याचिका पर दिया। पिछले साल 17 मार्च को पैरेंट्स ने सीबीआई पर केस की सही जांच नहीं करने और मामले को दबाने का आरोप लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की परमिशन दी थी। आरजी कर हॉस्पिटल में 8-9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डाक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डाक्टर की लाश सेमिनार हॉल में मिली थी। 20 जनवरी 2025 को सेशंस कोर्ट ने आरोपी संजय राय को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

# एयर इंडिया के विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

**नई दिल्ली।** बंगलूरु हवाई अड्डे पर उतरते समय गुरुवार को एयर इंडिया के एक विमान में टेलस्ट्राइक की घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से आ रहा विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और चालक दल और यात्री सामान्य रूप से विमान से उतर गए।

दरअसल, टेकऑफ या लैंडिंग के दौरान जब विमान का पिछला हिस्सा रनवे के संपर्क में आता है, तब टेलस्ट्राइक की घटना होती है। टेलस्ट्राइक के बाद सभी

■ चालक दल सहित सभी यात्री सामान्य रूप से विमान से उतरे

विमानों की संरचनात्मक समस्याओं के लिए जांच की जाती है। इस विमान में कुल 181 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि टेलस्ट्राइक की घटना के बाद एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2651, जो एक नैरो-बॉडी एयरबस ए321 है, उसको निरीक्षण के लिए रोक दिया गया है।

### नीट पेपर लीक केस में लातूर से डाक्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक में सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से एक डाक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि डा. मनोज शिरुरे ने बेटे के लिए आरसीसी कोचिंग के संचालक और आरोपी शिवराज मोटेगांवकर उर्फ 'एम सर' से गेस पेपर खरीदे थे। सीबीआई ने बुधवार को पुणे में पूछताछ के बाद अरेस्ट कर लिया। जानकारी गुरुवार को सामने आई है। इस मामले में किसी पेरेंट्स की यह पहली गिरफ्तारी है। नीट पेपर लीक में यह 11वीं गिरफ्तारी है।

# नैनीताल: भवाली के पास कार 200 मीटर खाई में गिरी

## दंपति व दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत, कार के परखच्चे उड़े

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में गुरुवार को एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ लग गई। सभी लोगों ने मृतकों को खाई से बाहर निकालने में हर संभव मदद की।

गुरुवार को भवाली सेनिटोरियम के रातीघाट बाईपास में यूपी नंबर की एक कार ढैला गांव के समीप अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा



■ राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर जताया दुख

गिरी। कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में मूल रूप से खटीमा निवासी पति-पत्नी और उनके दो बच्चों समेत यूपी के लखनऊ निवासी चालक शामिल था। जानकारी के मुताबिक इलेक्ट्रिक महिंद्रा कार (यूपी-32-क्यूक्यू 1874) ढैला गांव से कुछ दूर पहले अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। वाहन में सवार पांच लोगों की मौके पर ही -शेष पृष्ठ दो पर

# मंत्री पद की शपथ लेते हुए विधायक बोले 'राहुल गांधी जिंदाबाद'

चेन्नई, वार्ता

**तमिलनाडु में** विजय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में गुरुवार को फिर विवाद हो गया। कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार ने शपथ के दौरान 'कामराज अमर रहें', 'राजीव गांधी अमर रहें' और 'जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद' कहा। इस पर गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने टोक दिया। गवर्नर ने कहा कि ये आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है।

वहीं, दूसरा विवाद तमिल गीत बजाने को लेकर भी हुआ। समारोह में तमिलनाडु का राज्य गीत 'तमिल



■ तमिलनाडु में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार को राज्यपाल ने बीच में ही टोका

थाई वाल्थु' सबसे आखिर में बजाया गया। पिछली सरकारों में ये हमेशा पहले बजाया जाता था। तमिलनाडु में सीएम विजय की कैबिनेट का विस्तार हुआ, जिसमें 23 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दो कांग्रेस के विधायक भी शामिल हैं। किलियूर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक दल के नेता एस. राजेश कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने 'कामराज अमर रहें', 'भारत रत्न राजीव गांधी अमर रहें' और 'जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए। इस पर राज्यपाल ने मुस्कुराते हुए कहा कि 'यह आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है।' राजेश कुमार भी मुस्कुराए और इसके बाद शपथ दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने चले गए। तमिलनाडु में परंपरा के मुताबिक सरकारी कार्यक्रमों में 'तमिल थाई वाल्थु' पहले बजाया जाता रहा है। अब क्रम बदल गया है। शपथ समारोह की शुरुआत में सबसे पहले राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' और फिर राष्ट्रगान 'जन गण मन' बजाया गया। सबसे आखिर में तमिलनाडु का राज्य गीत 'तमिल थाई वल्थु' बजाया गया।

# सियासी फैसले की आलोचना करना उल्लंघन नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम प्रसाद की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने कहा कि राजनीतिक फैसलों की आलोचना व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में मानहानि का मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने

■ सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बाद कोर्ट पहुंचे थे राघव चड्ढा

यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी बदलना एक सार्वजनिक फैसला है। अदालत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से बने वीडियो पर भी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि यदि इन वीडियो पर आपत्ति है, तो विशेष याचिका दाखिल करें। व्यापक रोक लगाने की मांग नहीं की जा सकती।

CMYK

## एक नजर

### शिविर में 250 का स्वास्थ्य परीक्षण



**नहटौर।** एआईएमआईएम विधानसभा अध्यक्ष सभासद महफूज उर्फ गुड्डू के आवास पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद रशीद ने किया। इसमें 250 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और मुफ्त दवाएं प्राप्त की। मौहल्ला मौलवियान में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर मे चिकित्सक जासिर, वल्लाला चेतन, धृति, मिताली ने मरीजों की जांच की। उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी। स्वस्थ रहने के लिए किस प्रकार से खान पीन रखना चाहिए। इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। सभासद मुकेश गुप्ता, सभासद मोबीन, सभासद रियासत, शबाहत नंबरदार, कासिम मंसूरी, मजहिर मंसूरी, फरमान वकील, सईद परवेज, शहजाद अहमद, अयाज, फैजान, बब्बू, सर्वर, काजी जमाल, नसीर, नावेद इकबाल, साबिर अंसारी, हमशाद, इलियास, आबिद, बुंदू, आसिफ, सरताज, शमशाद, असलम, शादाब, काका, इकबाल नंबरदार, अकरम और इब्राहिम सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल से आने-जाने के लिए दो दिनों तक नि:शुल्क बस सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### विव्रत सागर का लिया आशीर्वाद



**नजीबाबाद।** दिगंबर जैन साधु श्रमण विव्रत सागर का श्री दिगंबर जैन मंदिर में आगमन हुआ। जैन समाज के श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद लिया और प्रवचन सुने। उन्होंने अहिंसा, सदाचार और दिगंबर जैन धर्म से जुड़े विभिन्न उपदेश दिए। उन्होंने जीवन में संयम, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक प्रवचन सुने और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में पारसनाथ जैन, दीपक जैन, जितेंद्र जैन, भाविक, शिवांश, मनोज कुमार, सिद्धार्थ, राहुल, राजीव, जनेश्वर प्रकाश, रश्मि, रिंकू, मानवी, रेना, पूनम, संयम आदि उपस्थित रहे।



### बलात्कार में मोनू गिरफ्तार

**नूरपुर।** क्षेत्र के एक ग्राम की निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह और उनका पति एक किसान परिवार के यहां काम करते हैं। सोमवार को उसका पति खेत पर पानी लगाने जंगल गया था, जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा, तो वह उसे देखने जंगल की तरफ चली गई। जंगल जाते समय ढेला अहीर ग्राम निवासी मोनू ने उसे गन्ने खेत में खींच लिया। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। उसके साथ बलात्कार किया। इसी दौरान पीड़िता के पति को आता देख कर आरोपी मोनू मौके से फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### संदिग्धों की तलाशी अभियान

**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीव से संबंधित अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने के लिए वन क्षेत्राधिकारी ढेला एवं वन क्षेत्राधिकारी झिरना द्वारा संयुक्त रूप से ढेला बैराज, गूजर कैम्प तथा ढेला गूजर झालों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में निवासरत व्यक्तियों एवं उनकी गतिविधियों का गहन परीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारी संकलित की गई। झिरना रेंज अंतर्गत झूल्लूमोड़ क्षेत्र के पत्थरकुआं में

# पूर्व पीएम राजीव गांधी को श्रद्धांजलि

## पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेसियों ने भारत रत्न व कम्प्यूटर क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी पूण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर एवं जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज जिला कांग्रेस कार्यालय पर आधुनिक भारत के निर्माता एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हुमायूं बेग ने की। वक्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के देश के प्रति योगदान, युवा सोच, तकनीकी विकास एवं भारत को आधुनिक दिशा देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अध्यक्ष हुमायूं बेग ने में कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश को आधुनिक भारत की नई दिशा देने का कार्य किया।

उन्होंने युवाओं को तकनीक, शिक्षा और विकास से जोड़कर देश को 21वीं सदी की तरफ अग्रसर किया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को राजीव गांधी के विचारों और उनकी दूरदर्शी सोच से प्रेरणा लेकर देश एवं समाज की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा देश को जोड़ने और लोकतंत्र को मजबूत करने की विचारधारा है तथा युवाओं को कांग्रेस की सदस्यता लेकर संगठन के साथ जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है और कांग्रेस के साथ जुड़कर ही युवा सामाजिक, राजनीतिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना सकता है। कार्यक्रम का संचालन मौहम्मद हनीफ महासचिव शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नीरज चौधरी, विनोद तोमर, मुनीश त्यागी, गुलशन कुमार, श्रीमती मीनू गोयल, मौहम्मद अकबर, हाजी नसीम अंसारी, काजी आतिफ अली, अब्दुल समद आजाद , मौहम्मद सलीम, फारूख खान, हरिराज सिंह, जमशेद, मौहम्मद रफत, शमीम कुरैशी, सविता सिंह, सय्यद शारिक अली, नदीमुद्दीन, जाफर हसनैन, मौहम्मद नादिर मलिक, मौहम्मद फहीम, इब्राहीम, कमरुन्निसा, नदीम अहमद आदि उपस्थित रहे।

### दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक में मुकदमा दर्ज

**नगीना।** पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। मौहल्ला कलालान निवासी कुलजुम फरहा पुत्री शकील अहमद का निकाह 12 मार्च 2023 को आसिम अंसारी पुत्र नफीस (निवासी: मकान नंबर 4415, मस्जिद घाटा मस्जिद, दरियागंज, दिल्ली) के साथ हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि शादी में मिले सामान से उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे। वह उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर 28 फरवरी 2024 को आरोपियों ने पीड़िता के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसे खाली हाथ घर से बाहर निकाल दिया। तब से पीड़िता मायके में रही थी। 25 मई 2025 को सुबह करीब 11:00 बजे पति आसिम, सास जुबैरा और दोनों ननदें पीड़िता के भाई के घर नगीना पहुंचे। पीड़िता ने शिष्टाचार के नाते उनकी आवभगत की। भोजन करने के बाद आरोपियों ने फिर से पांच लाख रुपए की मांग दोहराई। जब कुलजुम फरहा ने कहा कि उसके माता-पिता बीमार रहते हैं और वे यह मांग पूरी करने में असमर्थ हैं, तो आरोपी भड़क गए। आरोपियों ने घर के अंदर ही पीड़िता को लात-घूसों और थप्पड़ों से बुरी तरह पीटा। इसी बीच, अपनी मां और बहनों के उकसाने पर पति आसिम अंसारी ने पीड़िता को तीन तलाक दे दिया। विवाहिता की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी फारुख अंसारी व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। लोगों को इकट्ठा होता देख आरोपी आइंदा मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता कुलजुम फरहा की लिखित शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी पति आसिम, सास जुबैरा, ननद नाहिद और हुमैरा के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सोहान सिंह पुंडीर को सौंपी गई है।

### पेयजल पाइपलाइन लीकेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भागूवाला क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में सरकार की पेयजल योजना के तहत बनाई गई टंकी की पाइपलाइन में लीकेज की समस्या तीन माह बाद भी बनी हुई है। ग्रामीणों द्वारा जल निगम के अधिकारियों को शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक मरम्मत नहीं हो पाई है। तीन महीने पहले जल निगम अधिकारियों को लीकेज की जानकारी दी गई थी। उस समय जल निगम के अधिशासी अभियंता ने जल्द टीम भेजकर समस्या के समाधान का आश्वा. सन दिया था। हालांकि, यह लीकेज अभी तक ठीक नहीं हो पाए हैं।गांव में अभी भी लगभग 20 से 30 घरों में पेयजल कनेक्शन नहीं लग पाए हैं, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि शेष बचे कनेक्शन भी जल्द से जल्द लगाए जाएं। इस विषय पर जब जल निगम के अधिकारी शुभम सक्सेना से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि वे संबंधित जेई से बात करेंगे।

# आशा वर्कर्स ने डॉक्टरों पर लगाए गंभीर आरोप

## कैंप में आपत्तिजनक शब्द बोले गए, पद से हटाने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन के बैनर तले सैकड़ों आशा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन लाभार्थियों और आशा कार्यकर्ताओं के साथ डॉक्टरों द्वारा कथित दुर्व्यवहार और शोषण के आरोपों के विरोध में किया गया।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 19 मई को सीएचसी हल्दौर में आयोजित नसबंदी शिविर के दौरान लाभार्थियों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की गई। आशा कार्यकर्ताओं के अनुसार, डॉक्टर ने महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उन्हें शर्मिंदगी उठानी पड़ी। आशा कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि नसबंदी प्रक्रिया के दौरान डा. जितेंद्र और डा. राजीव द्विवेदी ने ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में बाहरी पुरुषों को बुलाया। उन्होंने एसी उतारने के बहाने लाभार्थियों का मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें सीएचसी पर लगातार परेशान किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी आशा कार्यकर्ताओं ने इस ज्ञापन की प्रतियां प्रधानमंत्री, सीएम और स्वास्थ्य मंत्री को भी भेजी हैं। उन्होंने आशाओं और लाभार्थियों के शारीरिक व मानसिक शोषण को तुरंत रोकने की मांग की है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सीएचसी हल्दौर की व्यवस्था में सुधार करने और डॉक्टरों को उनके पदों से हटाने की भी मांग की। इस प्रदर्शन में सुमन, उमा, सुदेश, अर्चना, मिथिलेश, तबस्सुम, पंकज देवी, पुष्पा देवी, रश्मि, नीता देवी, कविता, विनोद, सरिता, पूनम, राखी, वसीम, रेखा, सोनिका, सीता, शीतल, गीता शर्मा, रीना, नसरीन, ममता चौधरी, लोकेश, नीतू आदि आशा कार्यकर्ता मौजूद थीं।

## एक नजर

### विद्युत कटौती को लेकर बैठक



**बरूकी।** जनपद में अघोषित बिजली कटौती को लेकर आज किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं की एक बैठक ग्राम शाहपुर सैदू में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा रात में चार से पांच घंटे की विद्युत कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी के चलते विद्युत कटौती होने से जनता बहुत परेशान है। विकास चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग दिन में खेतों में काम करते हैं और रात्रि में विद्युत कटौती होने के कारण आराम नहीं कर पाते। विकास चौधरी ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी अपने फोन बंद कर लेते हैं और किसी की समस्या सुनने को तैयार नहीं है। बैठक के दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा निर्णय लिया गया कि विद्युत कटौती की समस्या को लेकर 25 मई को जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। समस्या का समाधान न होने पर विद्युत कटौती की समस्या को लेकर जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, सुनील कुमार, महिपाल सिंह, नितिन कुमार, कपिल कुमार, सजाउद्दीन मलिक, मुस्तकीम अंसारी, वीरेंद्र सिंह, अमित कुमार, अवनीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी में जनजीवन अस्त-व्यस्त



**चांदपुर।** पिछले कई दिनों से लगातार पड़ रही चिलचिलाती गर्मी में जहां आम जनमानस परेशान है, वहीं बाजारों में भी सन्नाटे से पसरे हुए हैं। जिससे व्यापारी ज्यादातर हाथ पर हाथ धरे बैठने को मजबूर है। गर्मी का आलम ये है कि दोपहर 12 बजे से लेकर शाम चार बजे तक सड़कों व बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। बेहद जरुरी काम के लिए लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। पारा 40 डिग्री के पार होने से इंसान ही नहीं, पशु-पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। उधर लोगों का कहना है कि मौसम विभाग ने भी इस समय सावधानी बरतने की सलाह दी है। जिसमे लोगों से तेज गर्मी में घरों से निकलने के लिए भी मनाही है। फिलहाल ईद उल अजहा के त्यौहार को लेकर बाजारों में भी पशुओं की खरीद फरोख्त कम हो रही है। उधर तालाबों के पानी सूख जाने से भी पशु पक्षियों का भी जीना दुश्वार हो रहा है। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी व लू चलने से हर आमजन प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि यदि एक दो दिन में गर्मी में कमी नहीं आई या बारिश नहीं हुई, तो हालात और खराब होंगे और बड़ी संख्या में पशु पक्षी बे मौत मरेंगे।

### पत्रकार की भतीजी का इंतकाल



**हल्दौर।** नगर निवासी पत्रकार इरतजा सलमानी के भतीजे मौहम्मद वहाब की 15 वर्षीय पुत्री अदीबा का टाइफाइड के चलते ऋषिकेश एम्स में 19 मई की रात इंतकाल गया। अदीबा को 14 मई को बुखार आया था। जिसे उपचार के लिए बिजनौर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां से कोई आराम न होने पर ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया, जहां अदीबा ने उपचार के दौरान रात डेढ़ बजे दम तोड़ दिया। जिसका दफीना बुधवार को बाद नमाज असर किया गया। अदीबा एक होनहार खुश मिजाज लड़की थी। जो नगर के इंग्लिश मीडियम स्कूल एससीएम की नवीं कक्षा की छात्रा थी। अदीबा की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

### आवारा कुत्तों का पशु पर हमला

**बढ़ापुर।** मौहल्ला बस स्टैंड निवासी कुंवर सिंह ने घर के बाहर ही पशुपालन कर रखा है। सभी पशु घर के बाहर ही बंधे हुए थे। रात में किसी समय आवारा कुत्तों के झुंड ने दस महीने के कटरे पर हमला कर मार डाला। घटना का पता सुबह होने पर तब चला, जब आधा दर्जन कुत्ते मृत पड़े कटरे को नोंच रहे थे। मौहल्लेवासियों का कहना है कि बस स्टैंड पर दर्जनों आवारा कुत्तों का आतंक है। जो पशुओं के साथ-साथ इंसानों पर भी हमलावर हो रहे है। पैदल व बाइक सवारों के पीछे काटने को दौड़ते है। नागरिकों ने नगर पंचायत से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। इस संबंध में ईओ रविशंकर शुक्ला का कहना है कि जल्द ही अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़वाया जाएगा तथा टीकाकरण का कार्य भी कराया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र, मप्र व...** थीं। इनका इलाज चल रहा है। बुधवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, ओडिशा और महाराष्ट्र के 16 शहरों में भी तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। महाराष्ट्र के वर्धा में 47.1 डिग्री सेल्सियस, हरियाणा के रोहतक में 46.9 डिग्री सेल्सियस, महाराष्ट्र के नागपुर में 46.6 डिग्री सेल्सियस और मध्य प्रदेश के नौगांव में भी पारा 46.6डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बांदा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के मौसम वैज्ञानिक डा. दिनेश के मुताबिक देश में बांदा में सबसे ज्यादा तापमान होने के पीछे मुख्य कारण इसका कर्क रेखा के नजदीक होना है। इसके अलावा सीधी धूप, साफ आसमान, मिट्टी में नमी की कमी वाला पठारी इलाका, सूखती नदियां, जंगलों की कटाई और खनन शामिल हैं। दुनिया का सबसे ज्यादा तापमान 10 जुलाई 1913 को अमेरिका की डेथ वैली में रिकॉर्ड किया गया था। वहां 56.7 डिग्री सेल्सियस तापमान था। दुनिया की सबसे गर्म जगहों में ईरान के रेगिस्तान दश्त-ए-लुट का नाम शामिल है। 2005 में यहां जमीन की सतह का तापमान लगभग 70.7 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड हुआ था। भारत में आधिक. ारिक सबसे ज्यादा तापमान 51.0 डिग्री सेल्सियस फलोदी में 19 मई 2016 को रिकॉर्ड किया गया था। मानसून का आगे बढ़ना भी रुक गया है। फिलहाल वह तीन दिन से एक ही स्थान अंडमान-निकोबार और कोल. ंबो के आसपास अटका हुआ है। इसे आगे बढ़ने के लिए कोई भी ताकत नहीं मिल रही है। मौसम विभाग ने बताया कि गुरुवार से पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में मौसम बदलने लगेगा। अरुणाचल, असम, मेघालय में कुछ जगह भारी से भारी बारिश की चेतावनी है, जबकि तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, लक्षद्वीप, कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 24 मई तक बारिश का अच्छा दौर रह सकता है। बाकी देश तपता रहेगा।

**नैनीताल...** मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त खटीमा मेन बाजार निवासी भूपेंद्र सिंह चुफाल (48) उनकी पत्नी सीमा कैड़ा चुफाल (45) बेटा वासु चुफाल (19) और बेटी रावी (12) के रूप में हुई वहीं वाहन चालक अनुज कुमार मिश्रा (34) पुत्र दया सागर मिश्रा निवासी अफसर नगर एलपीजी गोदाम आलम नगर लखनऊ की भी दुर्घटना में मृत्यु हो गई। लोगों के मुताबिक हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। एक महिला और एक पुरुष का शव क्षतिग्रस्त वाहन से निकाला गया। जानकारी के अनुसार भूपेंद्र सिंह एक निजी मेडिकल कंपनी में लखनऊ में सीईओ थे। बीरवार को वह अपनी कार में सवार होकर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ भवाली गांव स्थित रिश्तेदार राज. ेश रावत के रिजॉर्ट की तरफ जा रहे थे, लेकिन रिजॉर्ट पहुंचने से करीब चार किमी पहले ही एक मोड़ पर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूबे के राज्यपाल ले. जनरल गुरुमीत सिंह (सेनि.) ने भी वाहन दुर्घटना में मृतकों के प्रति गहरा दुख जताया है। राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। मौके पर एसपी क्राइम नैनीताल डा. जगद. ीश चंद्रा, सीओ रविकांत सेमवाल तथा कोतवाल प्रकाश मेहरा, एसआई आरिफ खान समेत एसआई मनोज भाकुनी, हैड कांस्टेबल महेंद्र सिंह, कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार, एफएम नितेश खेतवाल, कांस्टेबल सतीश पांडे, होमगार्ड रोहित कुमार समेत लखन सिंह व जीवन सिंह ने शवों को खाई से निकालने में मदद की।

# आर्थिक नीति में व्यापक बदलाव जरूरी: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बिगड़ती अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए की मांग

कांग्रेस ने कहा है कि कमजोर निवेश माहौल और बिगड़ती आर्थिक स्थिति को देखते हुए देश की अर्थव्यवस्था में सुधार जरूरी है और इसके लिए आर्थिक नीति में तत्काल व्यापक बदलाव करने की महती आवश्यकता है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर माहौल इतना खराब हो गया है कि सरकार के समर्थक भी अब सार्वजनिक रूप से चिंता व्यक्त करने लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि मुद्रास्फीति के अनुमान तेजी से बढ़ रहे हैं, जबकि आर्थिक विकास दर के अनुमान घट रहे हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में गिरावट जारी है और आपूर्ति श्रृंखला के कुप्रबंधन की स्थिति ऐसी हो गई है कि प्रधानमंत्री को खुद उपभोक्ताओं से खपत कम करने की अपील करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से इन मुद्दों को उठाती रही है और इनमें सबसे महत्वपूर्ण कमजोर निवेश माहौल है। उनका कहना था कि निजी निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि के बिना आर्थिक विकास को तेज और टिकाऊ नहीं बनाया जा सकता, लेकिन वास्तविक मजदूरी में ठहराव, उपभोक्ता मांग में कमी, नीतिगत अस्थिरता, कर नोटिस, छापों और जांच एजेंसियों के दबाव के कारण निवेश का माहौल प्रभावित हुआ है। रमेश ने आरोप लगाया कि चीन से सस्ते आयात की 'डंपिंग' ने विनिर्माण क्षेत्र को नुकसान पहुंचाया है तथा सरकार समर्थित कारोबारी एकाधिकार और 'चंदा लो, धंधा दो' की संस्कृति ने स्वतंत्र निवेश की भावना को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट कर दरें रिकॉर्ड निचले स्तर पर हैं और कंपनियों की कमाई बढ़ रही है, लेकिन निवेश में गति नहीं दिख रही है जबकि कई बड़े निवेशक विदेशों में निवेश कर रहे हैं।

### हाथरस कांड की दोबारा हो जांच, कार्रवाई नहीं होने का जवाब दे सरकार : लाम्बा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश के हाथरस सामूहिक दुष्कर्म मामले पर बनी डॉक्यूमेंट्री में कई तथ्य और सबूत सामने आए हैं, लेकिन अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए पूरे प्रकरण की दोबारा जांच कराई जानी चाहिए। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाथरस में 14 सितम्बर 2020 को एक दलित युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी और 29 सितम्बर को उसकी मृत्यु हो गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 30 सितम्बर की आधी रात पुलिस ने परिवार की सहमति के बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया, जिससे पूरे मामले पर गंभीर सवाल खड़े हुए। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन ने पीड़ित परिवार की एक नहीं सुनी तथा परिवार के सदस्यों को कथित रूप से घर में सीमित कर दिया गया और बेटी का चेहरा तक नहीं देखने दिया गया।

### कठुआ जिले में ड्रग माफिया के खिलाफ अभियान

**जम्मू।** कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को कठुआ जिले में ड्रग माफिया के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत यहां जेल में बंद एक कैदी की अचल संपत्ति ज़ब्त कर ली।

पुलिस ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहिता शर्मा और अन्य अधिका. रियों के निर्देशों के तहत पूरी की गई। अभियान के दौरान छह कनाल 18 मरला ज़मीन और बेसमेंट वाले एक मंज़िला रिहायशी मकान (जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग सात करोड़ रुपये है) वाली अचल संपत्ति को ज़ब्त किया गया। यह संपत्ति पीआईटी-एनडीपीएस के तहत हिरासत में लिए गए एक कैदी हरपाल सिंह उर्फ बलोची की थी, जो वार्ड नंबर 13, तहसील और जिला कठुआ का रहने वाला है।

# नाबालिग विशाल की घर वापसी

## भाजपा नेता मौसम चौधरी की मौजूदगी में शुद्धिकरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धर्म परिवर्तन मामले में कश्मीर से सकुशल बरामद किए गए नाबालिग विशाल की घर वापसी के बाद भाजपा नेता मौसम चौधरी की मौजूदगी में मंदिर में उसका शुद्धिकरण कराया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाजपा नेता मौसम चौधरी के प्रयासों से पुलिस कुपवाड़ा से विशाल को सकुशल बरामद कर के लाई है। विशाल की वापसी के बाद बाखपुर गढ़ी ग्राम के शिव मंदिर में विधि-विधान के साथ शुद्धिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नेता मौसम चौधरी की मौजूदगी में उसका शुद्धिकरण कराया गया। भाजपा नेता मौसम चौधरी ने न सिर्फ परिवार के साथ खड़े होकर उसकी वापसी में सहयोग किया, बल्कि उसे अपनी सुपुर्दगी में लेकर ग्राम में पहुंच कर पूरे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद रहे। नाबालिग विशाल कश्मीर में हमजा नाम से रह रहा था। पुलिस टीम उसे सकुशल बरामद कर यहां लाई और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवक की वापसी की खबर मिलते ही ग्राम में लोगों की भीड़ जुटने लगी। इसके बाद भाजपा नेता मौसम चौधरी परिवार के साथ ग्राम में पहुंचे और बाखपुर गढ़ी स्थित शिव मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान के बीच विशाल का शुद्धिकरण कराया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और ग्रामीणों की भारी मौजूदगी के बीच यह कार्यक्रम चर्चा का केंद्र बना रहा। विशाल का कथित धर्म परिवर्तन शादी का झांसा देकर कराया गया गया था। पुलिस का कहना है कि ग्राम काजीवाला निवासी आरोपी वसीम पुत्र लियाकत को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने अपनी बेटी से शादी कराने का लालच देकर कुपवाड़ा में धर्म परिवर्तन कराया था। इस संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 380/2026 धारा 3/5 (1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म संपरिर्वतन प्रतिषेध अधिनियम 2021 पंजीकृत किया गया था।

## हेड ब्वाय व हेड गर्ल का चयन

**नजीबाबाद।** वालिया ग्लोबल एकेडमी में छात्राओं के लिए नेतृत्व चयन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक कमलकांत वालिया, श्रीमती इन्दू वालिया, मैनेजर रमाकांत वालिया, श्रीमती रूचिका वालिया, अश्विन वालिया एवं श्रीमती जाह्नवी वालिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं का चयन हेड ब्वाय, हेड गर्ल, स्पोटर्स कैप्टन एवं अन्य नेतृत्व पदों हेतु उनके आत्वविश्वास, अनुशासन एवं योग्यता व कार्य क्षमता के आधार पर किया गया। जिसमें हेड ब्वाय सिद्धार्थ डोडवाल, हेड गर्ल तनिष्का सिंह, वाइस हेड ब्वॉय ध्रुव त्यागी, वाइस हेड गर्ल याशिका राजपूत, स्पोटर्स कैप्टन छात्र पूर्व प्रताप सिंह बने।

## एक नजर

### शराब पीने से अनीस की मौत

**बिजनौर।** मौहल्ला खत्रियान स्थित ताज पैलेस के पास रहने वाला अनीस (21 वर्ष) पुत्र इब्राहीम उर्फ भूरा शराब पीने का आदी था। परिजनों के अनुसार अनीस अक्सर ज्यादा शराब पीता था। रात में भी उसने अत्यधिक शराब का सेवन किया था। आधी रात के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होते देख परिवार के लोग उसे तत्काल डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पड़ोसियों के मुताबिक परिवार अभी तक बड़े बेटे सलीम की मौत के सदमे से पूरी तरह उबर भी नहीं पाया था कि अब दूसरे बेटे की मौत ने उन्हें पूरी तरह तोड़कर रख दिया। क्षेत्र में हराम काम और नशाखोरी जमकर हो रही है। नशे के खिलाफ मुहिम चलाए जाने की जरूरत है। नशे ने सैकड़ों परिवारों को बर्बाद कर के रख दिया है।

### सांसद इलेवन ने जीता मैच



**नजीबाबाद।** स्टेब ग्राउंड में बीती शाम सांसद इलेवन और चेयरमैन इलेवन के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मैच खेला गया। इस मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम पहुंचे। मैच का आयोजन चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की ओर से कराया गया था। दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान में पूरी तैयारी और जोश के साथ उतरे। पहले बल्लेबाजी करते हुए सांसद इलेवन के बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया। सांसद इलेवन के खिलाड़ियों ने संयम और आक्रामकता का शानदार तालमेल दिखाते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेयरमैन इलेवन ने भी मुक.ाबले में वापसी की पूरी कोशिश की। टीम के बल्लेबाजों ने कई शानदार शॉट लगाए और मैच को रोमांचक बना दिया। कुछ समय के लिए ऐसा लगा कि चेयरमैन इलेवन मुकाबला अपने नाम कर सकती है, लेकिन सांसद इलेवन के गेंदबाजों और फील्डरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर पकड़ बनाए रखी। आखिरकार सांसद चंद्रशेखर इलेवन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के दौरान स्टेडियम में चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम के बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए थे।

### सांसद को सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन ने संगठनात्मक कार्यक्रमों की श्रृंखला में अपनी न्यायोचित एवं लंबित मांगों के समर्थन में सांसद चंद्रशेखर को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा सांसद को कर्मचारियों ने मैसेंजर एवं सशस्त्र गार्ड की भर्ती करने, कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, स्थाई कार्यों में आउट सोर्सिंग स्टाफ की तैनात को समाप्त करने, एनपीएस कर्मचारी को पेंशन फंड मैनेजर बदलने का विकल्प उपलब्ध कराने, पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने, कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित विभिन्न मांगों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों को संसद में मजबूती के साथ उठाया जाए, ताकि बैंक प्रबंधन कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने के लिए बाध्य हो सके। इसी क्रम में देश भर के भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारी 24 और 25 मई को पूर्णरूप से हड़ताल पर रहेंगे। 22 मई को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के बाहर मोमबत्ती जलाकर शान्ति पूर्ण रूप से प्रदर्शन भी किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान क्षेत्रीय सचिव कामरेड दीपक कुमार, आंचलिक सचिव कामरेड मोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

### कड़ी सुरक्षा में लेखपाल परीक्षा



**बिजनौर।** लेखपाल भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित हुई। प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नकल.विहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। परीक्षा के लिए कुल 12 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के लिए 5232 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। डीएम जसजीत कौर के निर्देश पर परीक्षा व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सभी व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है। प्रवेश एवं निकास द्वारों, गलियारों और परीक्षा कक्षों में कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा निर्बाध बिजली आपूति के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी की गई थी। प्रशासन ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए क्लॉक रूम, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई थी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी गई।

## एक नजर

### रसोईयों का विरोध प्रदर्शन



**बिजनौर।** प्रगतिशील रसोईया संगठन के बैनर तले रसोईयों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबो.धित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान रसोईयों ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें सबसे कम मानदेय दिया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि पिछले लगभग पांच माह से रसोईयों को मानदेय नहीं मिला है, जबकि पूर्व में भी मानदेय किस्तों में दिया जाता रहा है। रसोईयों ने बताया कि पांडिचेरी, तमिलनाडु, तेलंगाना और केरलम जैसे राज्यों में रसोईयों को उत्तर प्रद.ेश की तुलना में कई गुना अधिक मानदेय दिया जा रहा है, जबकि उत्तर प्रदेश में मात्र दो हजार रुपये मानदेय दिया जाता है। उन्होंने इसे 'बेगार' बताते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले का हवाला दिया, जिसमें रसोईयों के बेगार न कराने और न्यूनतम वेतन देने की बात कही गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि विद्यालयों में रसोईयों से खाना बनाने के अलावा सफाई, शौचालय साफ कराने और अन्य कार्य भी कराए जाते हैं। चुनावों के दौरान भी उनकी ड्यूटी लगाई जाती है। 18-19 वर्षों से कार्य करने के बावजूद उन्हें स्थायी नहीं किया गया है। रसोईयों ने मांग की कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन दिया जाए। स्थायी किया जाए तथा ईएसआई, पीएफ, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष रेखा, बबीता, फरजाना, आशा देवी, रीता, नीतू, शमशीदा, सलमा, शीला, बबली, पुष्पा, गुड्डी, नूर जहां आदि सहित बड़ी संख्या में रसोईयां शामिल रहे।

### समर कैंप में बच्चों का धमाल

**नजीबाबाद।** बाल सदन मोंटेसरी स्कूल में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रधानाचार्य श्रीमती किरण बाला ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में आयोजित होने वाले उत्सव, मेले, कैंप, प्रशिक्षण शिविर व समर कैंप आदि का उद्देश्य बच्चों में ज्ञानवर्धन, प्रतिभा सम्मान, बच्चों में जागृति व उत्साह का वर्धन करना होता है।

### भीषण गर्मी में बिजली ने सताया

**मंडावर।** भीषण गर्मी में जनता झुलस रही हैं। ऐसे में लाइट का गायब रहना जनता के लिए भारी मुसीबत बन रहा है। आज गर्मी ने अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। दोपहर में तो गर्मी ने ऐसा प्रचंड रूप धारण कर लिया, जनता धूप से झुलसती रही। बाहर निकलना जहां मुश्किल नजर आया वहीं घरों में लाइट की आंख मिचौली लोगों को पसीना पसीना कर रही थी। आज की चिलचिलाती धूप तंदूर की तरह तपती नजर आई। बार-बार लाइट का गायब होना और काफी काफी देर तक न आना लोगों के लिए भारी मुसीबत बना रहा। जनता बिजली विभाग को कोसती नजर आई।

### वार्ड चौपाल का आयोजन



**बिजनौर।** नगर पालिका किरतपुर द्वारा मलिन बस्ती वार्ड भुड्डी में वार्ड चौपाल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पालिका ईओ मेघा गुप्ता ने की। संचालन प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा व मुस्लिम इंटर कॉलेज के अध्यापक नवेद अहमद द्वारा किया गया। वार्ड चौपाल के मुख्य अतिथि एसडीएम आशुतोष जायसवाल रहे। जिनका स्वागत ईओ द्वारा बुके एवं वार्ड भुड्डी की सभासद सीमा देवी द्वारा बाबा साह अंबेडकर का चित्र देकर किया गया। वार्ड चौपाल में उपस्थित व्यक्तियों से एसडीएम द्वारा सीधे संवाद किया गया, जिसमे उनकी शिकायतें सुनी गई, और तत्काल समस्याओं के निवारण हेतु संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। एसडीएम द्वारा बताया गया कि आमजनमानस हेतु सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित है तो वो योजना का लाभ उठा सकता है, तथा वर्तमान मै चल रही जनगणना 2027 मै प्रगणकों का सहयोग करते हुए योगदान देने की अपील की गई। उनके द्वारा सफाई व्यवस्था एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का जायजा भी लिया गया। मलिन बस्ती मौहल्ला भुडडी मै पीएम आवास योजना से लगभग 100 से अधिक एवं पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 50 से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स लोन से लाभान्वित हो चुके है। चौपाल में पालिका अवर अभियंता यशवंत सिंह, लेखपाल आलोक यादव, लेखा लिपिक सुरेंद्र सिंह, कर निरीक्षक ज्ञानेश्वरानंद, कर समाहर्ता बाबूराम, आवेश ठेकेदार, रिजवान ठेकेदार, वार्ड सभासद पति अमित कुमार, लाइनमैन उमेंद्र, मुस्तकीम, प्रशांत, नासिर, अदनान, अजहर, नौमान, संजीव आदि पालिका कर्मचारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भाकियू ने उठाई किसानों की समस्याएं

## बिलाई चीनी मिल से भुगतान कराने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गन्ना समिति में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान को अध्यक्षता व मुख्य महासचिव मुकेश जांगला के संचालन में हुई। पंचायत में वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि इस वक्त किसान सबसे ज्यादा परेशान है। पंचायत के बाद तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि किसानों के लिए यूरिया, डीएपी खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ा जाए, किसानों को डीजल लेते समय फर्द आदि के नाम पर परेशान न किया जाए, किसानों को सिंचाई के लिए बिना कटौती विद्युत सप्लाई लगातार दी जाए, गुलदारों व नीलगाय आदि से निजात दिलाई जाए, जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में खस्ता हाल संपर्क मार्गों की मरमत की जाए एवं बिलाई शुगर मिल से किसानों का अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान शीघ्र दिलाया जाए।

जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने 15 जून से 18 जून तक हरिद्वार में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर में अधिक संख्या में चलने का आह्वान किया। पंचायत में विजयपाल सिंह, महेंद्र सिंह, राम अवतार सिंह, इशूराज राणा, मनप्रीत संधू, महिपाल सिंह, कल्याण सिंह, कोमन सिंह, राजेंद्र सिंह, जयप्रकाश राजपूत, गजेंद्र सिंह, सोनू विरक, चंद्रपाल सिंह, हरिराज सिंह, नितिन राणा, नरदेव सिंह, मुनिदेव, दिनेश कुमार, जितेंद्र सिंह, आशु चौधरी, संदीप त्यागी, सूर्य बालियान, रामपाल सिंह, विनीत चौधरी, अमित, मुनेंद्र काकरान, हनीफ, नीटू चौधरी, विनीत मौर्य, विकास कुमार, अरुण कुमार, रोहित राणा, परविंदर सिंह, देवेंद्र प्रधान, धर्मेंद्र सिंह, रवि कुमार, शेर सिंह, राहुल, रजनीश, मोनू, पंकज, सरताज, सौरभ, मयंक जयंत, हिमांशु, प्रियांशु आदि मौजूद थे।

# नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला हाथीवाला मंदिर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान संभल जनपद के हयातनगर क्षेत्र की मीनाक्षी के रूप में हुई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मीनाक्षी का विवाह इसी वर्ष 21 फरवरी 2026 को नहटौर निवासी मनु के साथ हुआ था। शादी के महज तीन महीने बाद ही बुधवार, 21 मई को उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना मिलते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया और वे तुरंत नहटौर पहुंचे।

मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नहटौर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बताया कि पुलिस घटना की गहनता से जांच कर रही है। उन्होंने कहा, ष्मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 'श्रमिक शोषण माफिया' का खेल?

## वेव शुगर मिल पर गंभीर आरोप, श्रम विभाग की भूमिका पर भी उठे सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** योगी सरकार जहां भ्रष्टाचार और माफियाओं पर लगातार बुलडोजर चलाने का दावा कर रही है, वहीं जनपद में कथित 'श्रमिक शोषण माफिया' खुलेआम गरीब मजदूरों का खून चूस रहा है। मामला वेव शुगर मिल और पीवीएस फूड्स शुगर मिल्स से जुड़ा है, जहां सैकड़ों श्रमिकों के वेतन से हर महीने लाखों रुपए की कटौती किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब श्रमिक लगातार शिकायतें कर रहे हैं, मुख्यमंत्री जनता दर्शन में स्वयं पहुंचकर गुहार लगा चुके हैं, तब भी कार्रवाई आखिर क्यों नहीं हो रही? क्या मिल प्रबंधन और कुछ अधिकारियों के बीच ऐसी सांठगांठ है जिसने पूरे सिस्टम को बंधक बना लिया है?

22 जनवरी 2025 को श्रम विभाग द्वारा किए गए निरीक्षण को लेकर भी बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रीति सोम ने शुगर वेज बोर्ड वेतन भुगतान अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के बजाय केवल न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अंतर्गत निरीक्षण दिखाकर मामले को दबाने का प्रयास किया। श्रमिकों का आरोप है कि वेतन से की गई भारी कटौतियों को भी निरीक्षण रिपोर्ट में सही ढंग से दर्ज नहीं किया गया। सवाल उठ रहा है कि जब शुगर वेज बोर्ड वेतन भुगतान अधिनियम के अंतर्गत निरीक्षण ही नहीं किया गया, तो फिर सहायक श्रम आयुक्त के समक्ष उसी अधिनियम के तहत निर्देश वाद किस अधिकार से दायर किया गया? अगर निरीक्षण के समय मिल प्रबंधन ने जरूरी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए थे, यही बिंदु पूरे मामले का सबसे बड़ा 'सस्पेंस' बन गया है। श्रमिकों का कहना है कि अभियोजन न करना सीधे-सीधे मिल प्रबंधन को फायदा पहुंचाना है। यही वजह है कि अब लोग पूछ रहे हैं, आखिर किसके इशारे पर कार्रवाई रुकी हुई है? बताया जा रहा है कि श्रमिकों के वेतन से हर महीने वेव शुगर मिल में लगभग 20 लाख रुपए से अधिक की कटौती हो रही है। इसके बावजूद न तो श्रमिकों को उनका बकाया वेतन मिला और न ही दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई हुई। वर्ष 2024 से चल रही शिकायतों के बावजूद श्रम विभाग अब तक कोई ठोस साक्ष्य सार्वजनिक नहीं कर पाया है कि आखिर श्रमिकों को न्याय दिलाने के लिए क्या कार्रवाई की गई। इससे पूरी कार्रवाई सिर्फ दिखावा नजर आ रही है। मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि लगभग 362 कर्मचारियो में से करीब 300 श्रमिक ठेकेदारों के माध्यम से काम कर रहे हैं। आरोप है कि इनमें से कई श्रमिकों के पास नियुक्ति पत्र तक नहीं हैं। श्रमिकों का कहना है कि शुगर वेज बोर्ड लागू होने के बावजूद निर्धारित वेतन सिर्फ फाइलों में कैद होकर रह गया श्रम विभाग की जमीनी हकीकत यह है कि स्थानीय श्रमिकों को ढूंढना 'रेगिस्तान में पानी खोजने' जैसा हो गया है। तहसील चांदपुर स्थित पीवीएस फूड्स शुगर मिल्स पर भी श्रमिक शोषण के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत संख्या 40013425026226 में आरोप लगाया गया कि वास्तविक तथ्यों को छुपाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। शिकायतकर्ता रानू चौधरी का दावा है कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन कार्यक्रम में दो बार स्वयं उपस्थित होकर शिकायत कर चुका है, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे स्थानीय प्रशासन और श्रम विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब मांग उठ रही है कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रीति सोम को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। संपूर्ण श्रमिकों की अवैध वेतन कटौती की भरपाई कराई जाए, मिल प्रबंधन के खिलाफ विधिक कार्रवाई और अभियोजन दायर किया जाए, ठेका श्रमिकों के अधिकारों, ईपीएफ, ईएसआई और नियुक्ति प्रक्रिया की जांच हो।

वहीं योगी सरकार में भू-माफिया, शराब माफिया और ड्रग्स माफिया पर बुलडोजर कार्रवाई की खबरें लगातार सामने आती रही हैं, लेकिन बिजनौर में कथित 'श्रमिक शोषण माफिया' पर कब बुलडोजर कार्रवाई होगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

में जनपद बिजनौर में विशेष संवाददाता व संवाददाता सहित क्राइम रिपोर्टर बनने के इच्छुक एवं एजेंसी लेने के लिए सम्पर्क करें।

कार्यालय- बाबा प्लाजा, बिजनौर

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# स्कूलों के ऊपर से हटाई जाए विद्युत लाइन: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने सभी स्कूलों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को हटाने के निर्देश दिए हैं।



## कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों को हटाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि मासूम बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यालयों के ऊपर से गुजरने वाले बिजली के तार एक बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं, जिन्हें हटाया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों से हाईटेंशन लाइनें हटाई जा चुकी हैं तथा जिन विद्यालयों में अभी कार्य शेष है, उनकी सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों के मुख्य द्वार अथवा परिसर के आस-पास ट्रांसफार्मर स्थापित हैं, वहां सुरक्षा के दृष्टि से ट्रांसफार्मरों के चारों ओर बैरिकेटिंग अथवा बाउंड्रीवाल कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विद्यालयों में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जब तक लाइनें पूरी तरह से हटा नहीं ली जातीं, तब तक संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सतर्क रहने और बच्चों को उन संवेदनशील क्षेत्रों से दूर रखने के लिए निर्देश करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां कहीं भी विद्युत लाइन अथवा विद्युत पोल हटाने में किसी प्रकार का विवाद अथवा अवरोध उत्पन्न हो रहा हो, वहां स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस विभाग के समन्वय से समस्या का त्वरित निस्तारण कराते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि हाईटेंशन लाइनों से संबंधित दुर्घटनाओं में झुलसने अथवा प्रभावित होने वाले पात्र पीड़ितों को मुआवजा उपलब्ध कराया जाना भी सुनिश्चित करें।

# एनएचएम संविदाकर्मियों का प्रदर्शन

## कासमपुर गढ़ी में तीन माह से वेतन लंबित, भुगतान की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुर गढ़ी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत संविदाकर्मियों का तीन माह से वेतन लंबित होने पर आक्रोश फूट पड़ा। आज शाम कर्मचारियों ने सीएचसी परिसर में धरना प्रदर्शन कर जल्द वेतन जारी करने की मांग उठाई। साथ ही चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।




धरने के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि लगातार ड्यूटी और स्वास्थ्य सेवाएं देने के बावजूद उन्हें पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। संविदाकर्मियों का कहना था कि बच्चों की फीस, घर का राशन, पेट्रोल और अन्य रोजमर्रा के खर्च पूरे करना मुश्किल हो गया है। समय पर वेतन न मिलने से परिवार के पालन-पोषण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कर्मचारियों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर संविदाकर्मियों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाने के बावजूद कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए धरना देने को मजबूर होना पड़ रहा है। संविदाकर्मियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा संबंधित अधिकारियों से हस्तक्षेप कर जल्द लंबित वेतन जारी कराने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा, 'सेवा हमारा कर्त्तव्य है, लेकिन वेतन हमारा अधिकार।'


धरने में डा. कुशाग्र, शहनाज जहां, नगमा खान, ममता कर्णवाल, सर्वेंद्र कुमार, जमाल तुर्क, लक्की यादव, रोहिल कुमार, सारा खातून, आफताब खान और उमा देवी सहित अन्य संविदाकर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### मकानों की गणना आज से

**बिजनौर।** प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य कल (आज) से शुरू होकर 20 जून तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत जनपद की सभी पांच तहसीलों एवं 18 नगर निकायों में व्यापक स्तर पर गणना कार्य कराया जाएगा। जनपद को कुल 7971 मकान सूचीकरण ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। जिनमें कार्य संपादन के लिए कुल 7952 कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। इनमें 6843 प्रगणक तथा 1109 पर्यवेक्षक शामिल हैं, जो फील्ड स्तर पर घर-घर जाकर सूचनाएं संकलित करेंगे। जनपद की तहसीलों में नियुक्त कार्मिकों में तहसील धामपुर में सर्वाधिक 1888 कार्मिक, तहसील नजीबाबाद में 1231, तहसील चांदपुर में 1220, तहसील नगीना में 873 तथा तहसील बिजनौर में 854 कार्मिक नियुक्त किए गए हैं।

### बाढ़ संभावित क्षेत्रों की कोई चिंता नहीं



**बिजनौर।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने बाढ़ प्रभावित इलाकों के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात सिर पर आ गई है, लेकिन अभी तक सरकार और विपक्ष किसी को भी बाढ़ संभावित क्षेत्रों की कोई चिंता नहीं है। जब कि हर साल इससे हजारों लोगों की जान चली जाती है। फसलें तबाह हो जाती हैं, करोड़ों रुपए की संपत्ति नष्ट हो जाती है, फिर नेता फोटो खींचवाने और मगरमच्छ के आंसू बहाने पहुंच जाते हैं। उन्हें सरकार और प्रशासन का ध्यान इस तरफ दिलाते हुए कहा की समय रहते बाढ़ से बचाव का इंतेजाम करें। बलावली पुल से पहले जो उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश का प्रवेश द्वार है। 700 मीटर सड़क गड्ढों में तबदील है आखिर कौन सी रुकावट इस सड़क के टुकड़े को बनने से रोके हुए है।

# गुर्जरों के आशियाने को उजाड़ा

## किसान यूनियन में भारी रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालागढ़।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व रेंज के पीली डेम सेक्शन की रेहड़ गादला बीट में वन विभाग ने वन गुर्जरों के आशियानों को अवैध निर्माण बताकर ध्वस्त कर दिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार मुस्लिम समुदायों पर हो रहे अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसा ही मामला वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ में सामने आया। अंकिता किशोर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान वन गुर्जरों के सोलर पैनल के माध्यम से बिजली संचालित किए जाने वाले सिस्टम को अपने साथ ले गई। इसके बाद स्टाफ ने निर्माण को ध्वस्त कर दिया और सोलर पैनल, लोहे से बनी चारपाई तथा ट्रॉली को जब्त कर लिया। जब्त किए गए सामान को रेंज कार्यालय केहरीपुर ले जाते समय वहां मौजूद महिलाओं ने रोक लिया। महिलाएं ट्रैक्टर के सामने खड़ी हो गई। स्टाफ ने महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज भी की। काफी मशक्कत के बाद जब्त सामान को रेंज कार्यालय केहरीपुर जंगल तक पहुंचाया गया। रेंज अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए सभी सामान को सीज कर दिया गया है।

इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। किसान यूनियन अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान एवं सामाजिक संगठनों ने वन विभाग की कार्यवाही का विरोध किया है। किसी भी कीमत में वर्षों से रह रहे गुजरों के आशियाने को उजाड़ना ठीक नहीं। इसके बावजूद वन विभाग ने एक नहीं सुनी ओर गुजरों के आशियानों को जमीदोज कर दिया। इस भीषण गर्मी ओर तेज लू हवाओं में नन्हे-मुन्ने बच्चें बिलबिलाते रहे। गर्मी में बुरा हाल हो गया। लेकिन गुर्जर प्रशासन से गुहार लगाते रहे। लेकिन प्रशासन ने एक नहीं सुनी।

# न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह बने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष



शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** उ.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद पर न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह को मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति पर नजीबाबाद स्थित गायत्री परिवार में हर्ष का माहौल है, और उन्होंने न्यायमूर्ति सिंह को बधाई दी है।

प्राप्त समाचार अनुसार न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं। वे गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद जोन के ट्रस्टी भी हैं। उनकी यह नियुक्ति उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई है। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गायत्री शक्तिपीठ के स्थानीय जोन समन्वयक एवं व्यवस्थापक डा. दीपक कुमार, अध्यक्ष कमल शर्मा और सचिव जितेंद्र सिंह ने न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। गायत्री परिवार के प्रति. निधियों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित भी किया। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह ने मां गायत्री, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने डा. प्रणव पंड्या, शैल दीदी, डा. चिन्मय पंड्या जी और डा. ओपी शर्मा जी को अपने आदर्श बताया। गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह का यह महत्वपूर्ण दायित्व समाज के पिछड़े वर्गों के अधिकारों, कल्याण और सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊर्जा तथा सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल कार्यकाल की मंगलकामना की।

## एक नजर

### जमीन हड़पने का आरोप

**नूरपुर।** ग्राम धमरौला निवासी सरोज देवी पत्नी महेश सैनी ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी के लिए ग्राम के ही एक व्यक्ति के पास अपनी एक बीघा जमीन करीब डेढ़ लाख रुपए में गिरवी रखी थी। वह इस राशि पर लगातार मासिक ब्याज का भुगतान कर रही थी। महिला का आरोप है कि उस व्यक्ति ने धोखे से जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया है। जब पीड़ित ने पैसे देकर जमीन लौटाने की बात कही, तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। उसने जमीन किसी दूसरे को बेच दी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

### रैपिडो चालक का शव कमरे में मिला

**बिजनौर।** गांव चक अब्दुल रहमान मिलक मीमला निवासी मौहम्मद उमर पुत्र अतीक अहमद की लाश गाजियाबाद के लोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली है। उमर रैपिडो चालक का काम करता था। वह लोनी के ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में रहता था यह घटना 19-20 मई की रात की बताई जा रही है। मृतक के पिता अतीक अहमद ने बताया कि 19 मई को उमर घर आया था और उसे लगातार फोन आ रहे थे। उसी रात उसका शव कमरे में कपड़े से लटका हुआ मिला। हालांकि, उसके पैर पूरी तरह जमीन पर थे, जिससे संदेह पैदा हुआ। पिता अतीक अहमद ने अपने बेटे की हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उमर की पत्नी झगड़ा करके मायके चली गई थी। उमर की शादी करीब सात महीने पहले बिजनौर जिले में हुई थी। वह परिवार में सबसे बड़ा था और उसके दो भाई और दो बहनें हैं। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव उसके पैतृक गांव पहुंचा दिया गया है। परिजनों के अनुसार, पुलिस ने बताया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### थाना परिसर में पीस कमेटी बैठक

**चांदपुर।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज थाना चांदपुर परिसर में पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी (सीओ) चांदपुर ने की। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक भी मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्र के इमाम, मौलवी, ग्राम प्रधान, धर्मगुरु और अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया गया। अधिकारियों ने लोगों को सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक संदेशों से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पुलिस प्रशासन पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तरह सतर्क है और सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। बैठक के समापन पर उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि सभी के सहयोग से त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाएगा।

# भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा विद्युत उपकेंद्र मानियावाला पर तैनात जूनियर इंजीनियर को हटाने तथा विद्युत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना आज देर शाम अधिकारियों के आश्वा. सन के बाद समाप्त हो गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार भाकियू (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ता पिछले छह दिनों से मानियावाला विद्युत उपकेंद्र पर धरना दे रहे थे।

किसानों का आरोप था कि विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जूनियर इंजीनियर हर्ष शर्मा ने भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया था। इसके अलावा किसानों ने बढ़े हुए विद्युत बिल, जर्जर विद्युत लाइनें, लो वोल्टेज तथा क्षेत्र की अन्य विद्युत समस्याओं को लेकर भी नाराजगी जताई। आज देर शाम विद्युत उपखंड भिक्कावाला के एसडीओ अमित कुमार, तहसीलदार धामपुर धनराज कुमार तथा नायब तहस. ीलदार कपिल कुमार आजाद धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। अधिकारियों ने जूनियर इंजीनियर हर्ष शर्मा का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कराने तथा किसानों की विद्युत संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान यूनियन ने धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी।

धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना अध्यक्ष रेहड़ राजीव कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं और अधिकारियों ने जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया।

इस दौरान बड़ी संख्या में किसान यूनियन के महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता तथा किसान मौजूद रहे। धरने में ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, उपाध्यक्ष मौहम्मद यूसुफ कुरैशी, देवेंद्र कौशिक, रमेश चंद्र शेखावत, शकील कुरैशी, राजवीर सिंह, जसवीर सिंह, मौहम्मद अशरफ, चंद्रवीर सिंह, रोहित कुमार, राजपाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, राणा सिंह सैनी, देवेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार, चरणजीत सिंह, नसीम खान, महबूब खान, सुखदेव सिंह और मलकीत सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग की त्वरित कार्यवाही से आपूर्ति बहाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** मौहल्ला जैनुलाब्दीन में आज बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान किया और विद्युत व्यवस्था बहाल की। विद्युत विभाग की टीम ने क्रेन की मदद से बिजली के खंभों पर चढ़कर मरम्मत कार्य किया। लाइनमैन राजू और अन्य कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत के बाद बाधित आपूर्ति को सामान्य किया। बिजली आपूर्ति बहाल होने पर मोहल्लेवासियों ने राहत महसूस की। नसीम, समीम, सलीम और फैजान ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की सराहना की।

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

मैरिज पेटीशन सं. 1064/22

**राजकमल बनाम ज्योति**

राजकमल आयु लगभग 37 वर्ष पुत्र रघुवीर सिंह, निवासी ग्राम सुमाल खेड़ी, थाना स्योहारा, जिला बिजनौर, पिन कोड 246746, मो.नं. 9027972751

**बनाम**

ज्योति आयु लगभग 32 वर्ष पत्नी राजकमल पुत्री बाबूलाल निवासी मौहल्ला ज्ञान विहार कॉलोनी बिजनौर, थाना कोतवाली शहर, बिजनौर, जिला बिजनौर, पिन कोड 246701

पेटीशन अंतर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 25.05.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो कि जवाब में ऐसे सवालात को दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेह के इस्तेमाल करना चाहते हों।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको समसुआ और फैसला होगा।

**नियत दिनांक:-** 25-05-2026

**प्रबंधक**

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय (बिजनौर)**

### खेत में पानी लगाते समय सांप ने डसा

**अफजलगढ़।** ग्राम कासमपुर गढ़ी निवासी खुर्शीद अहमद आज गांव के समीप स्थित तालाब से पाइप के माध्यम से अपने खेत में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान जब वह तालाब में पाइप लगा रहा था, तभी अचानक एक सांप ने उन्हें डस लिया। सांप को देखने के बाद खुर्शीद ने शोर मचाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुर गढ़ी लेकर पहुंचे।फार्मासिस्ट सतीश कुमार ने मरीज को स्नेक एंटीवेनिम इंजेक्शन लगाकर उपचार शुरू किया।उपचार मिलने बाद खुर्शीद की हालत में सुधार बताया गया है।

# तीसरे दिन भी गोताखोर रहे खाली हाथ

## विधायक पति मौके पर पहुंचे, जताई संवेदनाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडावर।** भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए गंगा में डूबे किसान का तीसरे दिन कोई सुराग नहीं लग पाया। भाजपा विधायक पति मौसम चौधरी ने मौके पर पहुंच कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की।



गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व ग्राम जहांगीरपुर निवासी 65 वर्षीय किसान हरि सिंह अंबिका देवी उर्फ गलखा देवी मंदिर के समीप अपने खेतों पर काम करने के दौरान चिलचिलाती धूप में गर्मी से राहत पाने के लिए गंगा नदी में नहाने उतरता था और गंगा के गहरे भंवर में फंस कर डूब गया था। इसके बाद से गोताखोर उसे गंगा में तलाश कर रहे हैं।

आज तीसरा दिन हो गया, लेकिन उसका कही कोई पता नहीं चल सका। किसान को ढूंढने के लिए मुरादाबाद और गाजियाबाद के गोताखोरों की टीम लगाई गई है। किंतु उसका गंगा में कोई सुराग नहीं लग सका है। आज तीसरे दिन भाजपा विधायक श्रीमति सूचि चौधरी के पति मौसम चौधरी मौका स्थल पर पहुंचे और अपनी संवेदनाएं प्रकट की।

**KRISHNA COLLEGE OF SCIENCE & INFORMATION TECHNOLOGY**
BIJNOR(U.P.)

**REQUIRES**

**ASSISTANT PROFESSORS FOR**
1.B.B.A.
2.B.Sc. (Microbiology)
3.B.Com. (Computer)
4.M.Com.
5.M.S.W.
6. M.Sc. (Physics)
7.M.Sc. (Maths)
8.M.Sc. (Home Science)

**Qualification:** As per UGC/U.P. State Govt. norms.

*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Manager or mail at* ***krishnacollegebijnor@gmail.com***

**KRISHNA COLLEGE OF LAW**
BIJNOR(U.P.)

**REQUIRES**

**ASSISTANT PROFESSORS FOR**
**LL.B.**

**Qualification:** As per UGC/BCI/U.P. State Govt. norms.

*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Manager or mail at* ***kclbijnor@gmail.com***

**KRISHNA INSTITUTE OF SCIENCE**
BIJNOR(U.P.)

**REQUIRES**

**ASSISTANT PROFESSORS FOR**
1. B.Sc. (Hons.) : Zoology, Botany, Chemsitry, Mathematics & Physics.
2. B.Com. (Hons.)

**Qualification:** As per UGC/U.P. State Govt. norms.

*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Chairman or mail at* ***krishnainstituteofscience@gmail.com***

## एक नजर

### हीट वेव से निपटने की तैयारी पूरी



**स्योहारा।** भीषण गर्मी और लू को देखते हुए शासन के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हीट वेव से निपटने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीएचसी अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. बीके स्नेही ने बताया कि अस्पताल में 6 बेड का विशेष वार्ड तैयार किया गया है। जहां कूलर, ऑक्सीजन, सिलेंडर, आइस पैक और कोल्ड स्पंजिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि हीट वेव के मरीजों के उपचार के लिए ओआरएस आईवी फ्लूड सहित सभी आवश्यक जीवनरक्षक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण देकर उनकी ड्यूटी भी निर्धारित कर दी गई है। इसके अलावा कुत्ता काटने की एआरवी तथा सांप काटने की एएसवी वैक्सीन भी अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। डा. स्नेही ने बताया कि फिलहाल हीट वेव के मरीज सामने नहीं आए हैं, लेकिन अस्पताल पूरी तरह तैयार है। ओपीडी में प्रतिदिन करीब 250 से 300 मरीज पहुंच रहे हैं तथा सभी जांच सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि तेज धूप में निकलने से बचें। सिर ढककर रखें। हल्के व सूती कपड़े पहनें तथा शरीर में पानी की कमी न होने दें। उन्होंने बताया कि लू लगने पर थकान चक्कर सिरदर्द मिचली और अत्यधिक पसीना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसे लक्षण महसूस होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**नांगल सोती।** भागूवाला से सराय आलम जाने वाले नहर पटरी मार्ग पर कोट सराय के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। बीती देर रात राहगीरों ने नहर पटरी मार्ग पर हादसे की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे। कोट सराय के पास नहर पटरी मार्ग पर क्षतिग्रस्त बाइक के साथ घायल अवस्था में एक व्यक्ति पड़ा मिला। पुलिस ने गंभीर से घायल को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उत्तराखंड के हरिद्वार श्यामपुर निवासी धर्मपाल सिंह का 32 वर्षीय पुत्र अमित सिंह नहर पटरी मार्ग से गुजर रहा था, किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हादसा हो सकता है। जिसकी जांच की जा रही है, परिवार को हादसे की सूचना भेज दी गई है।

### संविदा कर्मियों का धरना शुरू



**हल्दौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने लंबे समय से मानदेय भुगतान न होने के विरोध में आज अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि शीघ्र भुगतान नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने चिकित्सा प्रभारी डा. जितेंद्र कुमार के माध्यम से सीएमओ को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बताया गया कि मार्च 2026 से अब तक कर्मचारियों को मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने पिछले छह माह से अवगत कराने के बावजूद मानदेय नहीं मिला। कहा कि 'दाम नहीं तो काम नहीं' तथा 'समान कार्य के लिए समान वेतन' जैसे नारे लगाते हुए लंबित भुगतान जल्द जारी करने की मांग उठाई। धरना प्रदर्शन के चलते अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी असर दिखाई दिया और उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन में रावेंद्र कुमार, नीरज कुमार, राजेश कुमार, सुधीर कुमार, रीना, हिमांशु, शेखर, अमित कुमार, अंकित, खिलेंद्र सिंह, भीम सिंह, हर्षित आदि समेत कई संविदा कर्मचारी शामिल रहे।

### वांछित बदमाश गिरफ्तार

**नांगल सोती।** पुलिस ने चोरी में वांछित चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने नांगल-मंडावली मार्ग पर पटाखा फैक्ट्री के समीप से अशोक उर्फ जहरीला निवासी रम्पुरा थाना पंसगवा, जिला लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया है। बदमाश एक चोरी के मामले में फरार चल रहा था। तलाशी लेने पर उसके पास से सोने के टॉप्स व 1650 रुपए की नगदी बारामद की है। बदमाश के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बदमाश को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### बुढ़नपुर की नहर में मिला अज्ञात शव

**स्योहारा।** आज सुबह ग्राम बुढ़नपुर के पास नहर में ग्रामीणों ने लाश पड़ी देखी। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से लाश को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया लाश पर पर किसी गंभीर चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी संबंधी जानकारी भी जुटा रही है।

### फायरिंग का आरोप झूठा, जांच की मांग




**नहटौर।** ग्राम फुलसंदा गंगदास के दर्जनों ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर चार युवकों पर फायरिंग के आरोप को झूठा बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ही एक व्यक्ति आए दिन गांव के युवाओं को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश करता है। इसी क्रम में, दो दिन पहले उस व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि गांव के चार युवाओं ने कथित तौर पर फायरिंग की है। ग्राम प्रधान फशाहाद अहमद और उपस्थित ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वे चारों युवक मुंबई जाने वाली ट्रेन में सफर कर रहे थे और वे गांव में मौजूद नहीं थे। ग्रामीणों का दावा है कि इन युवाओं को साजिश के तहत झूठा फंसाया जा रहा है। इस झूठी शिकायत से आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना परिसर में एकजुट होकर पुलिस से मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रक व कार की जोरदार टक्कर

## कार सवार पांच गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्योहारा मार्ग पर अल्हैपुर ब्लॉक कार्यालय के निकट हुए सड़क हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुरादाबाद जनपद के कांठ निवासी अमित कार से धामपुर रहे थे। जैसे ही उनकी कार अल्हैपुर ब्लॉक कार्यालय के समीप पहुंची, सामने से आ रहे एक ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में कार सवार विवेक गौतम, हरीश, सुरेंद्र, कृष्णा सहित पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घायलों को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## कार्यशाला में अभिनय एवं रंगमंच की बारीकियों का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पब्लिक स्कूल में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के सहयोग से आयोजित ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला में विद्यार्थियों को अभिनय एवं रंगमंच की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला का निर्देशन एवं प्रशिक्षण प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं फिल्मी कलाकार शुभम पांडेय द्वारा किया जा रहा है।

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को नाटक की विभिन्न विधाओं, संवाद अदायगी, मंच संचालन, भाव-भंगिमा एवं अभिनय कला की विशेष तकनीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षक श्री शुभम पाण्डेय ने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी पात्र को मंच पर जीवंत बनाने के लिए कलाकार को स्वयं को उसी पात्र के रूप में ढालना पड़ता है। उन्होंने बच्चों को अभिनय के दौरान भावनाओं की अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास एवं प्रभावशाली प्रस्तुति देने की कला का अभ्यास कराया। साथ ही रंगमंच की बारीकियों को सिखाते हुए मंच पर बोलने की शैली, चेहरे के हाव-भाव, शारीरिक गतिविधियों एवं संवादों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के अंदर असीम प्रतिभा छिपी होती है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन और उचित मंच देने की होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों को कला, संस्कृति एवं मंचीय गतिविधियों से जोड़ना भी आवश्यक है, ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। कार्यशाला में कैटेगरी ए के विद्यार्थी मानसी, सौम्या, साक्षी, सुहाना, एंजल, अविरा, वर्षा, आफिया एवं नंदिनी, कुणाल, पीयूष, अंश पाल, देव चौहान, पीयूष, देव, सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अभिनय की नई-नई विधाओं को सीखकर आनंद प्राप्त किया।

## परिश्रम कभी भी व्यर्थ नहीं जाता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मनुष्य के जीवन में परिश्रम का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बिना मेहनत के कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। संसार में जितने भी महान व्यक्ति हुए हैं, उनकी सफलता के पीछे कठोर परिश्रम, धैर्य और दृढ़ संकल्प का योगदान रहा है। यही कारण है कि कहा जाता है 'परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता।' मेहनत वह शक्ति है, जो असंभव लगने वाले कार्य को भी संभव बना देती है। जीवन में केवल बड़े सपने देखना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उन सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक होता है। जो व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानता और लगातार मेहनत करता रहता है, वही अंतत: सफलता प्राप्त करता है। विद्यार्थी यदि नियमित अध्ययन करे, समय का सदुपयोग करे और पूरे मन से अभ्यास करे, तो वह निश्चित रूप से अच्छे अंक प्राप्त करता है। इसी प्रकार किसान खेतों में दिन-रात परिश्रम करता है, तभी उसे अच्छी फसल मिलती है। मजदूर, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, शिक्षक और डॉक्टर, हर व्यक्ति की सफलता का आधार मेहनत ही है। कई बार ऐसा होता है कि हमें अपनी मेहनत का परिणाम तुरंत दिखाई नहीं देता। कुछ लोग इसी कारण निराश होकर प्रयास करना छोड़ देते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। मेहनत हमें अनुभव, आत्मविश्वास, धैर्य और संघर्ष करने की शक्ति प्रदान करती है। असफलता भी हमें बहुत कुछ सिखाती है और भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करती है। जो व्यक्ति अपनी असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ता है, वही जीवन में ऊंचाइयों को छूता है। इतिहास इस बात का प्रमाण है कि महान उपलब्धियां केवल परिश्रम के बल पर ही प्राप्त हुई हैं। थॉमस अलवा एडिसन ने हजारों बार असफल होने के बाद बल्ब का आविष्कार किया। यदि वे हार मान लेते, तो दुनिया शायद इस महान खोज से वंचित रह जाती। इसी प्रकार डा. एपीजे अब्दुल कलाम ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद निरंतर मेहनत करके भारत के महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त किया। आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। आलसी व्यक्ति अवसर मिलने पर भी जीवन में आगे नहीं बढ़ पाता, जबकि परिश्रमी व्यक्ति हर कठिनाई को पार कर लेता है। मेहनती व्यक्ति समाज में सम्मान प्राप्त करता है और आत्मनिर्भर बनता है।

# उज्ज्वला योजना का लाभ लेने में परेशानी

## पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव के नेतृत्व में एसडीएम से मिली महिलाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ लेने में आ रही परेशानियों को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं आज एसडीएम कार्यालय पहुंचीं और समस्या समाधान की मांग उठाई। महिलाओं ने बताया कि आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड काट दिए जाने के कारण उन्हें योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हाल ही में पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव सिंह को उज्ज्वला योजना लाभार्थी का जिला चेयरमैन बनाया गया है। भाजपा जिला मंत्री मिथिलेश चौधरी के नेतृत्व में पुराना धामपुर क्षेत्र की करीब एक दर्जन महिलाएं उज्ज्वला योजना का लाभ लेने के लिए डा. इंद्रदेव सिंह से मिली थीं। इस दौरान लाभार्थियों से आवश्यक दस्तावेज और राशन कार्ड उपलब्ध कराने को कहा गया। जांच में पता चला कि कई महिलाओं के राशन कार्ड आपूर्ति विभाग द्वारा विभिन्न कारणों से काट दिए गए हैं।

राशन कार्ड निरस्त होने के कारण महिलाएं योजना का लाभ लेने से वंचित हो रही हैं। समस्या का समाधान न होने पर डा. इंद्रदेव सिंह स्वयं महिलाओं के साथ एसडीएम स्मृति मिश्रा से मिलने पहुंचे और पूरे मामले से अवगत कराया। महिलाओं ने कहा कि वे योजना की पात्र हैं, लेकिन राशन कार्ड कट जाने से उन्हें सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए जल्द समस्या समाधान का भरोसा दिलाया। इसके बाद डा. इंद्रदेव सिंह और महिलाएं आपूर्ति कार्यालय भी पहुंचे, जहां संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के समाधान की मांग की गई।

इस दौरान मिथिलेश चौधरी, उमेश सिंड, बीना, कविता, रूबी, छाया, पूनम, रेनी, रवीता और सीमा, गोपाल सिंह नरेंद्र सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

# आईएमए ब्लड बैंक का शैक्षणिक भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल लेबोरेटरी साइंसेज के विद्यार्थियों ने फैकल्टी सदस्यों के साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ब्लड बैंक, देहरादून का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली, आधुनिक तकनीकों तथा मेडिकल लेबोरेटरी सेवाओं से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था, ताकि विद्यार्थी अपने विषय को और बेहतर तरीके से समझ सकें।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ब्लड बैंक की विभिन्न यूनिट्स का दौरा किया और रक्त संग्रह, ब्लड ग्रुपिंग, क्रॉस मैचिंग, ब्लड स्टोरेज, ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन तथा रक्त जांच की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझा। आईएमए ब्लड बैंक के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार रक्तदान के बाद रक्त को सुरक्षित रखा जाता है तथा विभिन्न जांचों के बाद जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाया जाता है।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को ब्लड स्क्रीनिंग में उपयोग होने वाली आधुनिक मशीनों और तकनीकों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने सीबीसी जांच, संक्रमण जांच, ब्लड बैग स्टोरेज सिस्टम तथा अन्य महत्वपूर्ण लैब उपकरणों को करीब से देखा और उनके कार्य करने की प्रक्रिया को समझा। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

इस मौके पर विद्यार्थियों को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचा सकता है और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है। साथ ही मेडिकल लैब टेक्नीशियन की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि किसी भी बीमारी के सही निदान और उपचार में मेडिकल लेबोरेटरी की अहम भूमिका होती है और लैब टेक्नीशियन स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। फैकल्टी सदस्यों ने विद्यार्थियों को मेडिकल लेबोरेटरी क्षेत्र में अनुशासन, टीमवर्क, धौर्य एवं सटीकता के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में नई तकनीकों को सीखने और व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को अपने करियर के लिए बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। भ्रमण के दौरान विवेक विश्वविद्यालय और आईएमए ब्लड बैंक, देहरादून के अधिकारियों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की गई। कार्यक्रम के अंत में विवेक विश्वविद्यालय एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ब्लड बैंक, देहरादून की ओर से एक-दूसरे को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### 125 रोगियों का चिकित्सा परीक्षण



**धामपुर।** श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम कल्याणपुर पंचायत घर में किया गया। जिसमें अनुभवी डॉक्टर्स की टीम द्वारा 125 रोगियों का सकुशल इलाज किया गया। इस शिविर में श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के अध्यक्ष डा. एनपी सिंह भी मौजूद रहे। शि. विर में बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की नि:शुल्क जांच की गई एवं दो दिन की दवाई भी नि:शुल्क वितरित की गई। इस शिविर में डा. आकाश कुमार, डा.रविंद्र सिंह, डा. रेनू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल मैनेजर त्रिवेंद्र राणा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं इस शिविर में आयुष्मान कार्ड भी चेक किए गए और नए आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए और आयुष्मान कार्ड के द्वारा नि:शुल्क इलाज के बारे में भी बताया गया।

### अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**धामपुर।** लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैम्बर्स पर बुल्डोजर चलाने व अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज की घटना से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। कार्रवाई की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम स्मृति मिश्रा को ज्ञापन दिया। धामपुर तहसील, एसडीएम कोर्ट में सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे और विरोध व्यक्त किया। अधिवक्ताओं ने इसकी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय के बाहर उपस्थित होकर प्रदर्शन किया तथा न्यायकि कार्य से विरत रहकर एक दिवसीय हड़ताल की। विरोध प्रदर्शन करने वालों में बार एसोशिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद सैनी एड., जावेद उमर एड., भीम सिंह एड., हिरेंद्र कुमार एड., अदनान सईद एड., आमिर अंसारी एड., कुणाल गांधी एड., अजय कुमार एड., संजीव कुमार एड., बंटी चौहान एड., तालिब खान एड., शाहनवाज गजाली, अनस नोमानी एड., राजवीर एड., मुकेश कुमार एड. आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### 'प्रेरणा' ने किया मेधावियों को सम्मानित



**नांगल सोती।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'प्रेरणा' ने राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में ग्यारहवां प्रतिभा अलंकरण समारोह आयोजित कर माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से सम्बद्ध क्षेत्रीय विद्यालयों के विद्यालय स्तर पर हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 31 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि साहू जैन महाविद्यालय नजीबाबाद के पूर्व प्राचार्य डा. एलएस बिष्ट ने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में समय पालन का विशेष महत्व है, समय को व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। विद्यार्थी को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करते हुए उन्हें प्राप्त करने का प्रयास करते रहना चाहिए। राजा भरत सिंह इंटर कालेज के पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व है। परिश्रमी बनकर अनुशासित रहकर और गुरुजनों के आशीर्वाद से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम को कालेज प्रबंधक ऋषभ प्रताप सिंह, प्राचार्य राजीव कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक डा.नयपाल सिंह, बिजेंद्र सिंह, अशोक कुमार आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कावेंद्र सिंह एड.ने की। संचालन प्रेरणा के संरक्षक सुरेंद्र सिन्हा और मंत्री मुकेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अल्फिया, फायजा, प्रियांशु, अलफिशा, इकरा, दर्शिका, नेहा रवि, खुशबू परवीन, सिमरन अंसारी, अलीना खातून, भूमिका, गुलजवी, अलका, महकना, सुमैया परवीन, इशिका, रब्बील जोया, यशिका, दिव्यांशी, शिवम, साहिवाल परवीन, प्रियांशी शर्मा, प्रियांशी, हर्ष कुमार, गासिया, अनुज राजपूत, अल्फिया परवीन, आयशा, महवीश विद्यार्थी तथा प्रेरणा परिवार के सदस्य सुरेश चंद्र राजपूत, अखलाक हुसैन, कमल सिंह, सत्य प्रकाश आर्य, संजय कुमार सिंह, केशव शरण, ब्रह्मपाल सिंह, मौहम्मद शाहिद, करतार सिंह, दिनेश परमार, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

### रेलवे ट्रैक किनारे शव मिलने से सनसनी



**स्योहारा।** आज सुबह मिल कॉलोनी के पीछे रेलवे ट्रैक किनारे अज्ञात लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह टहलने निकले लोगों ने रेलवे ट्रैक किनारे लाश पड़ी देखी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस द्वारा लाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर पहचान और मौत के कारणों की जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि मौत के सही कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। बताया जा रहा है कि पिछले तीन-चार महीनों से रेलवे ट्रैक के आसपास अज्ञात शव मिलने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। जिसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं।

# एक साथ जन्मे चार बच्चों की पांच दिन के भीतर मौत

### ○ अमीन के परिवार को मिली खुशियों पर टूटा दुखों का पहाड़

जन्मे चार बच्चे चारों नवजात की पांच दिनों के भीतर मौत हो गई। जिसके बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कुदरत का खेल भी अजब है। कब किसको कौन की तोहफा अता कर दे और कब किससे क्या छीन ले किसी को पता नहीं होता। एक साथ चार बच्चों की खुशियां देकर परिवार को जहां खुशियां देकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया की सुर्खियां बने अमीन के परिवार का दुखों का ऐंसा पहाड़ टूटा जिसे वह जीवन भर भुलाना शाद सम्भव नहीं होगा।

तहसील सम्भल क्षेत्र के असमोली विकास खंड के गांव ओबरी निवासी आमीन के परिवार महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया था। सरकार की जनसंख्या नियंत्रण पर कुदरत की चोट एक साथ चार-चार बच्चे जिनमें दो बेटे और दो बेटियों को जन्म देना अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियां बन गया था। जबकि परिवार की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा था। लेकिन परिवार को क्या मालूम कि जिनती उसे खुशी मिली है वह ऐंसा दुख देगी जिसे जीवन भर भुलाना शायद सम्भव नहीं होगा। कुदरत के सामने सब बेबस है। मुरादाबाद के एक अस्पताल में



सम्भल। लखनऊ में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन देते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता।

# वकीलों पर लाठीचार्ज करने वालों पर दर्ज हो एफआईआर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** लखनऊ में अधिवक्ताओं के साथ की गई बर्बरता का विरोध ओर तेज होता जा रहा है। समाज सेवी संस्थाओं के साथ राजनैतिक दल भी इसके विरोध में खड़े होने लगे हैं। पूर्व आईपीएस की आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं की ओर से उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वकीलों पर की गई लाठीचार्ज का विरोध किया गा।र महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर अधिवक्ताओं की सुरक्षा व संरक्षण को अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग की।

आज़ाद अधिकार सेना के पप्रदेश महासचिव खिजर गौस के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सम्बोधित नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन से पूर्व कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में वकीलों के चैम्बर तोड़े जाने और उन पर लाठी चार्ज व उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सेना के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि वकीलों के चैम्बरों पर गैर कानूनी मनमाने तरीके से बुल्डोजर चलाया गया। जबकि उन पर की गई उत्पीड़नात्मक कार्यवाही पर रोष प्रकट किया। सेना कार्यकर्ताओं ने अधिवक्ताओं के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया और बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों (विशेषकर ठाकुरगंज एसएचओ और अन्य जिम्मेदार पुलिस कर्मियों) के खिलाफ। सख्त कानूनी कार्रवाई, एफआईआर और निलम्बन की कार्यवाही करने की मांग की।

### ○आजाद अधिकार सेना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने की मांग, राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

ज्ञापन में लाठीचार्ज में घायल हुए वकीलों का खर्च उठाने के साथ-साथ उन्हे पर्यापत आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के साथ तोड़े गए चैम्बरों से प्रभावित हुए अधिवक्ताओं को तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक बैठने की व्यवस्था की मांग भी की। इसके साथ भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने को लम्बे समय से लम्बित अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को अविलम्ब लागू करने की मांग की गई। इस मौके पर जरीफ मिर्जा, दीपक कुमार, राहुल कुमार, आसिप एड.,यूसुफ तुर्की एड., काजिम एड., नौशाद शेख, इरशाद एड.,गुडडू एड.,शाहनवाज चौहान, रागब हुसैन, गुलाम रब्बानी, सलीम लमानी, दिलयाद, अरमान सेफी, आरिफ, नाजिम मसूदी, राशिद हुसैन, उसमान आदि मौजूद रहे।

# गली के शेर कुत्ते बने सरदर्द

## कुत्तों का आतंक और सिस्टम की फाईलें 'सो' रही

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** कुत्तों की दादागिरी चरम पर है। गली-मोहल्लों में झुंड के झुंड घूम रहे हैं। बच्चे स्कूल जाने से डरें, बुजुर्ग सुबह टहलने निकलने से कतराएं। और सिस्टम? कागजों में नसबंदी कर रहा है। नगर के मेन बाजार, रेलवे रोड, राजघाट रोड, स्टेशन रोड, साहूकारा, चन्दौसी रोड से लेकर गांव-देहात तक एक ही रोना है। दिन हो या रात, बाइक वालों के पीछे दौड़ना, बच्चों पर झपटना, दुकानों के बाहर डेरा डालना इनका रोज का काम है। जबकि गुन्नौर कस्बे का भी यही हाल है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में रोज 20-30 लोग सिर्फ कुत्ता काटने का इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं।

### डाक्टर साहब बोले सुई पड़ रही कम मरीज आ रहे ज़्यादा

**बबराला।** नगर गुन्नौर व बबराला के पास एक भी डॉग शेल्टर नहीं। नसबंदी सेंटर? का नामो निशान नहीं, टीम आज तक बनी नहीं क्षेत्र में कुत्ते मजे से बढ़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का नियम वही पुराना, पकड़ो-नसबंदी करो-टीका लगाओ-वापस छोड़ो। लेकिन 'पकड़ो' वाला काम ही नहीं हो रहा। जबकि कोर्ट ने आदेश दिया फीडिंग प्वाइंट बना दिऐ जाऐ। तर्क था कि एक जगह खाना मिलेगा तो कुत्ते कंट्रोल में रहेंगे। हुआ उल्टा। जहां रोटी डाली, वहीं 1-20 का झुंड जमा।

### दुकानदार स्कूली बच्चों के पेरंटस बोले हटाओ इन्हे जीन मुहाल है

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सुप्रीम कोर्ट ठीक बोल रहा। दूसरी तरफ डॉग लवर बोले कसूर कुत्तों का नहीं, कूड़े का है। शहर साफ रखो, नसबंदी करो, ये खुद शांत रहेंगे।कोर्ट का ऑर्डर आए 3 महीने हो गए। क्षेत्र में शेल्टर की एक ईंट नहीं लगी। कुत्ते बढ़ते जा रहे, सिस्टम की तैयारी अभी भी फाइलें चाट रही और दूर-दूर तक आवारा कुत्तों को पकड़ने व शेल्टर होम का अता-पता नहीं है।

### मौहल्ले वाले बोले भाई साहब खाना डालने वाले पुण्य कमा गए भुगत रहे हम

**बबराला।** नगर गुन्नौर व बबराला के पास एक भी डॉग शेल्टर नहीं। नसबंदी सेंटर? का नामो निशान नहीं, टीम आज तक बनी नहीं क्षेत्र में कुत्ते मजे से बढ़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का नियम वही पुराना, पकड़ो-नसबंदी करो-टीका लगाओ-वापस छोड़ो। लेकिन 'पकड़ो' वाला काम ही नहीं हो रहा। जबकि कोर्ट ने आदेश दिया फीडिंग प्वाइंट बना दिऐ जाऐ। तर्क था कि एक जगह खाना मिलेगा तो कुत्ते कंट्रोल में रहेंगे। हुआ उल्टा। जहां रोटी डाली, वहीं 1-20 का झुंड जमा। मोहल्ले वाले 'बोले' भाई साहब, खाना डालने वाले तो पुण्य कमा गए, भुगत हम रहे।

**डाक्टर साब बोले:- बबराला।** कुत्ता काटे तो घाव को 15 मिनट नल के नीचे साबुन से धोऐं। डिटॉल लगा लो, पर इंजेक्शन जरूर लगवाओ। टीके लगते हैं। 0, 3, 7 और 28 वें दिन। एक भी मिस मत करना। खून निकले तो एंटी रेबीज सीरम भी लगेगा।

# पुण्यतिथि पर पूर्व पीएम राजीव गांधी को श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कम्पयूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के युग में प्रवेश के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को पुण्य तिथि पर याद किया और श्रद्वा सुमन अर्पित करने के साथ उनके दिखाये रास्ते पर चलकर जनसेवा व पार्टी को ओर मजबत करने का संकल्प लिया।

चन्दौसी रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी पुण्यतिथि पर श्रृद्वा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस समर्थकों राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित श्रद्वांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि राजीव गांधी एक ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने भारत को आधुनिक बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए। उन्होंने देश को कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के युग में प्रवेश कराया। उनकी दूरदृष्टि के कारण आज भारत आईटी क्षेत्र में विश्व में पहचान बनी है। राजीव जी ने सामाजिक न्याय और समानता पर विशेष जोर दिया। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करके उन्होंने गांव-गांव तक लोकतंत्र को पहुंचाया। महिलाओं,



सम्भल- पूर्व पीएम राजीव गांधी को श्रृद्वा समुन अर्पित करते कांग्रेसी।

पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जी का सपना था एक ऐसे भारत का जहां हर युवा को रोजगार मिले, हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले और देश तेजी से विकास करे।इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे राजीव जी के दिखाए रास्ते पर चलते हुए जनसेवा और पार्टी को मजबूत करने का निरंतर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कोस्तुभ रस्तोगी अशरफ अंसारी डीके वाल्मीकि सफी सैफी, इरफान खान, होम सिंह, मनोज भास्कर अकील अहमद, रानी, इशरत, शरिक मुनाजिर, मुशर्रफ हुसैन, इकबाल भाई, मजरुल, अंजार मंसूरी, अंजार तुर्की, नादिर, ईनदाज आलम, नोमान अंसारी, नोमान हैदर, निसार अहमद भूरा, चंद्रपाल, आमिर अली, जीशान अंसारी, बिलाल, आदि मौजूद रहे। शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने चौधरी सराय स्थित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुशीर खान तरीन के कैम्पस में पूर्व पीएू श्राजीव गांधी को पुण्य तिथि पर श्रृद्वा सुमन अर्पित किये।स मौके पर हाजी मशीन तरीन विजय शर्मा पूर्व तौकीर अहमद मोहम्मद सुहानी सोनू सागर वीर सिंह जाटव इरफान खान मोहम्मद रफीक अंजार मंसूदी डा. मरगूब शिशुपाल जाटव सुनील सागर अकील अहमद मौअज्जम अहमद अंकुर कुमार सुनील सागर मोहम्मद यासीन बासुदेव बब्बू खान रफी अंजार मसूदी दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

### कम्प्यूटर क्रान्ति हो या 18 साल के युवा को वोट का अधिकार भुलाया नहीं जा सकता राजीव का बलिदान

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर नगर मे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गॉंधी की पुण्यतिथि के मौके पर युवा कांग्रेस कार्यालय गुन्नौर पर युवा कांग्रेस सम्भल जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन के नेतृत्व में उनकी तस्वीर पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रृद्वांजलि अर्पित की।इस दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन ने कहा कि राजीव गांधी के योगदान को देश भुला नहीं सकता आज पूरा देश राजीव गांधी को याद कर रहा हे चाहे कंप्यूटर क्रांति हो या 18 साल के युवाओं को वोट देने का अधिकार हो या ग्राम पंचायतों को दिए गए अधिकार और विकास योजनाएं आज भी सफल हैं। इस मौके पर रिहान अंसारी तालिब खान वसीम कामरान सत्यवीर यादव संजय सुहेल विपिन शानू शिवकुमार आदिल आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# कैम्प का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास: सरिता

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, खिजरपुर मे चल रहे समर कैंप के सातवें व अंतिम दिन छात्र/छात्राओं को व्यावहारिक और भाषाई ज्ञान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां कराई गई। कार्यक्रम में छात्राओं को अध्यापिकाओं ने पारंपरिक खेल, प्रेरणा व बालिकाओं को भारतीय भाषा आधारित खेलों जैसे अंताक्षरी शब्द श्रृंखला, शब्द संगठन खेल आदि कराये गए। बच्चों को रोल प्ले, भाषा आधारित फ्लैश कार्ड आदि की गतिविधियों को कराया गया। राज्य आधारित भाषाओं का प्रदर्शन करके अपनी राष्ट्रीय भाषा हिन्दी को एक नई उड़ान प्रदान करने का प्रयास किया गया। शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन मे पारंपरिक परम्पराओं की जानकारी/सरल तैयारी, वास्तविक सामग्री के माध्यम से उनकी शब्दावली को विकसित करने का प्रयास किया गया। शिक्षिका प्रीति ने पारंपरिक खेलो को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। सरिता सरोज ने कहा की भाषा समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करके उनको सामाजिक रूप से मजबूत बनाना है। शासन के ऐसे कार्यक्रमों से छात्रें का आत्मविश्वास बढ़ता है। प्रधानाचार्य अंशुल चौधरी ने संदेश दिया कि भारतीय खेलों पढ़ाई में अपनी भाषा को शामिल कर अपना,अपने विद्यालय और देश का नाम रोशन करें। इसके साथ ही यह भी संदेश दिया की 21 जून से पड रही छुट्टियों में नानी के घर आनंद लेने के साथ-साथ पढ़ाई पर अपनी पकड़ बनाए रखें।इस अवसर पर परवीन माथुर, ऊरमान, मुस्कान, नंदिनी, विकास आदि मौजूद रहे

## एक नज़र इधर भी

### कब्जा मुक्त कराई गई 73 बीघा भूमि

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील प्रशासन की ओर से विशेष अभियान चलाकर गांव मोलनपुर व बमनपुरी में 73 बीघा सरकारी भूमि को अवैध कब्जा मुक्त कराया गया। तहसीलदार रवि सोनकर टीम व थाना पुलिस के साथ क्षेत्र के गांव मोलनपुर में पहुंचे। यहां पर सरकारी नवीन परती की भूमि पर कुछ ग्रामीणों ने अवैध कब्जा किया था, टीम मौके पर पहुंची और करीब 70 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया। गांव बमनपुरी में उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए भूमि का चयन किया जाना था। टीम ने देखा तो वहां सरकारी तीन बीघा भूमि पर अवैध कब्जा था जिसे कब्जा मुक्त कराया गया।



सम्भल-मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में समर कैम्प का उदघाटन करते।

### चार दिवसीय समर कैम्प का भव्य उदघाटन

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** मिशन इंटरनेशनल अकादमी में आयोजित चार दिवसीय समर कैंप का समारोह पूर्वक उदघाटन हो गया। कार्यक्रम उत्साह, उमंग के बीच सम्पन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरिफ तुर्की एवं अन्य अथिति सम्मानितगणों ने मैनेजर मुशीर खान तरीन और डायरेक्टर शबाना कोसर, प्रिंसिपल विल्सन राजन, मैनेजर पुत्र अशद तरीन ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। नन्हे मुन्ने की स्वागत की तालियों से पूरा स्कूल परिसर ऊर्जावान हो गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विल्सन राजन ने अपने उद्घाटन संबोधन में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने विद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों एवं समर कैंप के अंतर्गत आयोजित होने वाले खेलों और अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को पूरे उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी आरिफ तुर्की ने कहा कि शिक्षा, खेल एवं व्यद्रित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें मेहनत, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का मंत्र दिया। विद्यालय के मैनेजर मुशीर खान तरीन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर फैजान अली जियाउल्लाह खान जुनैद इब्राहिम, यासिर वक्कास, फरहा, समरीन, अनामता, शकीबा, उरूज, यमशुना, नसरीन, राजिया, जोया, सबीहा, मरिया, सुभानी, समन, आयशा, शबनम, सुम्बुल, शुमैला, अदीबा, अलवीना, अब्बास, यूनुस, मौलाना, यूसुफ, जुनैद, मुस्तफा, शीराज, रब-ए-नवाज, मदीहा, नीलोफर, जिया, मौलाना तन्जीम, दरख्शां, इरशाद, यासिर, यारिस, सामिया, कमाल, शगुफ्ता आदि उपस्थित रहे।



सम्भल-योगश्वर गोरक्षनाथ महातपा पर यज्ञ करते।

### हम प्रभु की ओर एक कदम चलें तो प्रभु दस कदम चलते हैं

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत योगेश्वर गोरक्षनाथ महातपा के 46वें दस दिवसीय महोत्सव के पांचवे दिन गुरुग्रह की पूजा अर्चना कर दान सामग्री बृहस्पति देव को अर्पण करके यज्ञ योग सत्संग व अठरा देव अठराक्षरी जप साधना वंदना के साथ की गयी आध्यात्मिक गुरू पं. राधेश्याम श्रीमाली के निर्देशन में शिव गोरखनाथ मंदिर समिति द्वारा पंजू सराय स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित महातपा में डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की हम प्रभु की ओर यदि एक कदम बढाते हैं तो दया निदान प्रभु, हमारी ओर दस कदम बढाते हैं और यह कदमो का आदान प्रदान तब तक चलता रहता है। जब तक की प्रभु और हमारे बीच में हमारे पूर्व जन्मो में किये गये प्रारब्ध जनित कर्मफलो की दीवार खडी रहती है। जो हमारे भक्ति भाव और सेवा कर्मो के निरंतर करते रहने से, कर्मफलो की यह दीवार घटती रहती है। इस दीवार का सफाया होते ही हमे करुणानिधि प्रभु का साक्षात्कार सम्भव हो जाता है और हमारा जीवन इस सृष्टि मे इस प्रकार हो जाता है। जैसे कीचड़ में कमल खिलता है। जिसे तालाव की कीचड़ से कोई मतलब नहीं होता वो उससे उपर उठकर खिलता है।

# कॉलेज जाते पुत्री के साथ छेड़छाड़ का आरोप

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम निवासी युवक पर दूसरे समुदाय की युवती के साथ छेड़-छाड़ का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम मुकर्रबपुर निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में गॉव के ही शान उर्फ भूरा पुत्र असलम उफ हलुआ पर 22 वर्षीय पुत्री के साथ मुरादाबाद जाते समय रास्ते में छेड़-छाड़ करने ए आई से गंदी फोटो वायरल करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने युवती की मॉ की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जॉच उपनिरीक्षक रश्मी देवी को सौंपी गयी है। मामला दो अलग-अलग समुदाय का होने के कारण पुलिस विशेष सर्तकता बरत रही है।

### ग्रीष्मावकाश में स्कुल खुले तो होगी कार्रवाई

**सम्भल।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने बताया बेसिक नियंत्राणाधीन विद्यालयों का ग्रीष्मावकाश 20 मइ से 15 जून तक निर्धारित रहेगा। इस दौरान कोई स्कुल खुला तो कठोरतम कार्यवाही की जायेगी। खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### आसमान से बरस रही आग से नहीं मिल रही निजात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भयंकर गर्मी का प्रकोप निरंतर बढ़ता जा रहा है। आसमान से बरस रही आग से छुटकारा नहीं मिल रहा है जबकि बारिश का भी दूर-दूर तक अता-पता नहीं है। रोज़ाना बढ़ते जा रहे प्रकोप के चलते मुख्य बाज़ारो में चहल-पहल न के बराबर रह गयी है। शादियों का सीजन होने के बाद भी बाज़ारों में खरीदारों की भीड़ दिखायी नहीं दे रही है। इसके अलावा मुख्य मार्गो पर भी वाहनों का अता-पता नहीं है। सड़कों पर वाहनों का आवागमन न होने और बाज़ारों में ग्राहकों के न आने से दुकानदार भी नींद की झपकी लेते दिखायी दे रहे है। सांय को कुछ भीड़ बढ़ने की सम्भावना बनती लेकिन गर्मी का भयंकर प्रकोप पंखों व कूलरों के सामने से नहीं हठने को मजबूर किए हुए है।

# शासन-प्रशासन को गुमराह कर रहा स्थानीय प्रशासन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** किसानों पर दर्ज किए जा रहे ढूठे मुकदमों को लेकर भाकियू असली मुखर हो गयी है। उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर थाने में बंद किसानों को तत्काल रिहा न करने पर थाने पर धरना-प्रदर्शन को मजबूर होने की चेतावनी दी।

भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र को ज्ञापन सौंपकर कहा गया कि गुन्नौर तहसील क्षेत्र में खनन माफिया व दबंगों द्वारा आम जनता का शोषण किया जा रहा है। किसान अहिंसक आन्दोलन कर अपनी आवाज को शासन में बैठे अधिकारियों व स्थानीय प्रशासन तक पहुंचाना चाहते हैं लेकिन स्थानीय प्रशासन शासन-प्रशासन के उच्चाधिकारियों को स्थानीय जमीनी वास्तविकता को न बताकर गुमराह कर दिया जाता है। जबकि किसान नेताओं



सम्भल- उपजिलाधिकारी गुन्नौर को ज्ञापन देते भाकियू असली के कार्यकर्ता।

ओर आम किसानों व जनता की आवाज दबाने को झूठे मुकदमें पंजीकृत कर जेल भेजने का काम किया जा रहा है। ज्ञापन में किसानों पर दर्ज मुकदमें जांच कर निरस्त करने और थाना जुनावई में बंद लखपत सिंह समेत सभी किसानों को तत्काल रिहा न करने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस मौके पर जयवीर सिंह यादव, सचिन यादव, मोरध्वज यादव, श्रृषिपाल सिंह, हरिशंकर, जसपाल, अफसर अली, पप्पू सिंह, मलखान सियंह, देवेन्द्र सिंह,राजू यादव आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेट सीखने को बुनियादी सुविधाओं को अब नहीं पड़ेगा भटकना

### ○लक्ष्य क्रिट एकेडमी मिलेंगी आधुनिक सेवाएं

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** क्रिकेट के शौकीनों को मैदान के अभाव में प्रेक्टिस करने व खेल आजमाइश करने को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। युवा सर्राफा व्यापारी प्रवीण वर्मा के प्रयासों ने उनके सैकड़ों बीघा भूमि पर एकेडमी की स्थापना कर दी गई है। जिसका विधिवत उदघाटन समारोह पूर्वक हो गया।

मुरादाबाद रोड स्थित तुर्की कोल्ड स्टोर के सामने स्थित लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि विक्रम सिंह (चंदौसी), रौनक खंड प्रचारक आर.एस.एस. अर्पित अग्रवाल उद्योगपति चंदौसी, प्रदीप वर्मा 'प्रताप', तंजील रिजवी मेरठ, क्रिकेट कोच रजत तोमर,



सम्भल- लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी का फीता काटकर उदघाटन करते।

विकास कुमार वर्मा एवं गर्वित अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित फीता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी एवं हकीम रईस एकेडमी के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह ने कहा कि सम्भल नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में क्रिकेट कूट-कूट कर भरा है, लेकिन क्रिकेट सीखने की बुनियादी सुविधाए न मिलने के कारण उनकी योग्यता निखरकर नहीं आती है, लेकिन सम्भल नगर में लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी खुलने से युवा खिलाड़ियों में काफी उत्साह है । हमें आशा है कि इस एकेडमी के कोच रजत तोमर के निर्देशन में खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलेगा। विशिष्ट अतिथि चंदौसी के उधोगपति अर्पित अग्रवाल ने लक्ष्य क्रिकेट अकादमी को सम्भल क्षेत्र के युवाओं के लिए क्रिकेट सीखने का एक ऐसा मंच बताया, जहां से बच्चे क्रिकेट की बारीकियों को सीखकर भारत देश का प्रतिनिधित्व करेंगे, उन्होंने एकेडमी और खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। एकेडमी के मुख्य कोच रजत तोमर ने बताया कि एकेडमी में खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पेशेवर प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि क्षेत्र के युवा खिलाड़ी जिला एवं राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करें।उन्होंने बताया आज से एकेडमी में खिलाड़ियों के एडमिशन लेने के लिए प्री रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गए हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रदीप वर्मा 'प्रताप' ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रवीण वर्मा 'गुल्लू', रजत गुप्ता, दीपक वर्मा, गर्वित अग्रवाल, शुभांशु अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, शुभम शर्मा, अंकुर राघव आदि मौजूद रहे।

### सम्बंध-विच्छेद

मैने अपने पुत्रों इस्लाम, जिशान, अहसान व फिरोज से उनके समाज विरोधी चाल-चलन व आये दिन लड़ाई-झगड़ों समाज विरोधी कार्यों से तंग आकर मैने व मेरे परिवार ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेखल कर अपने सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। अब मेरा व मेरे परिवार का इस्लाम, जिशान, अहसान व फिरोज के किसी कार्य का कोई लेना-देना नहीं है। वह चारों अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सफिक अहमद पुत्र रशीद अहमद**
हाल निवासी रूकनुददीन सराय थाना नखा तह. व जिला सम्भल।

# सिरसा इनायतपुर गांव में दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र स्थित सिरसा इनायतपुर गांव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने का मामला सामने आया है। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडों, बेल्ट, लात-घूंसों से हमला करने लगे। काफी देर तक चले इस खूनी संघर्ष का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों के लोग सड़क पर आमने-सामने भिड़े हुए हैं और एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद लंबे समय तक चलता रहा और दोनों पक्ष एक-दूसरे की जान लेने पर उतारू दिखाई दिए।गांव में बढ़ते तनाव और मारपीट को देखते हुए स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दी। साथ ही ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया, जिसके बाद किसी तरह विवाद थम सका।सूचना मिलने पर कटघर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच-पड़ताल में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो और शिकायत के आधार पर दोषियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

# सीएमओ कार्यालय पर एनएचएम संविदा कर्मचारियों का हल्ला बोल, सभी 8 ब्लॉकों में पूर्ण कार्य बहिष्कार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने गुरुवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिलेभर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए पूर्ण कार्य बहिष्कार किया। प्रादेशिक नेतृत्व के आह्वान पर एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ, जनपद मुरादाबाद शाखा के बैनर तले यह आंदोलन आयोजित किया गया। जिले के सभी 8 विकास खंडों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया।कार्य बहिष्कार के कारण एनएचएम के अंतर्गत संचा. लित कई आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने समय से वेतन भुगतान, सेवा सुरक्षा और अन्य लंबित मांगों को लेकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष अजीजुर रहीम और जिला महामंत्री विपिन चंद्र भट्ट ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि संविदा कर्मचारियों के साथ लगातार उपेक्षा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है और कई नीतिगत समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।प्रदर्शन में एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर और स्टाफ नर्स सहित एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अतर पाल सिंह, ऊवा दत्त तिवारी, रीमा यादव, प्राची, राधा देवी, राधा रानी, आस्था प्रकाश और अर्चना त्यागी समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को बुलंद करते हुए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दो. हराया।

## एक नजर

### कांग्रेसियों ने राजीव गांधी को बलिदान दिवस पर किया याद



**कांठ( शाह टाइम्स )**पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का बलिदान दिवस कांग्रेस कार्यालय पर मनाया गया जहां पर कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यापर्ण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला उपाध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन अंसारी ने राजीव गांधी के कार्यों को याद करते हुए उनके बारे में बताया मुनव्वर चौधरी ने कहा कि भारत में कंप्यूटर स्वर्गीय राजीव गांधी की देन है सीपी सिंह ने राजीव गांधी को राजनीतिक विवादों में ना पड़कर देश हित के विकास में काम करने वाला नेता बताया। परम सिंह सैनी ने कहा कि राजीव गांधी हमेशा हिंदुस्तानियों के दिलों में जिंदा रहेंगे। इस मौके पर सोबीर सिंह यादव मौलाना रईसुद्दीन सूफी अमीर अहमद हाजी नसीम सलमानी आदि मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर महिला से संबंध बनाने का आरोप, बैंककर्मी पर मुकदमा दर्ज

**चन्दौसी।** एक शादीशुदा महिला ने बैंक में कार्यरत अविवाहित युवक पर प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पीडिघ्ता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बैंककर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उससे जान-पहचान बढ़ाई और शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब महिला ने विवाह का दबाव बनाया तो आरोपी ने उससे दूरी बना ली और बातचीत बंद कर दी। पीडिघ्ता का कहना है कि आरोपी ने उसका मानसिक और भावनात्मक शोषण किया है।

मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### करंट लगने से युवक की मौत, पांच बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल में करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और पांच बेटियों को छोड़ गया है। जानकारी के अनुसार गांव गुमथल निवासी 27 वर्षीय अरविंद कुमार दिवाकर पुत्र जय नारायण दिवाकर बुधवार शाम करीब 7:30 बजे अपने परिवार के साथ छत पर खाना खा रहे थे।

इसी दौरान वह अपनी पत्नी ममता से यह कहकर नीचे चले गए कि वह पंखे के तार ठीक करने जा रहे हैं। काफी देर तक वापस न आने पर पत्नी नीचे पहुंची तो देखा कि अरविंद करंट की चपेट में थे। यह दृश्य देखकर उसकी चीख निकल गई। परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने डंडे की सहायता से अरविंद को बिजली के तारों से अलग किया। इसके बाद परिजन उन्हें आनन-फानन में मोटरसाइकिल से चन्दौसी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अन्य निजी अस्पतालों में भी दिखाया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। छोटे भाई का नाम अंकुश बताया गया है। अरविंद मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी पांच बेटियां हैं। बड़ी बेटी साधना की उम्र करीब सात वर्ष बताई गई है, जबकि छवि और दीपिका जुड़वां बहनें हैं जिनकी उम्र लगभग पांच वर्ष है। इसके अलावा नैना चार वर्ष तथा सबसे छोटी बेटी आराधना करीब तीन वर्ष की है। गुरुवार सुबह घटना की सूचना पर थाना बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से गांव में शोक का माहौल है।

# जनगणना कार्य को लेकर तहसील में बैठक, कर्मचारियों ने उठाई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदौसी।** नगर के तहसील सभागार में गुरुवार को जनगणना कार्य को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य में लगाए गए कर्मचारियों एवं मतगणना कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों से जिम्मेदारी के साथ कार्य करने और निर्धारित समय में प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। बैठक के दौरान कई कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं भी अधिकारियों के समक्ष रखीं। कुछ कर्मचारियों का कहना था कि उनका नाम बिना जानकारी के मतगणना कार्य में शामिल कर दिया गया, जबकि उन्होंने इसके लिए सहमति नहीं दी थी। वहीं कुछ कर्मियों ने सूची में नाम दो-दो बार दर्ज होने की शिकायत भी की। कुछ कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कार्य के दौरान सुविधाओं का अभाव है और भीषण गर्मी में लगातार ड्यूटी करना कठिन हो रहा है। गर्मी और उमस के कारण कई कर्मचारी पसीने से तर नजर आए। इसके बावजूद अधिकारियों ने जनगणना कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने पर जोर दिया। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि जनगणना कार्य शासन की प्राथमिकता में शामिल है और इसे पूरी पारदर्शिता व सावधानी के साथ संपन्न कराया जाएगा। बैठक के बाद जनगणना कार्य में तेजी आने की उम्मीद जताई गई।

# दलित महिला से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** चन्दौसी में 60 वर्षीय दलित महिला से दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरा. ेपी को वारदात के महज 24 घंटे के भीतर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से बिना नंबर की बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। घटना चंदौसी कोतवाली क्षेत्र की है। बताया गया कि 19 मई की रात करीब 9 बजे भट्टे पर चौकीदारी करने वाले व्यक्ति की 60 वर्षीय पत्नी के साथ दरिंदगी की वारदात को अंजाम दिया गया। पीडिघ्ता के पति ने नसीम सहित तीन लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों के अनुसार घटना के बाद महिला की हालत गंभीर बनी हुई थी और लगातार ब्लीडिंग हो रही थी। पुलिस के अनुसार 20 मई की रात चंदौसी टी-पॉइंट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

इसी दौरान बहजोई की ओर से बाइक पर आता एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो आरा. ेपी इस्लामनगर लिंक रोड की ओर मुड़ गया। घिरता देख उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी नसीम पुत्र जमील अहमद निवासी गोलागंज, चंदौसी के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ में वह थाना चंदौसी में दर्ज मुकदमा संख्या 146ध्26 का नामजद अभियुक्त निकला। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी अनुज तोमर एएसपी दक्षिणी कुलद. ीप सिंह और सीओ दीपक तिवारी भी मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम से जानकारी ली। पुलिस अन्य आरो. पियों की तलाश में दबिश दे रही है तथा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## जनता दरबार में फर्जी निस्तारण का आरोप

**चन्दौसी।** नगर के मौहल्ला तैलियान बड़ा महोदव निवासी मुकेश कुमार पुत्र स्व दीनानाथ ने पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को एक शिकायती पत्र भेजकर मुख्यमन्त्री जनता दरबार के आदेशों को तीन बार फर्जी निस्तारण का आरोप लगाया है जिसमें कहा गया है कि फरियाद पांच वर्षों से अपनी सम्पत्ति में फर्जी नाम हटाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसमें मुख्यमन्त्री जनता दरबार में तीन बार शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन एडीएम द्वारा आदेश रिकार्ड सही करने के लिए नगर पालिका द्वारा एवं कर्मचारियों ने निस्तारण सही नहीं किया। फरियादी ने कहा कि पूर्व जिलाधिकारी ने 06 फरवरी 2024 को डिप्टी डीएम सम्भल द्वारा कराई गई जिसको नगर पालिका कर्मियों व अधिकारियों ने पूरे मामले को दबा दिया। शिकायती पत्र में कहा गया है कि सम्पत्ति में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज उसमें आरटीआई द्वारा स्पष्ट कहा गया है कि नगर पालिका के पास उसका साक्ष्य प्रमाण पत्र नहीं है। सम्पत्ति निर्धारण रजिस्टर में मनमानी तरीके से भवन संख्या देकर फर्जी नाम चढ़ाया गया है। जिसमें कभी 20 वर्ष तो कभी 30 वर्ष करने के नाम पर फर्जीवाड़ा किया गया है। पैतृक भूमि को विवादित बनाकर उस पर भूमाफिया द्वारा कब्जा कराना चाहते हैं।

# एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में हुआ समर कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। समर कैंप का उद्घाटन यूपी स्टेट चौंपियन रह चुके श्री चरण दास भार्गव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। विद्यालय की संचालिका श्रीमती संगीता भार्गव ने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनका सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है, जिससे बच्चों का शैक्षणिक विकास तो हो जाता है, लेकिन उनकी रचनात्मकता और विशेष प्रतिभाओं को उचित अवसर नहीं मिल पाता। ऐसे में समर कैंप बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक कौशल को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनता है। मुख्य अतिथि श्री चरण दास भार्गव ने बच्चों को नई चीजें सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी प्रतिभा को पहचानने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वे दो बार लॉन टेनिस चौंपियनशिप जीत चुके हैं तथा तीन बार आगरा के ऑलराउंडर रह चुके हैं। समर कैंप के दौरान बच्चों को विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इंग्लिश हैंडराइटिंग एवं कैलिग्राफी में सुंदर लेखन सिखाया गया, जबकि आर्ट एंड क्राफ्ट में आकर्षक बर्ड बनाना सिखाया गया। ताइक्वांडो के माध्यम से बच्चों को आत्मरक्षा के विशेष कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। पर्सनलिटी डेवलपमेंट सत्र में बच्चों ने रैंप वॉक कर आत्मविश्वास का परिचय दिया। डांस गतिविधि में बच्चों ने पंजाबी गीत "तारे गिन गिन" पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा हॉलीवुड डांस का भी प्रशिक्षण दिया गया।बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट गतिविधि में बच्चों ने पेन होल्डर तैयार किए, जबकि मेंटल मैथ्स में जंबल्ड टेबल्स कराई गईं। इनडोर गेम्स के अंतर्गत बच्चों को शतरंज भी सिखाया गया। समर कैंप के सफल आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाओं शालू, निशा, प्रिया, रुपाली, सोनल, नीरज, काजल, सरिता, रक्षा, अर्शी, संतोष, शिल्पा, मनप्रीत, शिल्की, अं. कता, मीनू, गौरव, अंकुश, हर्ष, कुमुद, वंशिका, हुमा, दीपा एवं दीक्षा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## डूब इलाके में कबाड़खाने में भीषण आग दमकलकर्मियों ने पाया काबू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज 2 थाना क्षेत्र के डूब इलाके में स्थित एक कबाड़खाने में भीषण आग लग गई है। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। यह घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है, जब कबाड़खाने से अचानक धुआं उठने लगा। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे कबाड़खाने को चपेट में ले लिया। कबाड़खाने में प्लास्टिक, टायर जैसी ज्वलनशील सामग्री होने से आग तेजी से फैली। आग की लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया।

# टिमिट में 'रिसर्च एक्सीलेंस एंड एकेडमिक प्रोडक्टिविटी' विषय पर एफडीपी का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा रिसर्च एक्सीलेंस एंड एकेडमिक प्रोडक्टिविटी फॉर फैकल्टी विषय पर एक महत्वपूर्ण फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) का आयोजन आज ज्प्डज परिसर में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में शोध संस्कृति को प्रोत्साहित करना, एकेडमिक उत्पादकता को बढ़ाना तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ. अजीत उपाध्याय, प्रोफेसर, प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, इंदौर मुख्य वक्ता एवं रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने फैकल्टी सदस्यों को उच्च गुणवत्तावाले शोध, एकेडमिक लेखन, रिसर्च पब्लिकेशन तथा शिक्षण उत्कृष्टता से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।इस कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू-एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (EDC) का सहयोग रहा।इस अवसर पर टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा संस्थानों में शोध एवं नवाचार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।

गुणवत्तापूर्ण रिसर्च न केवल एकेडमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज एवं उद्योग जगत की समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करती है।उन्होंने कहा कि फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शिक्षकों को नवीन शोध तकनीकों, एकेडमिक लेखन कौशल, रिसर्च पब्लिकेशन एवं वैश्विक शैक्षिक मानकों से परिचित कराने का प्रभावी माध्यम हैं। टिमिट सदैव शिक्षकों और विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु प्रतिबद्ध रहा है तथा संस्थान में नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता की संस्कृति को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

डॉ. विपिन जैन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम फैकल्टी सदस्यों को शोध के क्षेत्र में नई प्रेरणा प्रदान करेगा और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर एकेडमिक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करेगा।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 53-DRM-MB-26-27 dt. 20.05.2026 |
| Name of work | CTR(S)-6.75 Tkm and TSR-1.336 Tkm in CH, KEG, MCV, KD, RJK yards under ADEN/CH |
| Tender Closing Date / Time | 15.06.2026 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 1,58,68,763.20 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 3,17,400.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 |
| Bidding Start Date | 01.06.2026 |
| Period of Completion | 06 Month |

सं.: No.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 20.05.2026 1710/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र सतीश व पुत्रवधू श्रीमती लक्ष्मी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**सुरेश पुत्र कल्लू सिंह निवासी बहादुरपुर राजपूत थाना पाकबडा तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

### बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र इंजमाम अली को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इंजमाम अली के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
फुरकान अहमद पुत्र मोहम्मद अली व श्रीमती भूरी बेगम पत्नी फुरकान अहमद निवासीगण मोहल्ला लाल नगरी सर सैयद नगर करूला थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।

### बेदखली सूचना

मैंने अपनी पूर्व पुत्रवधू मनप्रीत शर्मा व पोती जानवी को गलत संगत मे पडने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है, तथा मेरे बेटे स्वर्गीय अमनदीप शर्मा की मृत्यु 14 फरवरी 2015 को हो गई थी, बहू मनप्रीत शर्मा 2 फरवरी 2019 तक मेरे पास रही और मायके चली गई, दिनांक 21.4. 2021 को दूसरी शादी कर ली, बेटी को अपने साथ ले गई। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। श्रीमती रजनी शर्मा पत्नी स्वर्गीय वीरेंद्र शर्मा निवासी पीएसी रोड शाहपुर तिगरी खुशहालपुर थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।

### बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र अभिषेक उर्फ अभिखत्री को गलत आपराधिक संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण दिसंबर 2025 से अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में अभिषेक उर्फ अभिखत्री के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य / लेन देंन से हमारा व परिवार के किसी भी सदस्य का कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। ना ही हम व अन्य जिम्मेदार होंगे
**सूचनाकर्ता**- अमर सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह व श्रीमती ममता पत्नी अमर सिंह निवासीगण पैपटपुरा निकट शिव मंदिर लाइनपार, थाना मझौला तहसील व जिला मुरादाबाद।


# ईद को लेकर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चन्दौसी।** बकरा ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कोतवाली चन्दौसी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने की। बैठक में नगर के संभ्रांत नागरिकों, जनप्रति. निधियों एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। बैठक के दौरान लोगों ने बकरा ईद को लेकर अपने सुझाव रखे।

शाह आलम मंसूरी ने कहा कि त्योहार के दौरान सफाई व्यवस्था एवं पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं बदरे आलम मुतावल्ली ने सुबह के समय होने वाली बिजली कटौती को तीन दिन के लिए बंद कराने की मांग की, जिससे नगर पालिका की जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

इस पर अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने संबंधित पालिका अधिकारियों को सफाई एवं पानी की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

बैठक के अंत में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने कहा कि किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं की जाएगी तथा सड़कों पर नमाज अदा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर किसी प्रकार के लाउडस्पीकर नियमों के विरुद्ध नहीं लगाए जाएं। उन्होंने सभी से अपील की कि जिस प्रकार ईद-उल-फितर का पर्व शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया था, उसी प्रकार बकरा ईद भी आपसी सौहार्द एवं शांति के साथ मनाई जाए।

बैठक में शाह आलम मंसूरी, तरुण कुमार, नीरज सभासद, रियाज अहमद सभासद, मोहम्मद नईम सभासद, नवकांत शर्मा सभासद, मोहम्मद मुजीब, इरफान हुसैन सभासद, बाबू भाई बस वाले, अमन खुराना, बाबू खान प्रधान, महेंद्र सिंह प्रधान, मुशाहिद हुसैन, अब्दुल खालिक सहित क्षेत्र के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# टीएमयू के ऑप्टोमेट्री स्टुडेंट्स ने कार्ल जाइस लैब में समझीं लेंस निर्माण की बारीकियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के ऑप्टोमेट्री थर्ड ईयर के स्टुडेंट्स ने कार्ल जाइस लेंस लैब, दिल्ली का औद्योगिक भ्रमण किया। कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार ने बताया, इस औद्योगिक भ्रमण से स्टुडेंट्स को न केवल लेंस निर्माण की तकनीकी प्रक्रियाओं की बारीकियां समझीं। लैब के एक्सपर्ट श्री विख्यात सिंह ने स्टुडेंट्स को बताया, प्रत्येक लेंस के निर्माण में क्वालिटी कंट्रोल अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। हर चरण पर लेंस की जांच की जाती है ताकि पॉवर, मोटाई, पारदर्शिता और फिनिशिंग में कोई त्रुटि न रहे। आधुनिक लैब में स्वचालित मशीनों और कंप्यूटर आधारित तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जिससे सटीकता और गुणवत्ता सुनिश्चित होती है। एक्सपर्ट ने प्रत्येक चरण की तकनीकी बारीकियों को सरल भाषा में समझाते हुए छात्रों के प्रश्नों का उत्तर दिया। विजिट में फैकल्टीज- श्री शिवम पांडेय और



सुश्री विवेचना के संग-संग 45 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। ऐसे होता है लेंस निर्माणलेंस निर्माण की शुरुआत कच्चे ब्लैंक से होती है, जिसे विशेष मशीनों की सहायता से आवश्यक पॉवर के अनुसार तैयार किया जाता है। सर्फेसिंग प्रक्रिया में लेंस की सतह को आकार दिया जाता है। इसके बाद ग्राइंडिंग करके अधिक सटीक रूप दिया जाता है। पॉलिशिंग से लेंस की सतह को चिकना और पारदर्शी बनाया जाता है, ताकि दृष्टि स्पष्ट हो सके। लेंस पर एंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंग, हार्ड कोटिंग और यूवी प्रोटेक्शन कोटिंग की जाती हैं, जो लेंस की गुणवत्ता और उपयोगिता को बढ़ाती हैं। अंत में एजिंग प्रक्रिया में लेंस को फ्रेम के आकार के अनुसार काटा और फिट किया जाता है। सिंगल विजन लेंस एक ही पावर के होते हैं और सामान्य दृष्टि दोष जैसे मायोपिया या हाइपरोपिया के लिए उपयोग किए जाते हैं। बाइफोकल लेंस में दो अलग-अलग पावर होती हैं, जिससे व्यक्ति दूर और पास दोनों दूरी पर स्पष्ट देख सकता है। प्रोग्रे. सिव लेंस आधुनिक लेंस होते हैं, जिनमें बिना किसी स्पष्ट रेखा के दूर, मध्य और पास की दृष्टि के लिए अलग-अलग पॉवर क्रमिक रूप से मिलती है, जिससे दृष्टि अधिक प्राकृतिक महसूस होती है।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**ठाकुरद्वारा।** महिला कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष जेहरा बी, जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद तथा ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. आरिफ सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने भारत को आधुनिक तकनीक और कंप्यूटर क्रांति की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य किया। उनके प्रयासों से देश में इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर के क्षेत्र में नई पहचान बनी तथा युवाओं को नई सोच और अवसर प्राप्त हुए। कार्यों को देश हमेशा याद रखेगा। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया।



## ईद-उल-अजहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक, सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील

**कुन्दरकी।** ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को कुन्दरकी पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि विक्की ठाकुर भी शामिल हुए। थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन व चौकी इंचार्ज संजय त्यागी ने स्टाफ के साथ बैठक की अध्यक्षता की। अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने, कुर्बानी खुले में न करने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें न फैलाने की भी हिदायत दी गई। बैठक में हाजी हशमत राजा, हाजी छिद्दा, सभासद अरबाज जेदी, राशिद कुरैशी, हाजी नजीर, नसीम अहमद, रोहित दिवाकर, मुजम्मिल खान, समीर खान, ग्राम प्रधान शमशाद हुसैन, ग्राम प्रधान रामकिशोर, प्रधान प्रतिनिधि रईस, प्रधान प्रतिनिधि शानू, हाफिज शेर अली, मोहम्मद उमर उर्फ कपूर, मकसूद मियां, डॉ. कामिल, मुकीम खान, शफात हुसैन अंसारी, अशरफ हसन, रामनारायण, उबैद राजा, रफीक, नगर महामंत्री व्यापार मंडल संजय दिवाकर, मंडल महामंत्री अनमोल भारद्वाज, शोभित वाल्मीकि, महेश दिवाकर, आकाश शर्मा, शेखर, पप्पू राजपूत, प्रीतम सैनी, जावेद अल्वी, जयवीर सिंह, देव सिंह सैनी, बबलू रतनपुर, नगर अध्यक्ष काजी गुड्डू, जमीर अहमद समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## समर कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता में डी विन क्लब का शानदार प्रदर्शन, खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

**बिलारी।** मुरादाबाद के समर वैली स्कूल में 16 और 17 मई को आयोजित "समर कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता" में डी विन ताइक्वांडो क्लब बिलारी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। जूनियर वर्ग में खिलाड़ियों की सफलता से बिलारी क्षेत्र का नाम रोशन हुआ। प्रतियोगिता में डी विन एकेडमी की खिलाड़ी माही चौधरी, श्रेया चौधरी, सिमरन, डेलिसा, ताहिरा और वैष्णवी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किए। वहीं शौर्या गुप्ता, हार्दिक और वंश मलिक ने सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अलावा ज्ञानदीप सागर और अभिषेक राव ने कांस्य पदक जीतकर प्रतियोगिता में बिलारी की उपस्थिति मजबूत की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्लब और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर क्लब की कोच वैष्णवी गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने खिलाड़ियों के अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और प्रोत्साहन से बच्चे लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# अवैध बोर्ड-बैनरों पर नगर निगम का बड़ा अभियान

## शहरभर में हटाए गए होर्डिंग्स, नियम तोड़ने वालों को चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम मुरादाबाद द्वारा अवैध रूप से लगाए गए बोर्ड, बैनर एवं होर्डिंग्स के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन टीम ने शहर के कई प्रमुख इलाकों में व्यापक कार्रवाई करते हुए बिना अनुमति लगाए गए विज्ञापन सामग्री को हटाया। अभियान के तहत काशीराम नगर, सेंट मीरा एकेडमी क्षेत्र, बुद्धा पार्क, पीएसी खुशहाल. पुर, सीएल गुप्ता बाग, अशोक नगर समेत आसपास के कई इलाकों में लगे अवैध बोर्ड, बैनर और होर्डिंग्स हटाए गए। कई स्थानों पर सार्वजनिक स्थलों, विद्युत पोलों, डिवाइडरों और सरकारी संपत्तियों पर अनधिकृत रूप से विज्ञापन सामग्री लगाई गई थी, जिससे शहर की सुंदरता प्रभावित होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था और जनसुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था। नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने अभियान के दौरान संबंधित लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार के विज्ञापन बोर्ड, पोस्टर, बैनर अथवा होर्डिंग लगाना नगर निगम अधिनियम और निर्धारित नियमों का उल्लंघन है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाए रखने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें और बिना अनुमति किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री न लगाएं।




# दो माह से मानदेय नहीं मिलने पर एनएचएम संविदा कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के आह्वान पर बिलारी क्षेत्र में कार्यरत एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि मार्च और अप्रैल 2026 का मानदेय अब तक जारी नहीं किया गया है, जबकि मई माह भी समाप्ति की ओर है। इससे कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह एवं प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती के निर्देश पर 18, 19 और 20 मई को कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। इसके बावजूद भुगतान न होने पर 21 मई से कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। कर्मचारियों का कहना है कि वे निर्धारित समय पर अपने कार्यस्थल पर पहुंचकर उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, लेकिन नियमित कार्य का बहिष्कार करते हुए परिसर में संगठन के बैनर और पोस्टर के साथ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि जनहित को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी सेवाओं को पूर्ववत संचालित रखा गया है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि लगातार दो माह से वेतन न मिलने के कारण घर खर्च, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से शीघ्र मानदेय जारी करने की मांग की है। इस दौरान चंचल सिंह आजाद, सुशील कुमार सिंह, अमित कुमार मौर्य, मनीष कुमार, डॉ. अब्दुल कादिर, डॉ. जीशान पाशा, डॉ. वी.के. सिंह, अंशिका सिसोदिया, सोनी, पूनम यादव, इज्जत जेहरा, रुचि यादव, लक्ष्मी, बेबी, आशा सैनी और सीमा चौधरी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।




## बिजली की चपेट में आकर मरे व्यक्ति का किया अंतिम संस्कार

कांठ (शाह टाइम्स) सतवीर सिंह पुत्र नोबाहर सिंह निवासी भीकनपुर बुधवार की शाम को करेन्ट की चपेट में आ गया था।जिससे उनकी मौत हो गई थी आज उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया गया कि शाम को नहाकर जैसे ही उन्होंने कपड़े सुखाने के लिए तार पर डाले करंट लग गया, गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते मे उनकी मोत हो गई।एक वर्ष पहले उसके बड़े भाई की बीमारी चलते मृत्यू हो गई थी जिनके बच्चों की यही देखभाल करता था इस घटना से गांव में शोक का माहोल हैं।

## खाद्यान्न वितरण 25 मई से 10 जून तक

**कांठ (शाह टाइम्स)** निशुल्क खाद्यान्न का वितरण इस माह 25 मई से शुरू होकर 10 जून तक चलेगा उक्त जानकारी बृजेश चौधरी ने दी उन्होंने बताया की डोर स्टेप डिलीवरी के तहत इससे पहले ही खाद्यान्न राशन डीलरों को उपलब्ध करा दिया जाएगा और इसके बाद इसका वितरण समय से होगा। जो की वितरण कार्य पर नजर रखेंगे उन्होंने राशन डीलरों से अपना कार्य कर्तव्य और निष्ठा के साथ किए जाने का भी आवाहन किया है।

## एनकार्ड की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश: स्कूल-कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में नहीं खुलेंगी पान-गुटखा की दुकानें

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकार्ड संबंधी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल, कॉलेजों के आस-पास कम से कम 100 मीटर के अंदर पान, गुटखा, सिगरेट आदि की दुकानें संचालित न होने पाएं। यदि इस प्रकार की कोई दुकान पूर्व से संचालित है तो उसे तत्काल हटवाया जाए। डीएम ने कहा कि समाज में विशेषकर नवयुवकों में बढ़ रही नशे की कुप्रवृत्ति पर अंकुश लगाने तथा इस तरह के अवैध व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए। नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन कराकर जनता को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन से विशेष रूप से नवयुवकों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और उनका जीवन उद्देश्यहीन होता जा रहा है।

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत नशे के विरुद्ध प्रत्येक विभाग द्वारा अनवरत रूप से कार्यवाही की जाएगी तथा प्रत्येक माह की एनकार्ड संबंधी बैठक में की गई कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी। इस अवसर पर एडीएम सिटी अंकुर श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट शक्ति दुबे सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।



## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने सड़क सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर कई सख्त निर्देश जारी किए।जिलाधिकारी ने एआरएम रोडवेज को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि रोडवेज बस चालकों ने निर्धारित स्थलों के अलावा जगह-जगह बसें रोककर सवारी बिठाने या उतारने की आदत नहीं सुधारी तो बसों का चालान और सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जगह-जगह बसों के रुकने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और सड़क दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। इस पर विशेष अभियान चलाकर सभी बस चालकों को निर्धारित स्थलों से ही सवारी लेने के लिए निर्देशित किया जाए। ऐसे वाहनों को तुरंत सीज किया जाए। स्कूल वाहनों और एंबुलेंस को भी मानकों के दायरे में गंभीरता से लाया जाए। डग्गामार वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई तेज करने के लिए एआरटीओ को निर्देशित किया गया।

बैंक्वेट हॉल, मैरिज हॉल व होटलों द्वारा पार्किंग व्यवस्था न करने से उत्पन्न यातायात समस्या पर डीएम ने कहा कि पहले चेतावनी नोटिस जारी की जाए, इसके बाद सीज करने की कार्रवाई की जाए।बैठक में एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, एडीएम सिटी अंकुर श्रीवास्तव, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी सिटी रणविजय सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री शक्ति दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कुल शरीफ के साथ दादा मियां का उर्स संपन्न अमन-चौन की दुआ में उठे हजारों हाथ

**कुन्दरकी।** मौहल्ला सादात पूर्वी स्थित ताकिया अरब शाह में हजरत दादा मियाँ का तीन दिवसीय उर्स गुरुवार को कुल शरीफ की रस्म के साथ संपन्न हो गया। मुल्क और कौम की तरक्की, अमन-चौन के लिए हुई विशेष दुआ में हजारों अकीदतमंदों ने हाथ उठाए। उर्स के दौरान दिल्ली के कव्वाल हमसर हयात और शब्बू शादाब की कव्वाली पर जमकर दाद मिली। कुल शरीफ के मौके पर अकीदतमंदों ने दरगाह पर चादरपोशी कर चिरागां किया और मन्नतें मांगीं। इस अवसर पर चेयरमैन पति मेहदी हसन एडवोकेट, वारिस अली शाह, जावेद अल्वी, कौसर अल्वी, कासिम अल्वी, बबलू शेख, लाइक शेख, हारून शाह, उर्स मीडिया प्रभारी रिजवान अशरफी समेत हजारों लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन, चौकी प्रभारी संजय त्यागी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। उर्स शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।



## हिस्ट्रीशीटर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** शराब पीकर आकर आए दिन मुकदमेंबाजी लेकर मारपीट पर उतारू होने वाले हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां सुनवाई के बाद उसे जेल भेज दिया है। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि गुरूवार को जब वह कोतवाली क्षेत्र के गांव नरायनपुर छंगा पहुंचे। तो गांव के ही मलखान सिंह पुत्र बसंत सिंह के साथ गांव के ही हिस्ट्रीशीटर राजकुमार उर्फ राजू पुत्र चंद्रपाल सिंह को शराब पीकर आए दिन मुक. दमेंबाजी लेकर मारपीट पर उतारू होने के आरोप में गिरफ्तार किया। दोपहर बाद आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां पर आरोपी राजकुमार को सुनवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।

**उत्तर रेलवे**

**उत्तर रेलवे, मंडल रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद में ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट की भर्ती**

**सूचना सं. HE/Med/HVS/2026** **दिनांक: 19.05.2026**

भारत के राष्ट्रपति व उनकी ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ०रे०, मुरादाबाद द्वारा मंडल रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद में स्पेशलिस्ट चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अग्रलिखित स्पेशलिसिटीज में **05 ऑनरेरी** विजिटिंग विशेषज्ञों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं–, **ओटोलरींगोलॉजिस्ट, जनरल सर्जन, त्वचा रोग व जनरल फिजिशियन सन विशेषज्ञ।**

**नियम व शर्तें:**

1. **शैक्षिक योग्यता व अनुभव:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की डिग्री अथवा डिप्लोमा तथा संबंधित स्पेशिलिटी में 03 वर्ष का अनुभव।
2. **आयु :** पहली बार भर्ती होने की स्थिति में 30 वर्ष से 64 वर्ष के बीच। आगामी नियमन/एक्सटेंशन के लिए आयु सीमा 65 वर्ष तक।
3. **कार्य के घंटे तथा उनके निश्चित मानदेय निम्नवत हैं।**

| क्र.सं. | ड्यूटी के घण्टे | मानदेय की दरें |
|---|---|---|
| 1 | सप्ताह में कुल 06 दिन में कुल 02 घण्टे प्रतिदिन। | Rs.67000/-P.M. |

4. **मुफ्त रेलवे पास:** स्वयं, पत्नी/पति व आश्रित बच्चों के लिए भारतीय रेलवे व कोंकण रेलवे में राजधानी एक्सप्रेस सहित सभी ट्रेनों में ए.सी. टू टियर हेतु तथा शताब्दी एक्सप्रेस में ए.सी. कुर्सी यान हेतु एक सैट मानार्थ सुविधा पास। (सेलेक्शन ग्रेड के अधिकारी के अनुरूप प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में पास नियमों के अनुसार सुविधा पास देय होंगे।)
5. **कार्यकाल:** प्रत्येक बार में सिर्फ एक वर्ष के लिए ही कार्यकाल रहेगा। एक वर्ष की अवधि समाप्त होने पर आयु सीमा के अंतर्गत वार्षिक आधार पर एक्सटेंशन दिया जाएगा।
6. अन्य नियम व शर्तें रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2014/H-1/12/8/HVS/Policy दिनांक 19.06.2018 के अनुसार रहेंगीं। संबंधित प्रपत्र व आवेदन पत्र उत्तर रेलवे की वेबसाईट **https://nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध हैं।
7. लिस्ट में चुने गए डाक्टरों को सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के बाद ही समयानुसार सूचित किया जाएगा।
8. पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र व संबंधित कागजात एक सीलबंद लिफाफे में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, मंडल रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद में रखे गए बॉक्स में डालें अथवा ईमेल के माध्यम से **cmsmbnr59@gmail.com** पर भेजें।
9. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक **01.06.2026** को **17:00 बजे** तक।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
उत्तर रेलवे
मुरादाबाद मंडल

1714/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## किसानों ने तहसील में किया प्रदर्शन

**बिलारी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम ग्वार खेड़ा के किसानों ने गुरुवार को विद्युत विभाग के खिलाफ तहसील परिसर में प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। किसानों का आरोप है कि पिछले 15 दिनों से गांव में खेती से संबंधित विद्युत आपूर्ति बाधित है, जिसके चलते खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं और पशुओं के लिए पानी की भी गंभीर समस्या पैदा हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न मिलने से क्षेत्र में जल संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिलारी विद्युत विभाग के एसडीओ को समस्या से अवगत कराया, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शन की सूचना पर नायब तहसीलदार अभिनय सिंह धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से ज्ञापन प्राप्त कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वा. सन दिया। प्रदर्शन में रमेश्वर मौर्य, सुरेंद्र, बृजलाल, देशपाल, मुनेश, सोमवीर, हरिद्वारी, सोमपाल, करन सिंह, रोहतास, शिव कुमार, कोमिल, ओंकार, मुकेश, चंद्रपाल, दाताराम, खेमचंद सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

**समझौता नामा**

मैं जोकि चांद बी पुत्री यूसूफ (ईसुफ) निवासी ग्राम खेड़ा लक्ष्मीपुर तहसील जसपुर जिला उधम सिंह नगर, हाल निवासी ग्राम जटपुरा ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद से अपने पति अरमान पुत्र साकिर से लंबे समय से आपसी विवाद चल रहा था जिसका करण दोनों पक्षो ने अपनी आपसी सहमति से विवाद को समाप्त करने के दिनांक 25.11.2024 को वैवाहिक संबंध समाप्त कर लिए तथा दोनो मै तलाक हो गया है। अब दोनों पक्ष अलग-अलग रहकर अपना वैवाहिक जीवन अलग-अलग व्यतीत करेंगे तथा चांद बी किसी प्रकार का भरण पोषण, मै दहेज का मुकदमा नहीं करूंगी।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्रो सौरभ, रवि, अतुल व राजू पुत्रगण स्वर्गीय राम प्रकाश को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर दिए है। भविष्य में सौरभ, रवि, अतुल, राजू व इनके बच्चों के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा इनसे कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं रहेगा। श्रीमती शांति देवी पत्नी स्वर्गीय राम प्रकाश निवासी पेट्रोल पंप के सामने पीली कोठी सिविल लाइंस के सामने, मुरादाबाद।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान में उतरा नगर निगम

## वार्डों में घर-घर पहुंची आईईसी टीम, कूड़ा पृथक्करण और प्लास्टिक मुक्त शहर का दिया संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर निगम मुरादाबाद की अनुबंधित आईईसी टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता, कूड़ा पृथक्करण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा घरों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित करना रहा। वार्ड 05 आशियाना में आयोजित जागरूकता अभियान के दौरान स्थानीय लोगों को चार प्रकार के कूड़ेख्रगीला कूड़ा, सूखा कूड़ा, सैनिटरी वेस्ट एवं घरेलू हानिकारक कचरेख्रके बारे में विस्तार से जानक. ारी दी गई। नागरिकों से अपील की गई कि वे कूड़े को अलग-अलग डस्टबिन में रखें और नगर निगम की कूड़ा कलेक्शन गाड़ी को ही दें। साथ ही सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा न डालने का संदेश भी दिया गया।

वार्ड 26 कटघर में आईईसी टीम ने घरों और दुकानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग रखने के लिए लोगों को जागरूक किया। टीम ने नागरिकों को गीला एवं सूखा कूड़ा पृथक रखने तथा नगर निगम की गाड़ियों में ही कचरा डालने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में वार्ड 20 भीमाठेर, वार्ड 19 अशोक नगर एवं वार्ड 02 में डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाया गया। टीम ने घर-घर जाकर लोगों को कूड़ा पृथक्करण के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा वैज्ञानिक तरीके से कचरा निस्तारण करने के लिए जागरूक किया। वार्ड 34 रामगंगा विहार में भी विशेष अभियान चलाकर नागरिकों को चार प्रकार के कूड़े के बारे में जानकारी दी गई। लोगों से घरों में अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करने और नगर निगम की कूड़ा गाड़ियों में ही कचरा देने की अपील की गई।

वहीं वार्ड 57 गुईयां बाग प्रिंस रोड एवं वार्ड 58 मकबरा फाटक क्षेत्र में आईईसी टीम ने लाइव डेमो के माध्यम से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करके दिखाया। इससे लोगों को कूड़ा पृथक्करण की सही प्रक्रिया समझने में सहायता मिली। टीम ने नागरिकों से इधर-उधर कचरा न फेंकने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इसके अलावा वार्ड 30 में "स्वच्छ एवं सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री शहर" अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों को प्लास्टिक थैली, प्लास्टिक ग्लास एवं अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि सूखा कचरा नीले कूड़ेदान तथा गीला कचरा हरे कूड़ेदान में डालें।

नगर निगम मुरादाबाद द्वारा चलाए जा रहे इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनाना तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाना है।



**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र आशीष कुमार जो कि अविवाहित है, को उसके गलत संगत / गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। वह हमारे परिवार से अलग रहता है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कुकृत्यों / लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए आशीष कुमार स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार व हमारे किसी रिश्तेदार व किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **सूचनादाता-श्री शिवशंकर पुत्र स्व0 श्री बाबूराम निवासी मौ0 चन्द्रनगर, रामचन्द्र इन्क्लेव, नगर व जिला मुरादाबाद। मोबाइल नं०-9690973804**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## भीषण गर्मी में बढ़ा हीट स्ट्रोक का खतरा, सावधानी ही बचाव : डॉ. आशुतोष शुक्ला

**बिलारी।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच हीट स्ट्रोक यानी लू का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने पर शरीर पर गर्मी का गंभीर प्रभाव पड़ता है, जिससे जान का खतरा भी पैदा हो सकता है। वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. आशुतोष शुक्ला ने लोगों से सतर्क रहने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है। स्टेशन रोड स्थित आस्था हेल्थ केयर के चिकित्सक डॉ. आशुतोष शुक्ला ने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार अत्यधिक गर्मी से शरीर में पित्त दोष बढ़ जाता है, जिससे शरीर की प्राकृतिक शीतलता प्रभावित होती है। वर्तमान समय में तेज धूप, पानी की कमी, अत्यधिक परिश्रम और बंद वातावरण में रहने के कारण लू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं तथा हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। डॉ. आशुतोष शुक्ला ने कहा कि समय पर प्राथमिक उपचार और सतर्कता बरतकर हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्या से बचा जा सकता है। लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है।

# ईद-उल-अजहा को लेकर कोतवाली परिसर में हुई अमन कमेटी की बैठक

**बिलारी।** कोतवाली परिसर में ईद अल-अजहा को लेकर अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कोई भी नई परंपरा शुरू न करने और एकता और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। गुरुवार को आयोजित बैठक में कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने सभी लोगों से अपने क्षेत्र में होने वाली कोई भी समस्या के लिए जागरूक किया और बीते समय में भी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल की और वर्तमान में क्या स्थिति है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी अराजक तत्व मामले में तो तत्काल हमें जानकारी दें ताकि उससे होने वाली समस्या को समय रहते निदान किया जा सके। इसके साथ ही रुस्तम नगर सहसपुर और थांवला में होने वाली कुर्बानी को लेकर बात की गई। जिसमें जिम्मेदार लोगों को विशेष बैठक कर समस्या का निदान करने की बात कही। इसके साथ ही कोतवाली प्रभारी में पुराना रिकॉर्ड पढ़कर सुनाया। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफी और राजू ने कहा कि सभी अमन के साथ त्यौहार बनाएं और निर्धारित मार्ग से ही कुर्बानी का मीट लेकर अपने घर पहुंचे और कोई भी कुर्बानी की वीडियो सोशल मीडिया पर नहीं डालें। इनके अलावा अनेक लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर विद्युत और पानी की सुचारू रूप से व्यवस्था की मांग की गई। इस दौरान मुख्य रूप से ईद का कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफी उर्फ राजू, पूर्व सभासद कासिम अंसारी, ग्राम प्रधान रविंदर चौधरी, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र चौधरी, ग्राम प्रधान सलीम अंसारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इकरार हुसैन, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सद्दाम हुसैन, ग्राम प्रधान वकार अहमद, ग्राम प्रधान आसिफ मलिक, कारी हसन रजा, रेहान पाशा, देवेश शर्मा, पूर्व ग्राम प्रधान कल्याण सिंह, सिद्धार्थ शेखर, सभासद आमिल सिद्दीकी पूर्व ग्राम प्रधान डॉक्टर अनीस अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान हाजी मुजीब अहमद, सभासद निहाल सिंह लाठर, सभासद ब्रज रतन प्रजापति, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि खलील अहमद, सभासद हप्पू रजा, कारी जहीर बरकाती, सभासद प्रतिनिधि जरीफ अंसारी, ग्राम प्रधान हाजी माजिद हुसैन अंसारी, इकबाल नवी, जगत नारायण शर्मा, मुन्ना श्रौत्रीय, ग्राम प्रधान इकबाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जहांगीर, ग्राम प्रधान आकिल हुसैन आदि सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

बैठक का संचालन व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने किया।



# दलीप ट्रॉफी से शुरू होगा घरेलू सीजन

**■ दो चरणों में खेली जाएगी रणजी ट्रॉफी**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय घरेलू क्रिकेट सीजन 2026-27 की शुरुआत 23 अगस्त से छह जोनल टीमों वाली पुरुा दलीप ट्रॉफी से होगी। वहीं अक्टूबर से शुरु होने वाली रणजी ट्रॉफी दो चरणों में खेली जाएगी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार दलीप ट्रॉफी के बाद ईरानी कप खेला जाएगा, जिसमें मौजूदा रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू और कश्मीर का सामना शो भारत टीम से होगा। यह मुकाबला एक अक्तूबर से खेला जाएगा। रणजी ट्रॉफी और अंडर 23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी पिछले सीजन की तरह दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। रणजी ट्रॉफी में 32 टीमें एलीट ग्रुप में और छह टीमें प्लेट ग्रुप में खेलेंगी। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण अक्तूबर और नवम्बर 2026 के बीच खेला जाएगा। इसके बाद जनवरी में टूर्नामेंट दोबारा शुरू होगा और फरवरी तक चलेगा। इसी बीच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी आयोजित होंगी। महिला घरेलू सीजन की शुरुआत सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी से होगी, जो अक्तूबर और नवम्बर में खेली जाएगी। इसके बाद सीनियर विमेंस इंटर जोनल ट्रॉफी और फिर सीनियर विमेंस वनडे ट्रॉफी तथा इंटर जोनल वनडे ट्रॉफी दिसम्बर से फरवरी के बीच आयोजित होंगी। महिला आयु वर्ग के टूर्नामेंट नवम्बर से जनवरी तक चलेंगे। आगामी सीजन में एक नया टूर्नामेंट भी जोड़ा गया है। इसमें सीके नायडू ट्रॉफी विजेता टीम का मुकाबला शो भारत अंडर 23 टीम से होगा। बीसीसीआई के अनुसार इसका उद्देश्य 'उभरते अंडर 23 क्रिकेटरों को ज्यादा प्रतिस्पर्धी मंच देना' है।

# GT ने CSK को 230 रन का टारगेट दिया

## साई सुदर्शन ने खेली एक बार फिर खेली 84 रन की पारी, गिल व बटलर के भी अर्द्धशतक

**■ जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की खराब शुरूआत, 31 रन पर तीन विकेट खोए**

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 का 66वां मुक.ाबला गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जा रहा है। चेन्नई ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया है। गुजरात ने 19 ओवर के बाद एक विकेट के नुकसान पर 216 रन बना लिए हैं।

शुभमन गिल 64 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में कंबोज के ओवर में 15 रन आए, लेकिन चेन्नई ने दो अहम विकेट भी झटके। ओवर की पहली गेंद पर सुदर्शन ने शानदार छक्का जड़ा, लेकिन अगली ही गेंद पर वह बड़ा शाट खेलने के प्रयास में



लॉन्ग-ऑफ पर शार्ट को कैच थमा बैठे। सुदर्शन ने 53 गेंदों में 84 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। इसके बाद तेवतिया बिना खाता खोले रन आउट हो गए। गायकवाड ने मिड-आफ से शानदार डायरेक्ट हिट लगाकर उन्हें पवेलियन भेजा। हालांकि, इसके बाद बटलर ने लगातार दो चौके जड़कर दबाव कम किया और सिर्फ 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। बटलर ने बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन किया। ओवर खत्म होने तक गुजरात का स्कोर 19 ओवर में 216/3 पहुंच गया। 14वें ओवर में 22 रन आए। बटलर ने नूर के खिलाफ आते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और दो शानदार छक्के जड़े। ओवर की आखिरी गेंद पर बटलर ने फुल लेंथ गेंद को काउ कार्नर के ऊपर स्टैंड में पहुंचा दिया। 12.2 ओवर में ने जानसन ने गिल को आउट कर चेन्नई को बड़ी सफलता दिलाई। गिल ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद हवा में चली गई। शिवम दुबे ने पीछे की ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। इस सीजन कैचिंग में संघर्ष कर रहे दुबे के लिए यह आसान मौका नहीं था। गिल 37 गेंदों में 64 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। 11.1 ओवर में नूर की गेंद पर एक रन लेकर सुदर्शन ने अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनका लगातार पांचवां आईपीएल पचासा है। सुदर्शन ने डगआउट की ओर अंगूठा दिखाकर जश्न मनाया। उन्होंने शुरुआत धीमी की थी, लेकिन बाद में शानदार लय पकड़ते हुए तेजी से रन बनाए। नूर की गुगली गेंद को उन्होंने स्क्वायर लेग के पीछे खेलकर एक रन लिया और अपना अर्धशतक पूरा किया। गिल ने टी-20 क्रिकेट में 6000 रन पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम तक सबसे कम पारियों में पहुंचने वाले बल्लेबाजों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। गिल ने यह उपलब्धि 185 पारियों में हासिल की। इस लिस्ट में टॉप पर क्रिस गेल हैं।

**खेल विशेष**

### डेव कजिन्स भारत की कंपाउंड तीरंदाजी टीम के कोच बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक्स को ध्यान में रखते हुए, भारतीय तीरंदाजी संघ ने गुरुवार को अमे.रिका के पूर्व विश्व चैंपियन डेव कजिन्स को मुख्य कंपाउंड तीरंदा.जी कोच नियुक्त किया। कंपाउंड तीरंदाजी लॉस एंजेलिस 2028 में अपना डेब्यू करेगी, जहां पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धा आयोजित की जाएगी। डेव कजिन्स इतिहास के सबसे सम्मानित कंपाउंड तीरंदाजों में से एक हैं और एकमात्र ऐसे तीरंदाज हैं जिन्होंने हर बड़ी वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप स्पर्धा जीती है, जिसमें आउटडोर, इनडोर, फील्ड, 3डी और वर्ल्ड गेम्स शामिल हैं। कजिन्स अगले महीने तुर्की के अंताल्या में होने वाले वर्ल्ड कप स्टेज 3 से दो हफ्ते पहले भारतीय तीरंदाजी टीम में शामिल होंगे। यह 49 वर्षीय कजिन्स के लिए पहला अंतर्राष्ट्रीय कोचिग असाइनमेंट होगाद्ध उन्होंने एक कंपाउंड तीरंदाज के तौर पर दो दशकों से भी ज्यादा समय तक प्रतिस्पर्धी करियर का आनंद लिया है।

### वर्ल्ड कप से पहले नेमार को फिर चोट लगी

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** फीफा वर्ल्ड कप में ब्राजील के पहले मैच से एक महीने से भी कम समय पहले, नेमार को फिर से चोट लगने का खतरा पैदा हो गया है। 34 साल के सैंटोस के स्टार खिलाड़ी ने बुधवार को सैन लोरेंजो के खिलाफ अपनी टीम का घरेलू कोपा सुदामेरिकाना मैच नहीं खेला, क्योंकि उन्हें पिडली में चोट लगी थी। हालांकि, ब्राजीलियाई क्लब ने यह कहकर चिंताओं को दूर करने की कोशिश की कि चोट गंभीर नहीं है। सैंटोस टीम के डॉक्टर रोड्रिगो जोगैब ने कहा कि यह फॉरवर्ड खिलाड़ी 27 मई को ब्राजील के वर्ल्ड कप से पहले होने वाले पहले ट्रेनिग सेशन के लिए तैयार हो जाएगा।

### श्रीलंका ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में अनुकूल रॉय शामिल

**मुंबई, वार्ता।** पुरुष चयन समिति ने श्रीलंका में होने वाली आगामी ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में अनुकूल रॉय को शामिल किया है। उन्होंने हर्ा दुबे की जगह ली है, जिन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के लिए भारत की टेस्ट और वनडे टीमों में पहली बार बुलाया गया है। इस ट्राई-सीरीज में श्रीलंका ए, इंडिया ए और अफगानिस्तान ए टीमें हिस्सा लेंगी, और यह 9 जून से 21 जून, 2026 तक दाम्बुला में खेली जाएगी। ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया ए की अपडेटेड टीम: तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उप-कप्तान), आयुा बडोनी, निशांत सिधु, सूर्याश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विप्रज निंगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान, अनुकूल रॉय।

# सदर्न डर्बी में सभी निगाहें विराट कोहली पर

**हैदराबाद, वार्ता।** विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग ताकत के बीच एक ब्लॉकबस्टर मुकाबला शुक्रवार को यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में धूम मचाने के लिए तैयार है, क्योंकि आईपीएल 2026 का लीग चरण एक रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा है।

हालांकि दोनों टीमों ने पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है, फिर भी टॉप-टू में जगह बनाने की दौड़ में यह मुकाबला बहुत अहम है, जिससे इस सीजन के सबसे ज्यादा इंतजार वाले मैचों में से एक में और भी ज्यादा रोमांच जुड़ गया है। सभी की नजरें पूरी तरह से कोहली पर टिकी होंगी, जिन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए एक जबरदस्त सीजन खेलकर अपने पुराने रंग में वापसी की है। भारत के पूर्व कप्तान ने 13 पारियों में 54-20 की औसत और 164-74 के स्ट्राइक रेट से 542 रन बनाए हैं, और पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंचने में आरस.ीबी की शानदार बढ़त की अगुवाई की है।



सालों की अनियमितता और करीबी हार के बाद, बेंगलुरु को इस सीजन में आखिरकार सही संतुलन मिल गया लगता है, जिसमें उनकी बैटिंग और बॉलिंग दोनों यूनिट्स से योगदान मिल रहा है। आरसीबी 18 पॉइंट्स और 1-065 के बेहतरीन नेट रन रेट के साथ इस मुकाबले में उतर रही है, जिससे लीग चरण को टॉप पर खत्म करने के लिए वह पसंदीदा टीम बन गई है। पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर 23 रनों की शानदार जीत के बाद आरसीबी के आत्मविश्वास को एक और बड़ा बढ़ावा मिला। वेंकटेश अय्यर ने 40 गेंदों में नाबाद 73 रन बनाए, जबकि कोहली ने 58 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखी। देवदत्त पडिक्कल के आक्रामक 45 रनों ने बेंगलुरु की बैटिंग लाइनअप की गहराई को और भी ज्यादा उजागर किया। बॉलिंग डिपार्टमेंट ने भी दबाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसकी अगुवाई अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार कर रहे हैं।

एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि यह अनुभवी तेज गेंदबाज हैदराबाद में घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी के तौर पर नहीं, बल्कि आरसीबी के मुख्य गेंदबाज के तौर पर वापसी कर रहा है। भुवनेश्वर इस सीजन में असाधारण रहे हैं, और 13 मैचों में 24 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद के पास अपने दिन किसी भी विरोधी टीम को चुनौती देने के लिए काफी ताकत है। पैट कमिंस की अगुवाई वाली इस टीम ने अपनी रणनीति आक्रामक बैटिंग और निडर इरादों के इर्द-गिर्द बनाई है, खासकर अपने घरेलू मैदान हैदराबाद में, जहां ज्यादा स्कोर वाले मुकाबले अब एक आम बात हो गई है। दक्षिण अफ्रीकी स्टार हेनरिक क्लासेन एसआरएच की बैटिंग की रीढ़ रहे हैं, जिन्होंने 13 मैचों में 50 से ज्यादा की औसत से 555 रन बनाए हैं। अभिोक शर्मा ने 200 से ज्यादा के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 507 रन बनाकर उनका शानदार साथ दिया है, जिससे हैदराबाद इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट में से एक बन गई है। एसआरएच ने अपने पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। ईशान किशन ने 70 रनों की संयमित पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि क्लासेन के 47 रनों की आक्रामक पारी ने यह सुनिश्चित किया कि हैदराबाद आसानी से लक्ष्य का पीछा कर ले। आरसीबी ने इस सीजन की शुरुआत में एसआरएच को छह विकेट से हराया था और अब वे लीग में दूसरी जीत हासिल करना चाहेंगे। हालांकि, हैदराबाद की बैटिंग के लिए अनुकूल पिच और घरेलू दर्शकों का जोरदार समर्थन शुक्रवार के इस मुकाबले को एक और हाई-स्कोरिग रोमांचक मैच बना सकता है।

### इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

**डर्बी, वार्ता।** एलिस कैप्सी (नाबाद 74) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 16 गेंदें शो रहते सात विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ इंलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 10 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। सोफिया डंकले (आठ) रन बनाकर आउट हुए। छठें ओवर में ब्री इलिंग ने मैया बाउचियर (पांच) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हीथर नाइट ने एलिस कैप्सी के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट लिए 43 रन जोड़े। 12वें ओवरम में ब्री इलिंग ने हीथर नाइट (19) को आउट किया।

# अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**भोपाल, वार्ता।** भारतीय अंडर 18 महिला हॉकी टीम ने मध्य प्रदेश के उद्धव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साई सेंटर में खेली जा रही सीरीज के चौथे और फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया की अंडर18 महिला टीम को 4-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही बढ़त बना ली, जब ऑरोरा कोवासेविच (8) ने गोल करके मेहमान टीम को आगे कर दिया। हालांकि, भारत ने तुरंत पलटवार किया और बुधवार रात पहले क्वार्टर के खत्म होने से ठीक पहले कप्तान स्वीटी कुजूर (13) ने बराबरी का गोल दाग दिया। मेजबान टीम ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बनाए रखी और बढ़त बना ली, जब दिया (25) ने गोल करके हाफटाइम तक भारत




को 2-1 की बढ़त दिला दी। भारत ने दूसरे हाफ में भी अपना दबदबा बनाए रखा और तीसरे क्वार्टर में प्रियंका मिज (44) के गोल से अपनी बढ़त और बढ़ा दी। इसके बाद नौशीन नाज (50) ने फाइनल क्वार्टर में एक और गोल करके मेजबान टीम की शानदार जीत पर मुहर लगा दी। यह जीत भारतीय टीम के लिए एक कड़े मुकाबले वाली सीरीज का शानदार अंत साबित हुई, जिससे टीम को इस महीने के आखिर में जापान में शुरू होने वाले अंडर 18 एशिया कप के लिए अच्छी तैयारी करने का मौका मिला।

# हार्दिक पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना



**कोलकाता, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या पर उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है।

यह कार्रवाई बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेले गए मैच नंबर 65 के दौरान, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार सं.हिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए की गई है। हार्दिक पंड्या को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह अनुच्छेद मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग्स का गलत इस्तेमाल से संबंधित है। यह घटना मैच की दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जब हार्दिक पंड्या ने अपने रन-अप की ओर वापस जाते समय, विकेट की बेल्स को जोर से मार दिया था। हार्दिक पंड्या ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा उन पर लगाए गए।

### मैं या तिलक थोड़ा और टिकते तो नतीजा अलग हो सकता था: हार्दिक पांड्या

**कोलकाता, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वह या तिलक वर्मा थोड़ी और देर टिक कर खेलते तो मैच का नतीजा अलग हो सकता था। हार्दिक ने बधुवार रात इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली चार विकेट से हार के बाद कहा, हम 20 रन पीछे रह गए। पावरप्ले में हमने काफी विकेट गंवा दिए। अगर तिलक या मैं थोड़ा और देर तक बल्लेबाजी करते और एक दो साझेदारियां और बन जातीं, तो वे 15-20 रन हमें अच्छा मौका दे सकते थे। कोलकाता की पिच बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं थी। केकेआर के रोवमैन पॉवेल ने इसे टिपिकल कैरेबियाई विकेट बताया, जहां गेंद रुककर आ रही थी। मैच की 38-5 ओवर की बल्लेबाजी में सिर्फ 295 रन बने और 14 विकेट गिरे। यह आईपीएल जैसी सामान्य पिच नहीं थी, लेकिन हार्दिक को ऐसी सतह पसंद आई। हार्दिक ने कहा, मुझे ऐसी विकेटों पर खेलने में कोई दिक्कत नहीं है, जहां गेंदबाजो को भी कुछ मदद मिले।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम गुरुवार तड़के ऑस्ट्रेलिया के पर्थ दौरे के लिए रवाना हो गई। टीम 26, 27, 29 और 30 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में मेजबान टीम के खिलाफ चार मैच खेलेगी। यह दौरा कई प्रतिस्पर्धी मैचों का अवसर प्रदान करेगा, जिससे भारतीय महिला हॉकी टीम को दुनिया की सर्वश्रेठ टीमों में से एक के खिलाफ खुद को परखने का मौका मिलेगा।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के समापन के बाद, टीम एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 के लिए न्यूजीलैंड के ऑकलैंड जाएगी, जो 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाला है। दौरे से पहले बेंगलुरु



में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में कड़े अभ्यास से गुजरने के बाद, कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी मैच एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। टीम के रवाना होने से पहले कप्तान ने कहा, पूरी टीम इस दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना, खासकर उनके घरेलू मैदान पर, हमेशा एक कठिन चुनौती होती है, और हमारी तैयारियों के इस चरण में हमें ठीक इसी तरह की चुनौती की जरूरत है, क्योंकि इस साल के अंत में महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट आने वाले हैं।

उन्होंने आगे कहा, पिछले कुछ हफ्तों में हमारा एक जोरदार प्रशिक्षण शिविर चला, जिसके दौरान हमने अपनी फिटनेस, तालमेल और रणनीतिक बनावट पर कड़ी मेहनत की। मुझे लगता है कि टीम ने बहुत अच्छा तालमेल बिठा लिया है, और पर्थ में होने वाले मैच हमें दुनिया की सर्वश्रेठ टीमों में से एक के खिलाफ अपनी मेहनत को आजमाने का मौका देंगे।

# मेरी प्राथमिकता ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट है: पैट

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैट कमिंस ने स्पट कहा है कि कम से कम अगले कुछ वर्ाों तक ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट उनकी पहली प्राथमिकता होगी। यह बयान उस चर्चा के बीच आया है, जिसमें कहा जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के कुछ बड़े खिलाड़ी आईपीएल से आगे बढ़कर अन्य फेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए राट्रीय टीम से दूरी बना सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान कमिंस पहले ही पाकिस्तान और बांग्लादेश के आगामी दौरों से बाहर रहने वाले हैं, क्योंकि उन्हें आईपीएल प्लेऑफ में हिस्सा लेना है। उन्हें अगस्त 2026 से अगस्त 2027 के बीच होने वाले 20 (संभवत: 21) टेस्ट मैचों से पहले आराम की भी जरूरत है। इसमें भारत में



होने वाला बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड में होने वाला एशेज भी शामिल है। ऑस्ट्रेलिया के बड़े खिलाड़ियों की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और बीबीएल दोनों के प्रति प्रतिबद्धता हाल के दिनों में चर्चा का विाय रही है। पांच वरिठ खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती कॉन्ट्रैक्ट प्रस्तावों से खुश नहीं थे। कमिंस भी मार्च में चर्चा के केंद्र में आ गए थे, जब उन्होंने बिजनेस ऑफ स्पोर्ट्स पॉडकास्ट पर खिलाड़ियों के बीच एक तनाव का बिदु होने की बात कही थी।

# मंडी चौक बर्तन बाजार में भीषण आग से मचा हड़कंप
# दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र अमरोहा गेट स्थित बर्तन बाजार मंडी चौक में गुरुवार दोपहर भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। भारत गोटा नामक दुकान के तीन मंजिला भवन के बेसमेंट में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे भवन को अपनी चपेट में ले लिया। घटना से बाजार क्षेत्र में दहशत फैल गई और आसपास के दुकानदार अपनी दुकानें छोड़कर बाहर निकल आए।बताया गया कि करीब 12 बजे दुकान स्वामी सुरेंद्र अग्रवाल का छोटा बेटा अक्षय अग्रवाल दुकान खोलने पहुंचा था। इसी दौरान दुकान के अंदर से धुआं निकलता दिखाई दिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, आग तेजी से फैल गई और बेसमेंट में रखा भारी मात्रा में सामान जलने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें ऊपरी मंजिलों तक पहुंच गई।घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग में हड़कंप मच गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वही सीओ कोतवाली सुनीता दहिया और कोतवाली पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की छह गाड़ियों को लगाया गया। संकरी गलियों और बेसमेंट में आग होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन बेसमेंट और भवन में रखा सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि दमकल विभाग मामले की विस्तृत जांच कर रहा है। घटना के बाद व्यापारियों में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है।





## एक नजर

### समर कैंप के चौथे दिन बच्चों ने किया प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप के चौथे दिन का शुभारंभ प्रतिदिन की तरह विद्यालय में होने वाली दैनिक प्रार्थना के साथ किया गया। जिसमे आकर्षक



प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने कौशल एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत शॉर्ट रेश , अबेकस मेहंदी, क्रिएटिव वर्कशॉप एवं आउटडोर और इनडोर गेम्स में क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल पिन द गेम, सॉल्वड द पुज्जलेड, कैरम बोर्ड एवं लूडो आकर्षण का केंद्र रहे। प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने विद्यालय में हुई प्रतियोगिताओं का निरीक्षण करते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन कर उनका मार्गदर्शन भी किया।

कार्यक्रम का संचालन सीसीए प्रभारी एवं शिक्षिका नीतू चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल पर मारपीट का आरोप, एसपी से शिकायत



**बहजोई।** थाना क्षेत्र के ग्राम बसंतपुर डांडा निवासी हिमांशु पुत्र भूषण शरण ने पुलिस अधीक्षक संभल को शिकायती पत्र देकर एक निजी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के स्टाफ पर अभद्रता, मारपीट और सामान छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार वह अपने पिता और भाई की पत्नी के साथ अपने 6 वर्षीय भतीजे का इलाज कराने के लिए 18 मई 2026 को चंदौसी रोड स्थित एक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराने गया था। आरोप है कि रात करीब 10 बजे जब वह बच्चे की छुट्टी कराने पहुंचा तो अस्पताल स्टाफ ने बच्चे को आईसीयू में होने की बात कहकर छुट्टी देने से मना कर दिया। शिकायत में कहा गया है कि इसी बात को लेकर अस्पताल कर्मचारियों और परिजनों के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद अस्पताल स्टाफ ने मारपीट की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके पिता का हाथ भी तोड़ दिया गया। साथ ही उनका आरोप है कि अस्पताल कर्मियों ने उनका पर्स, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, करीब 8 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन भी निकाल लिया। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, हॉस्पिटल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस से न्याय दिलाने और घायल पिता का इलाज कराने की अपील भी की गई है।

### ईदुल अजहा को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक



कांठ(शाह टाइम्स) ईदुल अजहा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए आज थाना कांठ में दोपहर 2:00 बजे पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे एसडीएम सीओ ने क्षेत्र के लोगों से परंपरागत तरीके से ही ईद का पर्व मनाए जाने का आह्वान किया उन्होंने कुर्बानी आदि को लेकर सावधानी बरते जाने की हिदायत दी, साफ सफाई पर विशेष जोर दिया कहा कि किसी भी व्यक्ति की वजह से किसी दूसरे को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए इस दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में भी उन्होंने जानकारी ली, पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि किसी प्रकार की नई परंपरा नहीं डाली जाएगी और जिस तरह से हर साल ईद उल अजहा मनाया जाता है उसी तरह से मनाया जाएगा।

कुर्बानी भी निर्धारित स्थान पर होगी और साफ सफाई की तरफ बेहतर ध्यान देना होगा। थाना प्रभारी निरीकक्षक सुदेशपाल सिंह ने सभी से पर्व शांतिपूर्वक और सौहार्द के साथ मनाए जाने का आह्वान किया। इस मौके पर नगर एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### मां और भाई की हत्या करने वाली लड़की को वाराणसी की जेल भेजने की तैयारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )** मां और भाई की हत्या करने वाली युवती को वाराणसी जेल भेजा जाएगा। कोर्ट के आदेश पर युवती का पहले जिला अस्पताल में मेडिकल चेकअप किया गया। इसके बाद बरेली में डॉक्टरों ने युवती की काउंसिलिंग की। डॉक्टरों द्वारा तैयार की रिपोर्ट के आधार पर ही उसे वाराणसी जेल भेजने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए कोर्ट से अनुमति मांगी गई है। बतादे कि कांठ थाना क्षेत्र के भैंसली जमालपुर उर्फ गदापुर गांव निवासी मुन्नी देवी की मानसिक रूप से कमजोर बेटी (23) ने खूंटे से हमला कर मां और भाई अर्जुन की हत्या कर दी थी। पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में पुलिस कस्टडी में युवती को बरेली ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने युवती का मेडिकल चेकअप और काउंसिलिंग की गई। बरेली के डॉक्टरों ने युवती को वाराणसी जेल भेजने के रिपोर्ट बनाई है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक आलोक सिंह के मुताबिक युवती को वाराणसी जेल भेजा जाएगा। इसके लिए कोर्ट से अनुमति मांगी गई है।

### निर्धारित समय के आखरी दिन तक 2 लाख 37 हजार ने की स्वगणना

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जनगणना-2027 के पहले चरण के तहत सात मई से शुरू हुए स्वगणना गुरुवार को समाप्त हो गई जनपद में 2 लाख 37 हजार लोगों ने स्वगणना में भाग लिया । कल 22 मई से प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे। जिन लोगों द्वारा स्व-गणना की जा चुकी है, उन्हें सिर्फ प्रगणक से स्व गणना आइडी साझा करनी होगी। प्रगणक उसी आइडी का प्रयोग कर गणना की कार्रवाई पूरी करेंगे। खबर लिखे जाने तक जिले में दो लाख 37 हजार लोग स्व-गणना कर चुके थे। एडीएम वित्त एवं राजस्व एवं जिला जनगणना अधिकारी ममता मालवीय ने बताया कि जनगणना के लिए जिले में कुल सात हजार प्रगणकों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रगण्कों की निगरानी के लिए 1500 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। प्रत्येक जिला स्तरीय अधिकारी छह-छह सुपरवाइजरों की निगरानी करेंगे। जिससे किसी भी दशा में लाप. रवाही ना हो। घर-घर पहुंचने से पहले प्रगणकों की ओर से मैपिंग, हाउस लिस्टिंग के काम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## लेखपाल परीक्षा को लेकर रेलवे ने किए खास इंतजाम, चलाई गई स्पेशल ट्रेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** लेखपाल मुख्य लिखित परीक्षा के मद्देनजर परीक्षार्थियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने गुरुवार को विशेष व्यवस्थाएं लागू कीं। मंडल प्रशासन द्वारा मुरादाबाद, बिजनौर समेत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त निगरानी, भीड़ प्रबंधन और विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की गई, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम पूरे दिन स्टेशनों पर तैनात रही और परीक्षार्थियों के आवागमन पर लगातार नजर रखी गई। कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से स्टेशनों और ट्रेनों की मॉनिटरिंग की गई। वहीं रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी ने स्टेशन परिसर, फुटओवर ब्रिज, रेलवे लाइनों और ट्रेनों में लगातार गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखा।अधिक भीड़ की संभावना को देखते हुए मुरादाबाद और बिजनौर स्टेशनों पर अतिरिक्त रैक की व्यवस्था की गई, ताकि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कोच या विशेष ट्रेन चलाई जा सके। इसी क्रम में परीक्षार्थियों की यात्रा सुविधा को ध्यान में रखते हुए बुधवार दोपहर 3 बजे बरेली से सीतापुर सिटी के लिए विशेष ट्रेन संख्या 04326 का संच. ालन किया गया। यह ट्रेन पिताम्बरपुर, तिलहर, शाहजहांपुर, रोजा और मैगलगंज स्टेशनों पर रुकी।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि मुरादाबाद मंडल यात्रियों और परीक्षार्थियों की सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी आवश्यकता अनुसार विशेष व्यवस्थाएं जारी रखी जाएंगी।

## छह जून को मथुरा पहुंचेगी श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति मोटरसाइकिल यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गंगा तट स्थित अत्रि ऋषि की तपोभूमि श्री सिद्धबाबा धाम वनखंडेश्वरी महाद. ेव मंदिर आश्रम रामघाट से श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति एवं सनातन जागृति के संदेश के साथ मोटरसाइकिल यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा पांच जून को रामघाट से प्रारंभ होकर छह जून को मथुरा पहुंचेगी। यात्रा के दौरान श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति का जयघोष एवं सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प लिया जाएगा।

सौंख अड्डा स्थित होटल बृजधाम में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एवं हिन्दू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि यात्रा स्वामी श्री कांताचार्य रामानुज दास महाराज के सानिध्य में निकाली जा रही है। इसमें बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों के श्रद्धालु भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा में लगभग 500 मोटरसाइकिल, 20 कार एवं अन्य वाहन शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा की सफलता के लिए बुलंदशहर, अलीगढ़ एवं मथुरा में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। दो दिवसीय यात्रा के दौरान 25 स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जाएंगी। अलीगढ़ में रात्रि विश्राम के दौरान एक विशाल सम्मेलन भी प्रस्तावित है। महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यात्रा वृंदावन और मथुरा शहर में भ्रमण करेगी। इसके उपरांत सलेमपुर रोड स्थित केडीएस इंटरनेशनल स्कूल में सभा आयोजित होगी। उन्होंने दावा किया कि श्री कृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह स्थल पर मंदिर तोड़कर औरंगजेब द्वारा मस्जिद



का निर्माण कराया गया था। उसी स्थान पर मंदिर निर्माण की मांग को लेकर यह आंदोलन चलाया जा रहा है। संत कांताचार्य रामानुज दास महाराज ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म, संस्कृति और सभ्यता को मजबूत करना तथा देशभर के हिंदुओं को एक मंच पर जोड़ना है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी गंगा तट से श्री कृष्ण जन्मभूमि तक पदयात्रा निकाली गई थी। गांव-गांव जाकर लोगों को आंदोलन की जानकारी दी जा रही है और बड़ी संख्या में लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं। चिंतामणि कुंज वृंदावन के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. आदित्यानंद जी महाराज ने कहा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर मुक्ति को लेकर निकाली जा रही यह यात्रा आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा विषय है। समाज के हर वर्ग में इस अभियान को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और आने वाली पीढिय्यों को अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिए ऐसे जनजागरण अभियान आवश्यक हैं। यात्रा में नारी शक्ति की विशेष भागीदारी भी रहेगी, क्योंकि महिलाएं परिवार और समाज में सनातन संस्कारों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आर.बी. चौधरी ने कहा कि हिंदू समाज अपने अधिकार की मांग कर रहा है और इतिहास इस बात का साक्षी है कि श्री कृष्ण जन्मभूमि स्थल पर मंदिर तोड़कर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। इस अवसर पर विनोद शर्मा, नरवेश सिंह, लोमेश चौधरी, प्रमोद राजपूत, सुशील उपाध्याय एवं वेदांश भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## जेसीबी से दीवार गिराने के बारे में पूछने पर मारपीट पुलिस ने तीन को किया नामजद

कांठ(शाह टाइम्स) जेसीबी से दीवार गिराने का कारण पूछा तो मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन को नामजद किया है रुस्तमपुर गांव निवासी अमन कुमार का कहना था कि उसकी जमीन पर 20 साल पहले से टावर लगा हुआ है जिसके सामने एक साल पहले उन्होंने 6 फीट ऊंची दीवार कराई थी 16 मई की रात को वह बाहर आया तो गांव निवासी विमल कुमार उसे गाली देने लगा और कहा कि मैं तेरे दीवार उखाड़ दूंगा और 19 मई की रात में किसी समय जितेंद्र सुमित ने जेस. ीबी से पूरी दीवार गिरा दी सुबह दीवार गिराने का कारण पूछने जितेंद्र के घर गया तो जितेंद्र और सुमित दोनों गाली गलोज करने लगे और कहा जो तुझसे हो कर लेना पीड़ित थाने पहुंचा और उसने विमल कुमार पुत्र भारत जितेंद्र पुत्र करन सिंह और सुमित कुमार पुत्र जितेंद्र के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने तीनों को नामजद कर जांच शुरू की है।

## रोबोटिक सर्जरी बन रही मरीजों के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आधुनिक चिकित्सा तेजी से बदल रही है और अस्पतालों में हो रही सबसे महत्वपूर्ण प्रगति में से एक है रोबोटिक सर्जरी। यह कोई साइंस फिक्शन नहीं है रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम आज दुनिया भर के अस्पतालों में उपयोग किए जा रहे हैं, जो सर्जनों को जटिल ऑपरेशन अधिक सटीकता, अधिक सुरक्षा और मरीजों के लिए बेहतर परिणामों के साथ करने में मदद कर रहे हैं। यह तकनीक कैसे काम करती है, क्यों महत्वपूर्ण है और कैसे यह पहले से ही लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है, इसे समझना जरूरी है। रोबोटिक सर्जरी का मतलब यह नहीं है कि कोई रोबोट अपने आप ऑपरेशन करता है। पूरी प्रक्रिया के दौरान सर्जन का नियंत्रण बना रहता है। सर्जन एक कंसोल पर बैठकर रोबोटिक आर्म्स को नियंत्रित करता है, जो मरीज के शरीर के अंदर उन्हीं गतिविधियों को बेहद सटीक तरीके से दोहराते हैं। आमतौर पर यह सिस्टम एक साथ कई सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट्स और एक कैमरे को नियंत्रित कर सकता है। इसे ऐसे



समझा जा सकता है जैसे सर्जन को अतिरिक्त क्षमता वाले हाथ मिल गए हों, जो सामान्य मानवीय हाथों की तुलना में कहीं अधिक सटीकता से काम कर सकते हैं। मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के जनरल सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. अतुल वाधवा ने बताया "ये सिस्टम मानव शरीर की प्राकृतिक गतिविधियों की नकल करने के लिए बनाए गए हैं। कुछ आधुनिक सिस्टम मूवमेंट को 20 गुना तक अधिक सटीक बना सकते हैं और हाथों की अनैच्छिक कंपन (ट्रेमर) को स्वत: फिल्टर कर देते हैं, जिससे उपकरणों तक केवल नियंत्रित और सटीक गति. विधियां ही पहुंचती हैं। कई सिस्टम कलाई जैसी मूवमेंट की क्षमता और सर्जरी वाले हिस्से का थ्री-डायमेंशनल हाई-डेफिनिशन दृश्य प्रदान करते हैं, जिससे सर्जन को गहराई और बारीकियों की ऐसी स्पष्ट जानकारी मिलती है जो पारंपरिक सर्जरी में संभव नहीं होती।" डॉ. अतुल ने आगे बताया "रोबोटिक सर्जरी अब भविष्य की तकनीक नहीं रह गई है, बल्कि दुनिया भर के अस्पतालों में रोजमर्रा के इलाज का हिस्सा बन चुकी है। इसका उपयोग कोलोरेक्टल कैंसर, इंफ्लेमेटरी बॉवेल डिजीज और रेक्टल प्रोलैप्स जैसी स्थितियों के इलाज में व्यापक रूप से किया जा रहा है। पारंपरिक सर्जरी की तुलना में इसमें जटिलताओं का जोखिम कम होता है, रिकवरी तेजी से होती है और मरीजों को अस्पताल में कम समय बिताना पड़ता है। इस तकनीक को अपनाने का स्तर भी इसकी उपयोगिता को स्पष्ट करता है। दुनिया भर में बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज दा विंची रोबोटिक सिस्टम का उपयोग करने वाले सर्जनों द्वारा किया जा चुका है। अमे. रिकन कॉलेज ऑफ सर्जन्स की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 2022 से 2023 के बीच एक वर्ष में ही इन सिस्टम्स के उपयोग में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।" रोबोटिक सर्जरी अब आने वाले कल की चिकित्सा नहीं है, बल्कि आज का स्थापित मानक बन चुकी है। उपलब्ध प्रमाण बताते हैं कि लाखों मरीजों के लिए यह तकनीक सर्जरी को अधिक सुरक्षित, तेज और कम भयावह बना रही है।

## बिना अनुमति आम के पेड़ काटने को लेकर तीन पर एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** बिना अनुमति आम के पेड़ काटे जाने को लेकर वनरक्षक की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामला मुख्तियारपुर नवादा गांव का है बताया गया कि वन विभाग को किसी ने बिना अनुमति आम के पेड़ काटे जाने की सूचना दी थी इस पर डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह मनोज कुमार वर्मा मौके पर पहुंच गए वहां 18 आम के ताजा ठूठ कटे हुए मिले इसके बाद लेखपाल को बुलाया गया उसने बताया कि आम का बाग किशन सिंह एवं बलबीर सिंह का है बाग मालिक को मौके पर बुलाया गया और पेड़ काटने की परमिशन मांगी गई लेकिन परमिशन न मिलने पर उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की संशोधित धारा 4/10 के तहत वनरक्षक नीटू चौहान की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात सहित तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## मानसरोवर कॉलोनी में कार सवार महिला के साथ की अभद्रता, वीडियो वायरल, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र स्थित मानसरोवर कॉलोनी में एक कार सवार महिला के साथ बारात में शामिल कुछ युवकों द्वारा अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पीड़ित महिला ने मझोला थाने में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।महिला के अनुसार, वह 10 मई की रात करीब 11:30 बजे अपनी कार से मानसरोवर कॉलोनी स्थित एक अस्पताल में रिश्तेदार का हालचाल लेने जा रही थीं। इसी दौरान होटल के पास एक बारात निकल रही थी, जिससे सड़क पर जाम लगा हुआ था। महिला ने अपनी कार निकालने के लिए हॉर्न बजाया तो बारात में शामिल कुछ युवक भड़क गए। आरोप है कि युवकों ने महिला की कार को घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। इतना ही नहीं, कार में तोड़फोड़ कर नुकसान भी



पहुंचाया गया।पीड़िता का कहना है कि घटना का वीडियो और वाहन क्षति के फोटो उनके पास मौजूद हैं। घटना के बाद जब संबंधित लोगों से बात करने की कोशिश की गई तो उन्हें धमकी भरे अंदाज में जवाब दिया गया।इस मामले में एसपी सिटी कुमार रणविजय ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएचसी में किया प्रदर्शन

**कांठ( शाह टाइम्स )** विभिन्न समस्याओं को लेकर आज साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने प्रदर्शन करते हुए विभिन्न



समस्याओं के समाधान की मांग उठाई उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभी संविदा एवं आउटसोर्स कार्मिकों का वेतन प्रत्येक माह देना सुनिश्चित किया जाए जिससे उन्हें आर्थिक संकट से ना गुजरना पड़े, स्पष्ट एवं स्थाई वेतन नीति लागू की जाए तथा न्यूनतम मासिक वेतन 18 हजार निर्धारित किया जाए और समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था भी होनी चाहिए, कार्मिकों हेतु सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत ग्रेच्युटी स्वास्थ्य बीमा एवं अन्य कर्मचारी हितकारी सुविधा भी लागू की जानी चाहिए, कहा कि आउटसोर्स माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को सेवा निगम के लाभ प्रदान करते हुए जिला स्वास्थ्य समिति राज्य स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत समायोजित किया जाए, कार्मिकों हेतु स्थानांतरण नीति लागू की जाए जिससे आवश्यक परीस्थिति में कर्मचारियों को गृह जनपद या निकटवर्ती जनपद में तैनाती मिल सके और लंबे समय से कार्यरत कार्मिकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके हितों के संरक्षण के लिए एक स्थाई नीति बनाई जानी चाहिए। कहा कि यदि 25 मई तक समस्त लंबित वेतन का भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया तो कर्मचारी संघ मुख्यमंत्री आवास पर जाकर प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर डॉ जुल्फिकार अहमद डॉक्टर अजय डॉक्टर अर्श सी एच ओ मुकेश चंद्रशेखर यादव अनिल सैनी आदि मौजूद रहे।

## आपसी सहयोग की जरूरत

देश में यह क्या हो रहा है, एक तरफ देश में आर्थिक मंदी की आशंका जताई जा रही है, और लोगों को सतर्क रहने को कहा जा रहा है। वहीं हमारे राजनेता अपनी भाषा को लेकर ही संयमित दिखाई नहीं दे रहे हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तो प्रधानमंत्री मोदी और देश के गृहमंत्री अमित शाह व आरएसएस जैसे संगठन पर न सिर्फ सीधे हमला बोला, बल्कि भाजपा की सारी सीमाएं लांघ गए। बुधवार को रायबरेली में उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सभा में पीएम मोदी व अमित शाह को सीधे गद्दार कह डाला। आरएसएस को भी नहीं बख्शा। राहुल गांधी कह रहे थे कि पीएम मोदी ने हिन्दुस्तान के आर्थिक सिस्टम को बेच दिया, उन्होंने अडानी, अम्बानी को और अमेरिका को हिन्दुस्तान का आर्थिक सिस्टम पकड़ा दिया। पीएम के लिए जिस तरह की भाषा का उन्होंने इस्तेमाल किया, उसे जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। इसमें कोई दोराय नहीं कि पश्चिमी एशिया का संकट विश्व के देशों के साथ-साथ भारत पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। विदेशी धरती से पीएम मोदी देशवासियों का इस ओर ध्यान दिला चुके हैं और कह चुके हैं कि आने वाला समय बेहद संकट भरा हो सकता है। यही बात राहुल गांधी भी कह रहे हैं। बल्कि दो कदम आगे जाकर, रायबरेली में उन्होंने कहा कि देश में ऐसा आर्थिक तूफान आने वाला है, जो अब तक देशवासियों ने कभी नहीं देखा होगा और इस तूफान के लिए पश्चिम एशिया संकट से ज्यादा केंद्र में बैठी मोदी सरकार की कार्यशैली को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। एक बात साफ है कि वास्तव में देश में इस समय बड़ा संकट है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के संकट से निपटने के लिए देश का एकजुट होना जरूरी है। ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि सत्तापक्ष व विपक्ष इस संबंध में विचार-विमर्श कर आगे बढ़ते, लेकिन हो क्या रहा है, सत्ता पक्ष अपनी ही भाषा बोल रहा है, तो विपक्ष उससे बिल्कुल विपरीत दिशा में जाता दिखाई दे रहा है। जाहिर है, किसी बड़े संकट से इस तरह नहीं निपटा जाता और इससे जनता के बीच भ्रम की स्थिति बनती है और एक अंदेखा डर उस पर हावी होने लगता है, जो होता भी दिखाई दे रहा है। हर कोई सोच रहा है कि आखिर आने वाला वक्त कैसा होगा। जोकि स्वाभाविक भी है। इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि इस तरह के वातावरण के लिए मोदी सरकार ही जिम्मेदार है। अबकी ही बात नहीं बल्कि दस-बारह साल में जिस तरह उसका काम करने का तरीका है, उसे लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। भले ही वह सबको साथ लेकर चलने की बात करती हो, लेकिन उसके क्रियाकलापों से ऐसा नहीं लगा कि वह विपक्ष को साथ लेकर चलना चाहती है। आर्थिक संकट का मामला कोई राजनी. तिक नहीं है और न ही वोटों के ध्रुवीकरण का मामला है। यह सीधे हमारे देश के भविष्य से जुड़ा है और बेहतर तरीका यही है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष टकराने के बजाए एक-दूसरे का सहयोग करें।

## एक जाल जिससे मुक्ति आवश्यक है

### वर्तमान शिक्षा प्रणाली


रजनीश कपूर

सभी जानते हैं कि शिक्षा को ज्ञान का दीपक माना जाता है। लेकिन आज के युग में वास्तविकता यह है कि हमारी मौजूदा शिक्षा व्यवस्था एक ऐसा जाल बन गई है जिसमें लाखों-करोड़ों युवा फंस रहे हैं। यह प्रणाली न तो सच्चे कौशल विकसित करती है और न ही नवाचार को प्रोत्साहित करती है। बल्कि यह छात्रों को एक सांचे में ढालकर औसत जीवन की ओर धकेल रही है। बदलाव की मांग अब न केवल जरूरी बल्कि अनिवार्य बन चुकी है। तो ऐसा क्या किया जाए कि देश की युवा पीढ़ी शिक्षित भी बनें और अपने पसंद के क्षेत्र में निपुण भी बनें।

सफल उद्यमियों की कहानियां गवाह हैं कि बड़ी कंपनियों के संस्थापकों ने अक्सर पारंपरिक शिक्षा के इस जाल से खुद को बचाया। उनकी सफलता का राज रट्टा मारने या परीक्षा में अंक लाने में नहीं, बल्कि व्यावहारिक सोच, जोखिम लेने की क्षमता और निरंतर सीखने में छिपा है। इसके विपरीत, हमारी शिक्षा प्रणाली अमीर और गरीब के बीच खाई को और चौड़ा कर रही है। अमीर बच्चे बेहतर संसाधनों और अतिरिक्त कोचिंग के साथ आगे बढ़ते हैं, जबकि गरीब परिवार के बच्चे सीमित अवसरों में संघर्ष करते रह जाते हैं। शिक्षा की इस व्यवस्था में रचनात्मकता को कुचला जा रहा है। उदाहरण के लिए अधिकतर कक्षाओं में बच्चों को सरल .श्य बनाने या मानकीकृत उत्तर लिखने को कहा जाता है, न कि स्वतंत्र सोच विकसित करने को। परिणामस्वरूप, वे किसी बड़े कारखाने की असेंबली लाइन से निकलने वाले उत्पादों की तरह एक जैसे बन जाते हैं। 'तारे जमीन पर' और 'थ्री इडियट्स' जैसी फिल्में भले ही सफलता से बेहतर उत्कृष्टता का संदेश देती हों, लेकिन समाज और परिवार अभी भी प्रतिशत और रैंकिंग की दौड़ में बच्चों को धकेल रहे हैं। ऐसे में जीवन को 'दौड़' बताकर तनाव बढ़ाया जा रहा है, जबकि वास्तव में हर बच्चे की अपनी गति और प्रतिभा होती है, जिस पर कोई ध्यान ही नहीं देता। तकनीकी प्रगति की तुलना करें तो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और एआई जैसे क्षेत्रों में दुनिया तेजी से बदल रही है, लेकिन कुछ अपवादों को छोड़ कर कक्षाएं अभी भी सौ साल पुरानी शैली में चल रही हैं। बोर्ड, चॉक और रट्टा-आधारित पढ़ाई छात्रों को भविष्य के लिए तैयार नहीं कर पा रही। अल्बर्ट आइंस्टीन का प्रसिद्ध उदाहरण यहां पूरी तरह लागू होता है, मछली को पेड़ पर चढ़ने की परीक्षा देकर उसकी बुद्धिमत्ता का आकलन करना अन्याय है। हर बच्चे की प्रतिभा अलग-अलग क्षेत्र में होती है, लेकिन एक आकार-एक फिट वाली प्रणाली इसे नजरअंदाज कर देती है। उल्लेखनीय है कि इस व्यवस्था की जड़ें ब्रिटिश काल से जुड़ी हैं, जब 1835 में एक नीति बनाई गई जिसका उद्देश्य सच्चा सशक्तिकरण नहीं बल्कि आज्ञाकारी नागरिक तैयार करना था। आज भी स्कूल और कॉलेज उन पूर्वनिर्धारित भूमिकाओं के लिए ग्रेजुएट तैयार कर रहे हैं, न कि नवप्रवर्तक या नेता। ग्रेडिंग सिस्टम बुद्धिमत्ता को केवल परीक्षा अंकों तक सीमित कर देता है, जबकि संचार, समझौता कौशल और समस्या-समाधान जैसे जीवन-महत्वपूर्ण गुणों की उपेक्षा की जाती है। ऐसे में इन सब के परिणाम भयावह हैं। स्नातकों में से आधे से अधिक नौकरी के योग्य नहीं पाए जाते। कॉर्पोरेट जगत में प्रवेश के बाद संचार की कमी, सकारात्मक दृष्टिकोण की कमी और निरंतर सीखने की इच्छा की कमी उजागर हो जाती है। जर्मनी जैसी देशों में दोहरी शिक्षा प्रणाली है, जहां सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव जुड़ा होता है, लेकिन हमारे यहां छात्र स्नातक होने तक केवल किताबी ज्ञान पर ही निर्भर रहते हैं। नतीजारू अच्छे अंक लाने वाले छात्र भी बेरा. ेजगारी का शिकार हो जाते हैं। आपको याद होगा जब 2025 में राजस्थान के चपरासीध्चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 53,000 पदों की भर्ती के लिए करीब 25 लाख युवाओं ने आवेदन किया था। इनमें से लगभग 85 प्रतिशत से 90 प्रतिशत उम्मीदवार उच्च शिक्षित (ग्रेजुएट, पोस्ट-ग्रेजुएट, बीटेक और पीएचडी) थे। इस जाल का सबसे दर्दनाक पहलू मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव है। नौकरी न मिलने की निराशा से हर साल हजारों छात्र आत्महत्या कर लेते हैं या गुनाह का रास्ता अपना लेते हैं। आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में दाखिला पाने की होड़ में व्यक्तिगत रुचि और क्षमता को नजरअंदाज किया जाता है, जिससे जलन और हताशा बढ़ती है। ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि, शिक्षा डिग्री-केंद्रित हो गई है, कौशल-केंद्रित नहीं। इसलिए समय आ गया है कि हम डिग्री से कौशल की ओर मुड़ें। रट्टा मारने की बजाय अवधारणात्मक समझ, व्यावहारिक उदाहरण और समस्या-समाधान पर जोर दिया जाए। वित्तीय शिक्षा अनिवार्य हो। बच्चों को एसेट-लायबिलिटी का अंतर, मुद्रास्फीति से लड़ना, निवेश बनाम खर्च और जल्दी बचत करने का महत्व सिखाया जाए। स्कूलों में कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मार्केटिंग और आर्थिक मामलों जैसे भविष्योन्मुखी विषयों को भी शामिल किया जाए। इसके साथ ही बिजनेस सिमुलेशन प्रोजेक्ट्स शुरू किए जाएं ताकि बच्चे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरियां पैदा करने वाले बनें। जोखिम लेने की क्षमता विकसित करने के लिए गणना-आधारित प्रयोगों को प्रोत्साहन मिले। हमारे शिक्षक इस व्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए उनका नियमित प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरणों से लैस होना और प्रदर्शन-आधारित मूल्यांकन जरूरी है। प्रेरित शिक्षक सैकड़ों जीवन बदल सकते हैं। आज के भाग-दौड़ भरे युग में मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल भी शिक्षा का हिस्सा बनें। बच्चे एक ओर गणित सीखते हैं, लेकिन तनाव प्रबंधन नहीं। समय प्रबंधन, नागरि. कता भावना, संचार कौशल सातवीं कक्षा से अनिवार्य हों। संचार की मजबूती ही समाज में सम्मान या अपमान तय करती है।शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी दिलाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच विक. सित करना होना चाहिए। प्राचीन भारतीय गुरुकुल प्रणाली में हर छात्र की व्यक्तिगत क्षमता के अनुसार शिक्षा दी जाती थी।

### श्रीमुख से...

#### घुसपैठियों का समर्थन गद्दारी



एक तरफ पूरी दुनिया भारत और प्रधानमंत्री की ओर बहुत भरोसे के साथ देखती है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी अपने शब्दों और भाषणों के जरिये बार-बार अपना असली स्वभाव और चरित्र दिखा रहे हैं, भारत की जनता उन्हें बार-बार नकार रही है और वह एक के बाद एक चुनाव हार रहे हैं, इसकी वजह से जो हताशा और एक तरह की कुंठा उनमें पैदा हुई है, वह उनके व्यवहार में साफ झलकती है, वह जिस तरह से अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं और प्रधानमंत्री के बारे में अपमानजनक बातें करते हैं, वह निंदनीय है, जिस तरह से कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार घुसपैठियों का समर्थन करते हैं, वह गद्दारी है।

-पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

### अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## इबोला का डर : नजर रखें और सतर्क रहें

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने असाधारण तत्परता दिखाते हुए मध्य अफ्रीका में इबोला के प्रकोप को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चिंता वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया। यहां तक ध्र्कि उसने परंपरा के मुताबिक विशेषज्ञ पैनलिस्टों की आपातकालीन समिति की सलाह का इंतजार भी नहीं किया। इसके बावजूद, दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा त्वरित कार्रवाई के लिए डब्ल्यूएचओ को सराहा गया है। इसकी वजह यह है कि इस प्रकोप के लिए जिम्मेदार वर्तमान स्ट्रेन – असामान्य बंडीबुग्यो स्ट्रेन – से पैदा होने वाली कई अनिश्चितताएं हैं। इस स्ट्रेन ने अतीत में कम प्रकोप पैदा किए हैं और टीकों (जो आम जैरे स्ट्रेन के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी हैं) तथा अन्य उपचारों जैसे आमतौर पर प्रभावी उपायों की प्रभावकारिता का वर्तमान में बंडीबुग्यो के साथ परीक्षण नहीं किया गया है। पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) और युगांडा में इबोला के नए प्रकोप की सूचना मिली है।

ऐसा कहा जाता है कि यह बीमारी छोटी है और दोनों देशों के बीच एक सीमित सीमावर्ती क्षेत्र तक ही सीमित है, लेकिन अभी भी इस बात को लेकर चिंताएं हैं कि इस क्षेत्र में चल रहे संघर्ष और विस्थापन के चलते मामले अनदेखे रह सकते हैं, जिससे यह फैल सकती है और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बाधित हो सकती है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 16 मई, 2026 तक,




बहरहाल, डब्ल्यूएचओ ने 50 फीसदी मृत्यु दर वाली स्थिति से निपटने के लिए जोखिम से बचने का सही रास्ता अपनाया है। हालांकि उसका कहना है कि वायरल स्ट्रेन, चिकित्सा देखभाल तक पहुंच और उपचार की रफ्तार के आधार पर मृत्यु दर 25 फीसदी से 50 फीसदी के बीच हो सकती है, लेकिन इस बार बंडीबुग्यो स्ट्रेन के कारण कुछ अनिश्चितताएं सामने आई हैं। इबोला संक्रामक है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में शरीर के तरल पदार्थों और दूषित सतहों के संपर्क में आने से फैल सकता है और घातक हो सकता है। साल 2014-16 में गिनी, लाइबेरिया और सिएरा लियोन में फैले भयावह प्रकोप के परिणामस्वरूप 28,600 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए थे

डीआरसी के इटुरी प्रांत में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए आठ मामले, 246 संदिग्ध मामले और 80 संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। युगांडा के कंपाला में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए दो मामले (जिनमें एक मौत भी शामिल है) सामने आए हैं, जिनका आपस में कोई स्पष्ट संबंध नहीं है। डब्ल्यूएचओ ने कई कारकों -प्रारंभिक नमूनों की उच्च सकारात्मकता दर 13 नमूनों में से आठ सकारात्मक कंपाला में मामलों की पुष्टि संदिग्ध मामलों की सिंड्रोमिक रिपोर्टिंग में बढ़ते रुझान और इटुरी प्रांत में मौतों के समूह को सूचीबद्ध किया है, जो संभावित रूप से पता लगाए जा रहे प्रकोप से कहीं ज्यादा बड़े प्रकोप की ओर इशारा करते हैं।

बहरहाल, डब्ल्यूएचओ ने 50 फीसदी मृत्यु दर वाली स्थिति से निपटने के लिए जोखिम से बचने का सही रास्ता अपनाया है। हालांकि उसका कहना है कि वायरल स्ट्रेन, चिकित्सा देखभाल तक पहुंच और उपचार की रफ्तार के आधार पर मृत्यु दर 25 फीसदी से 50 फीसदी के बीच हो सकती है, लेकिन इस बार बंडीबुग्यो स्ट्रेन के कारण कुछ अनिश्चितताएं सामने आई हैं। इबोला संक्रामक है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में शरीर के तरल पदार्थों और दूषित सतहों के संपर्क में आने से फैल सकता है और घातक हो सकता है। साल 2014-16 में गिनी, लाइबेरिया और सिएरा लियोन में फैले भयावह प्रकोप के परिणामस्वरूप 28,600 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए थे और 11,325 मौतें हुई थीं। डब्ल्यूएचओ ने शुरू में ही उच्चतम स्तर की वैश्विक चेतावनी जारी करके इस संकट से निपटने में दुनिया से सहयोग का आह्वान किया है। इस चरण में प्रकोप नियंत्रण गतिविधियों में अनिवार्य रूप से रोगी और संपर्क का कारगर तरीके से पता लगाना, प्रत्येक रोगी के लिए गहन सहायता, सुरक्षित एवं सम्मानजनक अंतिम संस्कार, टीकाकरण (अगर वे कारगर हों) और आम जनता के बीच इस बीमारी के बारे में जानकारी फैलाने के लिए सामाजिक लामबंदी शामिल होनी चाहिए।

## जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता का गहराता संकट

### अंतर्राष्ट्रीय जैव विवधता दिवस पर विशेष


योगेश कुमार गोयल

मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर जैव विविधता पर गंभीर संकट मंडरा रहा है और जीव-जंतुओं, वनस्पतियों इत्यादि की अनेक प्रजातियां तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। जीव-जंतु और वनस्पति ही धरती पर बेहतर और जरूरी पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं लेकिन प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। अनेक शोधों से यह चिंताजनक तथ्य सामने आ चुका है कि पृथ्वी का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद खराब हो चुका है। मानवीय दखल से दूर रहने के कारण और स्थानीय जनजातीय लोगों की भूमिका के चलते धरती का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा ही पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित रह गया है। जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने तथा धरती पर मौजूद जंत. ुओं और पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को एक खास थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का इस वर्ष का विषय है 'वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना', जो इस तथ्य को उजागर करता है कि पृथ्वी को बचाने की शुरुआत छोटे-छोटे स्थानीय प्रयासों से ही होती है। अमे. रिका की यूनिवर्सिटी आफ एरिजोना के शोधकर्ताओं का मानना है कि अगले पांच दशकों में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रत्एक तीन में से एक यानी एक तिहाई प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी। शोधकर्ताओं ने दुनियाभर के छह सौ स्थानों पर पांच सौ से ज्यादा प्रजातियों पर एक दशक तक अध्ययन करने के बाद पाया कि अधिकांश स्थानों पर 44 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। इस अध्ययन में विभिन्न मौसमी कारकों का अध्ययन करने के बाद शोधकर्ताओं इस नतीजे पर पहुंचे कि यदि गर्मी ऐसे ही बढ़ती रही तो 2070 तक दुनियाभर में कई प्रजातियां खत्म हो जाएंगी। ब्रिटेन स्थित 'स्मिथसोनियन एनवायरनमेंटल रिसर्च सेंटर' के मुता. बिक विश्व के केवल 2.7 प्रतिशत हिस्से में ही अप्रभावित जैव विविधता बची है, जो बिल्कुल वैसी ही है, जैसी पांच सौ वर्ष पूर्व हुआ करती थी। इन क्षेत्रों में सदियों पहले जो पेड़-पौधे और जीव पाए जाते थे, वे प्रजातियां आज भी मौजूद हैं। जो अप्रभावित जैव विविधता वाला क्षेत्र बचा है, वह भी जिन-जिन देशों की सीमाओं के अंतर्गत आता है, उनमें से केवल 11 प्रतिशत क्षेत्र को ही संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अप्रभावित जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से अधिकांश इलाके उत्तरी गोलार्ध में आते हैं, जहां मानव उपस्थिति कम रही है, लेकिन अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ए जैव विविधता से समृद्ध नहीं थे। 'इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर' आइयूसीएन एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले समय में इनके विलुप्त होने की संख्या तथा दर में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आइयूसीएन ने करीब एक लाख पैंतीस हजार प्रजातियों का आकलन करने के बाद इनमें से सैंतीस हजार चार सौ प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानते हुए खतरे की सूची में शामिल किया था।





नई दिल्ली। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) द्वारा वाणिज्यिक वाहनों पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति उपकर बढ़ाने के फैसले के विरोध में बुलाई गई तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान कतार में खड़े ऑटो-रिक्शा।

## हिजबुल्ला ने इजरायली सेना पर 24 हमलों का किया दावा

**बेरूत।** हिज्जबुल्ला ने दावा किया है कि उसने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना के ठिकानों को निशाना बनाकर 24 सैन्य अभियान चलाए हैं। ये हमले रॉकेट, तोपखाने और ड्रोन के जरिए इजरायली सैनिकों के जमावड़े और सैन्य वाहनों को निशाना बनाकर किए गए। समूह ने एक बयान में कहा कि 20 मई, को इस्लामिक रेजिस्टेंस ने दुश्मन इजरायली सेना के खिलाफ 24 लड़ाकू ऑपरेशन किए। हिज्जबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अवीविम, रमीम, रामोट नफताली और माले गोलानी जैसे इलाकों में इजरायली सैनिकों के ठिकानों और सैन्य जमावड़े को निशाना बनाया। इसके साथ ही लेबनानी सीमा पर कई बस्तियों को भी निशाना बनाया गया है। समूह ने कहा कि हमलों में ड्रोन, रॉकेट और आर्टिलरी फायर शामिल थे।

# ईरान जंग पर ट्रम्प-नेतन्याहू में मतभेद उजागर

## अमेरिकी प्रशासन डील चाहता है, इजरायल बोलाः हमला नहीं रुकना चाहिए, ऐसा किया, तो गलती होगी

**तेल अवीव/वाशिंगटन।** ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू चाहते हैं कि ईरान पर हमले जारी रहें, जबकि ट्रम्प फिलहाल बातचीत और डील को मौका देना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत हुई। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा कि ईरान पर प्रस्तावित हमले रोकना गलती है और सैन्य कार्रवाई जारी रहनी चाहिए।

ट्रम्प ने नेतन्याहू को बताया था कि अमे. रिका ईरान पर नए टारगेटेड हमले की तैयारी कर रहा है। इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन स्लेजहैमर' नाम दिया जाना था, लेकिन करीब 24 घंटे बाद ट्रम्प ने घोषणा कर दी कि मंगलवार के लिए तय हमलों को फिलहाल रोक दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों की





■ कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों की अपील पर यह फैसला लिया गयाः ट्रम्प

अपील पर यह फैसला लिया गया। ज्ञात रहे कि अमेरिकी सीनेट में ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव 50. 47 से पास हुआ। पार रिपब्लिकन सांसदों ने भी ट्रम्प के खिलाफ वोट दिया, अगर कानून बना तो ईरान के खिलाफ जंग जारी रखने के लिए ट्रम्प को कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। वहीं ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब सवाल सिर्फ यह है कि अमेरिका आगे पूरी कार्रवाई करेगा या ईरान समझौता करेगा। पिछले 24 घंटे में 26 जहाज ईरानी मंजूरी के बाद होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। इनमें तेल टैंकर और कामर्शियल जहाज शामिल थे। बताते चलें कि ईरान में इंटरनेट शटडाउन को आज 83 दिन हो गए हैं। इंटरनेट निगरानी संस्था नेटब्लाक्स के मुता. बिक देश में अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट नेटवर्क करीब 1968 घंटे से ज्यादा समय से बड़े पैमाने पर बंद हैं। रिपोर्ट के अनुसार ईरान सरकार ने 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर ही देशभर में इंटरनेट पाबंदियां लगा दी थीं। इससे पहले जनवरी में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान भी करीब 20 दिनों तक इंटरनेट सेवाएं बाधित रही थीं। इसी बीच रूस ने कहा है कि ईरान संकट का हल सिर्फ डिप्लोमेसी और बातचीत के जरिए ही संभव है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि ईरान के हितों का सम्मान किया जाना जरूरी है। जखारोवा ने कहा कि रूस, ईरान और अमे. रिका के बीच बातचीत के जरिए जो भी समझौता होगा, उसे लागू कराने में मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी साफ कहा कि ईरान के यूरेनियम भंडार का भविष्य तय करने का अधिकार सिर्फ ईरान के पास है। इस मुद्दे पर कोई बाहरी देश फैसला नहीं कर सकता। ईरान और उसके विरोधियों के बीच जारी सीजफायर बातचीत के दौरान हालात ऐसे बन गए हैं जहां कोई भी पक्ष खुलकर युद्ध नहीं चाहता, लेकिन दोनों यह दिखाना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर वे लड़ाई फिर शुरू करने के लिए तैयार हैं। किंग्स कॉलेज लंदन के लेक्चरर राब गीस्ट पिनफोल्ड के मुताबिक ईरान को लग रहा है कि लंबी बातचीत से उसकी स्थिति और मजबूत हो रही है।

# पाक के जरिये नया अमेरिकी युद्ध विराम प्रस्ताव

## समीक्षा कर रहा ईरान, अब तक तेहरान ने प्रस्ताव को लेकर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया

**तेहरान।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया संघर्ष को स्थाई रूप से खत्म करने के लिए पाकिस्तान के जरिये नया युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। अल अरबिया की रिपोर्ट के मुता. बिक, इस मामले से जुड़े कूटनीतिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है, लेकिन अब तक उसने कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया है। दोनों पक्षों के बीच मतभेद कम करने के लिए मध्यस्थ लगातार कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ईरान यात्रा का प्लान बनाया है।

इससे पहले ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा था कि ईरान अमेरिका के साथ अच्छी नीयत से बातचीत कर रहा है, लेकिन उसे अमेरिका पर अब भी गहरा शक है। ईरान के सरकारी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक, बघाई ने कहा कि ईरान को उसके 14 सूत्रीय प्रस्ताव पर अमे. रिका का जवाब मिल गया है और उसकी समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी की तेहरान यात्रा का मकसद दोनों पक्षों के बीच बातचीत को आसान बनाना है। बघाई ने कहा कि इस समय हमारी प्राथमिकता लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म करना है। ईरान ने अपनी मुख्य मांगों में जमा फंड जारी करने, समुद्री रास्तों में कथित बाधाएं खत्म करने और ईरानी जहाजों को निशाना बनाने वाली कार्रवाइयों को रोकने की बात कही है। उन्होंने दोहराया कि तेहरान पूरी गंभीरता और अच्छी भावना के साथ बातचीत कर रहा है। लेकिन अमेरिका को भी ईमानदारी दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में वाशिंगटन का रिकार्ड बहुत खराब रहा है, इसलिए गहरे अविश्वासश वाला बातचीत का माहौल है। उन्होंने कहा, हमारी नजरें खुली हैं और हमारी सेना पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान किसी भी तरह का भरोसा जताए बिना भी बातचीत जारी रखेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से मुलाकात की। नकवी इस सप्ताह दूसरी बार तेहरान पहुंचे और उन्होंने ईरान के गृह मंत्री तथा राष्ट्रपति से बातचीत की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने नकवी के साथ बैठक में क्षेत्रीय हालात, ईरान-अमेरिका के अप्रत्यक्ष वार्ता और कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की। वहीं, इजरायली मीडिया संस्थान सी-14 ने दावा किया कि पाकिस्तान की शांति समझौते में दिलचस्पी उसकी आर्थिक मुश्किलों से जुड़ी है। रिपोर्ट में कहा गया कि ईरान और पाकिस्तान के बीच ऐसी समझ बनी है, जिसके तहत पाकिस्तान ईरान को बेहतर समझौता दिलाने में मदद करेगा। इसके बदले ईरान प्रतिबंधों में राहत और संभावित समझौते के बाद मिलने वाले फंड के जरिये पाकिस्तान को उसके कर्ज संकट से उबरने में मदद करेगा। पश्चिम एशिया में हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि कई पक्ष समझौते के जरिये तनाव कम करने की कोशिश में जुटे हैं।



■ ईरान अमेरिका के साथ अच्छी नीयत से बातचीत कर रहा है, लेकिन उसे अमेरिका पर अब भी गहरा शक हैः बघाई

## होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के लिए जहाजों को लेनी होगी अनुमतिः ईरान

**तेहरान।** ईरान ने होर्मुज जलडमरुमध्य में अपने नियंत्रण क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए कहा है कि इस समुद्री मार्ग से गुजरने से पहले सभी जहाजों को अनुमति लेनी होगी और समन्वय स्थापित करना होगा। 'फारस की खाड़ी जलडमरूमध्य प्राधिकरण' ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर जलडमरुमध्य में नियंत्रण क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए कहा कि निंगरानी क्षेत्र पूर्व की ओर ईरान के कुह-ए उबारक से लेकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह के दक्षिण तक और पश्चिम की ओर ईरान के केश्म द्वीप के छोर से लेकर यूएई के उम अल कुवैन तक फैला हुआ है। प्राधिकरण ने कहा कि निर्दिष्ट क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों को फारस की खाड़ी जलमार्ग प्रबंधन प्राधिकरण के साथ समन्वय करना होगा और जलडमरूमध्य में प्रवेश करने से पहले आवाजाही कि अनुमति प्राप्त करनी होगी।

# युद्ध नहीं, सम्मानजनक कूटनीति ही बेहतर रास्ता

■ ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियन ने फिर दोहराया अपना रुख

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को स्पष्ट संदेश दिया है कि उनका देश युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद को प्राथमिकता देता है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि ईरान ने हमेशा अपने सभी दायित्वों का सम्मान किया है और युद्ध से बचने के लिए हर संभव रास्ता अपनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कूटनीतिक विकल्प अभी भी खुले हुए हैं।

पेजेशकियन ने अपने संदेश में स्पष्ट किया कि किसी भी देश को बल या दबाव के जरिए झुकाने की कोशिश करना एक भ्रम है। उन्होंने कहा कि इस तरह की नीतियां लंबे समय में स्थाई समाधान नहीं दे सकतीं। उनके अनुसार, आपसी सम्मान के साथ की गई कूटनीति ही अधिक समझदारी भरा, सुरक्षित और स्थाई रास्ता है। रायटर्स ने ट्रम्प के हवाले से कहा, सब कुछ खत्म हो गया है। उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है। लगभग सब कुछ। अब बस एक ही सवाल है, क्या हम जाकर इसे खत्म कर दें? क्या वे किसी दस्तावेज पर दस्तखत करने वाले हैं? चलिए देखते हैं क्या होता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात. चीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वह क्षेत्र में बड़े युद्ध की बजाय सीमित स्तर पर तनाव या हिंसा को बेहतर मानते हैं। उन्होंने कहा, आदर्श रूप से मैं यह देखना चाह. ूंगा कि बहुत ज्यादा लोगों की बजाय कम लोगों की जान जाए। हम इसे किसी दूसरे तरीके से भी कर सकते हैं, लेकिन मैं कम नुकसान देखना चाहूंगा। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान में खराब आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण लोगों के बीच गुस्सा बढ़ रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान के साथ एक सीमित समझौते का मतलब लंबे समय के संघर्षविराम से है, जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोलना होगा। ट्रम्प ने कहा कि हम इसे एक मौका देने जा रहे हैं। मुझे कोई जल्दबाजी नहीं है।

## दक्षिण कोरिया में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने गुरुवार को सियोल स्थित इमजिगाक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। सिंह दो दिन की दक्षिण कोरिया की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मृति कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्मित यह स्मारक भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया द्वारा युद्ध के दौरान प्रदर्शित साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को समर्पित है। दोनों मंत्रियों ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और उन वीर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिनकी सेवा को कोरिया की जनता आज भी बहुत सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद करती है। रक्षा मंत्री ने कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और मानवीय सहायता के लिए भारत के योगदान की स्थाई विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का साझा इतिहास और बलिदान भारत-कोरिया गणराज्य विशेष सामरिक साझेदारी की मजबूत नींव बने हुए हैं।

# इबोला संकटः भारत-अफ्रीकी संघ शिखर सम्मेलन टला

■ अफ्रीका के कुछ हिस्सों में बदलती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सम्मेलन को फिलहाल टालने का फैसला लियाः सरकार

**नई दिल्ली।** अफ्रीका के कई हिस्सों में इबोला वायरस के मामलों के बीच भारत और अफ्रीकी संघ ने नई दिल्ली में होने वाला इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट स्थगित कर दिया है।

यह सम्मेलन 28 मई से आयोजित होना था। भारत सरकार ने बयान जारी कर कहा कि अफ्रीका के कुछ हिस्सों में बदलती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सम्मेलन को फिलहाल टालने का फैसला लिया गया है। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो के साउथ किवु प्रांत समेत अफ्रीका के कई इलाकों में इबोला वायरस के मामले सामने आए हैं। भारत और अफ्रीकी संघ चौथे इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट की तैयारियों में जुटे थे। हालांकि हालात की समीक्षा के बाद दोनों पक्षों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमता मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। सरकार ने कहा कि सम्मेलन की नई तारीख आपसी परामर्श के बाद तय की जाएगी। यह फैसला भारत और अफ्रीकी संघ आयोग के चेयरपर्सन के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया। दोनों पक्षों ने सहमति जताई कि मौजूदा परिस्थितियों में सम्मेलन बाद में आयोजित करना उचित रहेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मध्य अफ्रीका के कुछ हिस्सों में फैले इबोला प्रकोप को अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित किया है।

# ईरान-अमेरिका वार्ता में उभरा नया ताकतवर चेहरा

## ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी समझौते और युद्ध पर रणनीति तय करने वाले अहम नेताओं में शामिल

**तेहरान।** अमेरिका के साथ जारी युद्धविराम और परमाणु वार्ता के बीच ईरान में एक कट्टरपंथी सैन्य चेहरे का प्रभाव तेजी से बढ़ता दिख रहा है। ईरान की रिवोल्यूशन. री गार्ड के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी अब अमेरिका के साथ संभावित समझौते और युद्ध खत्म करने को लेकर रणनीति तय करने वाले सबसे अहम नेताओं में शामिल माने जा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, वहीदी उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जो ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के सीधे संपर्क में हैं। बताया जा रहा है कि फरवरी में इजरायली हमलों में घायल होने के बाद खामेनेई सार्वजनिक जीवन से दूर हैं। ऐसे में ईरान की सत्ता के भीतर प्रभाव और नियंत्रण को लेकर खींचतान तेज हो गई है। अहमद वहीदी लंबे समय से ईरान की सुरक्षा और सैन्य रणनीति का अहम चेहरा रहे हैं। युद्ध शुरू होने से कुछ हफ्ते पहले तक वह सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आए थे। हालांकि गुरुवार को ईरानी अखबारों में उनकी तस्वीरें सामने आईं, जिनमें वह तेहरान में पाकिस्तान के गृह मंत्री से मुलाकात करते दिखे। बताया गया कि पाकिस्तान की ओर से अमेरिका के साथ वार्ता को लेकर संदेश पहुंचाया गया था। वहीदी पर वर्षों से कई बड़े आतंकी हमलों में शामिल होने के आरोप लगते रहे हैं। उन पर 1994 में अर्जेंटीना के यहूदी सामुदायिक केंद्र पर हुए बम धमाके में भूमिका निभाने का आरोप है, जिसमें 85 लोगों की मौत और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इसके अलावा 1996 में सऊदी अरब के खोबर टावर्स पर हुए हमले में भी उनका नाम जोड़ा गया, जिसमें 19 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। हालांकि ईरान ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है। इस साल युद्ध के शुरुआती दौर में अपने पूर्ववर्ती की मौत के बाद वहीदी को रिवोल्यूशन. री गार्ड की कमान सौंपी गई थी। अब वह ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य ताकत का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसके पास बैलिस्टिक मिसाइलों का बड़ा जखीरा और फारस की खाड़ी में सक्रिय नौसैनिक क्षमता है। विश्लेषकों का मानना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर दबाव बनाने और वैश्विक तेल आपूर्ति को प्रभावित करने की रणनीति में वहीदी की अहम भूमिका है। वाशिंगटन स्थित इंस्टीटयूट फार द स्टडी आफ वार का कहना है कि वहीदी और उनके करीबी लोगों ने न सिर्फ युद्ध से जुड़ी सैन्य रणनीति बल्कि अमेरिका के साथ वार्ता की नीति पर भी नियंत्रण मजबूत कर लिया है।

■ अहमद वहीदी लंबे समय से ईरान की सुरक्षा और सैन्य रणनीति का अहम चेहरा रहे हैं



# कैरेबियन सागर पहुंचा यूएसएस निमित्ज

■ अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव ने अब सैन्य मोर्चे पर भी हलचल बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव ने अब सैन्य मोर्चे पर भी हलचल बढ़ा दी है। अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस निमित्ज अपने स्ट्राइक ग्रुप के साथ कैरेबियन सागर में पहुंच गया है। यह जानकारी श्द हिलश की एक रिपोर्ट में सामने आई है। यह तैनाती ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा के प्रति अपनी बयानबाजी तेज कर दी है और इस द्वीपीय राष्ट्र के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस तैनाती का उद्देश्य क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को मजबूत करना है। अमेरिकी नौसेना के इस शक्तिशाली स्ट्राइक ग्रुप में एफ/ए-18ई सुपर हार्नेट लड़ाकू विमान, ईए-18जी ग्रोवलर इलेक्ट्रानिक युद्धक विमान और सी-2 ग्रेहाउंड सपोर्ट एयरक्राफ्ट शामिल हैं। इसके साथ यूएसएस ग्रिडली विध्वंसक युद्धपोत और पटक्सेंट ईंधन आपूर्ति पोत भी मौजूद हैं। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यूएसएस निमित्ज ने ताइवान जलडमरूमध्य से लेकर अरब की खाड़ी तक, स्थिरता सुनिश्चित करते हुए और लोकतंत्र की रक्षा करते हुए दुनिया भर में अपनी युद्ध क्षमता साबित की है। 1975 में कमीशन किए गए इस एयरक्राफ्ट कैरियर ने हाल ही में रियो डी जनेरियो के तट पर ब्राजील की नौसेना के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लिया था।

# सिर्फ जन्मजात अमेरिकी नागरिक ही संभालें सत्ता

## रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस ने संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव पेश किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्राकृतिक रूप से नागरिकता हासिल करने वाले लोगों के अधिकारों को लेकर नई बहस छिड़ गई है। रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस ने एक संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें प्राकृतिक रूप से अमेरिकी नागरिक बने लोगों को कांग्रेस सदस्य, संघीय न्यायाधीश और सीनेट की पुष्टि वाले महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त होने से रोकने की मांग की गई है।

इस प्रस्ताव को लेकर डेमोक्रेटिक नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और इसे नस्लवादी, घृणित और विदेशी मूल के लोगों के खिलाफ बताया है। प्राकृतिक रूप से नागरिकता का मतलब है कि कोई व्यक्ति जन्म से उस देश का नागरिक न हो, लेकिन बाद में कानूनी प्रक्रिया पूरी करके उस देश की नागरिकता हासिल कर ले। साउथ कैरोलिना की सांसद मेस ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि उन्होंने लंबे समय से लंबित संवैधानिक संशोधन पेश किया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति बनने के लिए पहले से ही नेचुरल बार्न सिटिजन यानी जन्म से अमेरिकी नागरिक होना जरूरी है, इसलिए यही नियम कांग्रेस, संघीय अदालतों और सीनेट से मंजूर होने वाले पदों पर भी लागू होना चाहिए। मेस ने अपने पोस्ट में डेमोक्रेटिक सांसदों इल्हान उमर, प्रमिला जयपाल और थानेदार की तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें उमर सोमा. लियाई मूल की अमेरिकी हैं, जबकि जयपाल और थानेदार भारतीय मूल के नेता हैं। मेस ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका के कानून लिखने वाले, न्यायाधीशों की पुष्टि करने वाले और दुनिया के सामने अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों की निष्ठा सिर्फ अमेरिका के प्रति होनी चाहिए, किसी दूसरे देश के प्रति नहीं। उन्होंने खास तौर पर इल्हान उमर का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ नेताओं की वफादारी अमेरिका से बाहर दिखाई देती है। हालांकि, इस प्रस्ताव का असर केवल डेमोक्रेट्स तक सीमित नहीं रहेगा। अमेरिका की कांग्रेस में ऐसे 26 सदस्य हैं जो विदेश में जन्मे हैं, जिनमें कुछ रिपब्लिकन सांसद भी शामिल हैं। डेमोक्रेटिक सांसदों ने इस प्रस्ताव की कड़ी आलोचना की। भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल ने इसे संकीर्ण सोच, विदेशी विरोधी मानसिकता और अमेरिका के इतिहास का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक नस्लवाद से प्रेरित है और कांग्रेस में इसकी कोई जगह नहीं होनी चाहिए।



■ मेस ने अपने पोस्ट में डेमोक्रेटिक सांसदों इल्हान उमर प्रमिला जयपाल और थानेदार की तस्वीरें भी साझा कीं

# ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ चीन-रूस मुखर

■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वर्चस्ववादी नीतियों की कड़ी निंदा की

**बीजिंग।** चीन-रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वर्चस्ववादी नीतियों की कड़ी निंदा की है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की शिखर वार्ता के बाद जारी साझा बयान में दोनों देशों ने खुद को बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था यानी ऐसी दुनिया के समर्थक के रूप में पेश किया, जहां किसी एक देश का दबदबा न हो।

जिनपिंग ने बिना अमेरिका का नाम लिए कहा कि दुनिया में एकाधिकार और वर्चस्ववादी प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं। दोनों देशों को मिलकर एकतरफा दादागिरी का विरोध करना चाहिए और अधिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। चीनी समकक्ष की इस बात को पुतिन ने रूस-चीन संबंधों के लिए अभूतपूर्व बताया। साथ ही कहा कि एक बहुकेंद्रित दुनिया बनाने की जटिल प्रक्रिया आकार ले रही है और रूस-चीन साझेदारी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में स्थिरता का बड़ा आधार है। पुतिन-जिनपिंग ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। बीजिंग में पुतिन के ग्रेट हाल ऑफ द पीपल में औपचारिक स्वागत के बाद उन्होंने कहा कि एकतरफा सैन्य कार्रवाई और लंबे समय तक चलने वाला युद्ध दुनिया को ऐसे दौर में ले जा सकता है, जहां अंतर्राष्ट्रीय नियम कमजोर पड़ जाएं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108